Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़



## फरवरी 2025

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry: +91-87501-87501
Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूंजीगत व्यय से तात्पर्य सरकार द्वारा बुनियादी ढाँचे, भवन, मशीनरी और उपकरण जैसी भौतिक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या सुधार के लिये आवंटित धन से है।
2. बज़ट में प्रस्तुत प्रभावी पूंजीगत व्यय में राज्यों एवं अन्य एजेंसियों को अनुदान के माध्यम से पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर सरकार द्वारा किया गया व्यय शामिल नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका स्रोत निचली हिमालयी श्रृंखलाओं में बंदरपूंछ शिखरों के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर स्थित यमुनोत्री ग्लेशियर में है।
2. यह प्रयागराज में संगम पर गंगा से मिलती है।
3. चंबल, सिंध, बेतवा और केन इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सी नदी उपरोक्त विवरण से सही मेल खाती है?**

A. यमुना
B. नर्मदा
C. बेटा
D. गंडक

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरिया भारत में नाइट्रोजन (N) की आपूर्ति करने वाला प्रमुख उर्वरक है, जबकि डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) भारत में फास्फोरस (P) की आपूर्ति करने वाला प्रमुख उर्वरक है।
2. आदर्श रूप से, नाइट्रोजन से फॉस्फोरस (N:P) उपयोग अनुपात 2:1 होना चाहिये, लेकिन पंजाब और हरियाणा में यह बढ़कर लगभग 4:1 हो गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य अपव्यय को कम कर तथा गैर-ऋण राजस्व को बढ़ाकर राजस्व घाटे को 5% तक लाना है।
2. सरकार को वार्षिक लक्ष्य प्रस्तुत करना होगा तथा जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए प्रगति के बारे में संसद को नियमित रूप से सूचना देनी होगी।
3. अधिनियम में युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं या गंभीर आर्थिक मंदी जैसी आपात स्थितियों के मामले में लक्ष्य से विचलन के प्रावधान शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत-भूटान व्यापार, वाणिज्य और पारगमन समझौते पर वर्ष 1972 में हस्ताक्षर किये गये थे, जिसका उद्देश्य तीसरे देशों को भूटानी निर्यात के लिये मुक्त व्यापार व्यवस्था और शुल्क मुक्त पारगमन स्थापित करना था।

**कथन-II:** भारत भूटान का प्रमुख व्यापार साझेदार है, जो वर्ष 2022-23 में भूटान के कुल व्यापार का लगभग दो-तिहाई हिस्सा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पिछले दशक में, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में भारत का स्वास्थ्य सेवा व्यय लगातार कम हुआ है।
2. भारत में हृदय रोग (CVD) मृत्यु और विकलांगता का प्रमुख कारण है, जो कुल मौतों में से लगभग एक तिहाई के लिये जिम्मेदार है।
3. ई-संजीवनी एक राष्ट्रीय डॉक्टर-टू-डॉक्टर टेलीमेडिसिन सेवा है जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारंपरिक भौतिक परामर्श का विकल्प प्रदान करने का प्रयास करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**7. तरलता कवरेज अनुपात (LCR) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LCR एक अनुपात है जो वित्तीय संस्थाओं द्वारा धारित उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों (HQLA) के अनुपात को मापता है।
2. LCR को वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद बेसल III सुधारों के भाग के रूप में पेश किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**8. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अर्द्ध-विधायी और अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो विनियमों का प्रारूप तैयार कर सकता है, जाँच कर सकता है, फैसले पारित कर सकता है और दंड लगा सकता है।
2. प्रतिभूति कानून (संशोधन) अधिनियम, 2014 के द्वारा SEBI 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक मूल्य की किसी भी मनी पूलिंग योजना को विनियमित कर सकता है तथा गैर-अनुपालन की स्थिति में संपत्ति जब्त कर सकता है।
3. SEBI अध्यक्ष को "सर्च एंड सीज़ ऑपरेशन" का आदेश देने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**9. आर्थिक सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक प्रभाग द्वारा तैयार किया जाता है।
2. आर्थिक सर्वेक्षण सर्वप्रथम 1950-51 में बजट के भाग के रूप में प्रस्तुत किया गया था और वर्ष 1964 में यह केंद्रीय बजट से अलग प्रलेख बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**10. पोटोमैक नदी, जो हाल ही में जन-समाचार में थी, निम्नलिखित में से किस देश में अवस्थित है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. कनाडा

C. मेक्सिको

D. ब्राज़ील

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में घरेलू कामगारों के लिये कोई समर्पित केंद्रीय कानून नहीं है।

**कथन-II:** राष्ट्रीय घरेलू कामगार नीति, 2019 का उद्देश्य एजेंसियों को विनियमित करना और पारिश्रमिक, सामाजिक सुरक्षा और लाभ सहित श्रमिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**12. अल्पसंख्यकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में अल्पसंख्यक शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है।
2. अनुच्छेद 29 केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को संरक्षण प्रदान करता है।
3. अनुच्छेद 30 के अंतर्गत संरक्षण केवल भाषाई अल्पसंख्यकों तक ही सीमित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवलदो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** समान नागरिक संहिता (UCC) को संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के भाग के रूप में उल्लिखित किया गया है।

**कथन-II:** अंग्रेज़ों ने भारत में एक समान आपराधिक कानून स्थापित किये, जबकि कुटुंब कानूनों की संवेदनशील प्रकृति के कारण उन्हें मानकीकृत करने से परहेज़ किया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या सही नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**14. कुष्ठ रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो "माइकोबैक्टीरियम लेप्री" नामक बैक्टीरिया के कारण होता है।
2. भारत ने सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में कुष्ठ रोग का उन्मूलन कर लिया है।
3. विश्व कुष्ठ दिवस प्रतिवर्ष जनवरी के अंतिम रविवार को मनाया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**15. निपुण (समझ और अंकगणित के साथ पठन में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल) भारत योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था और इसका उद्देश्य 3 से 9 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों की सीखने की ज़रूरतों को पूरा करना है।
2. इसे NEP (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) 2020 के एक भाग के रूप में लॉन्च किया गया था।
3. केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तत्वावधान में इसके कार्यान्वयन के लिये पाँच स्तरीय कार्यान्वयन तंत्र स्थापित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**16. निम्नलिखित में से कौन से देश दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) समूह का हिस्सा हैं?**

1. म्याँमार
2. ब्रुनेई
3. बांग्लादेश
4. लाओस

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. 1, 2 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, 3 और 4

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा देश है।
2. इसकी अटलांटिक महासागर के साथ एक छोटी सी तटरेखा है।
3. यह उत्तर में मध्य अफ्रीकी गणराज्य और दक्षिण सूडान से, पूर्व में युगांडा, रवांडा, बुरुंडी और तंज़ानिया से तथा दक्षिण-पूर्व में जाम्बिया से घिरा हुआ है।

**निम्नलिखित में से कौन सा देश उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक सुमेलित है?**

A. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)

B. अंगोला

C. सूडान

D. चाड

**18. केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है, जिसके अंतर्गत 100 कम कृषि उत्पादकता वाले ज़िलों में सिंचाई तथा फसल-उपरांत भंडारण सुविधाएँ बढ़ाई जाएँगी।
2. कौशल, निवेश और प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि संबंधी अल्परोज़गार की समस्या को दूर करने के लिये राज्यों के साथ मिलकर 'ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
3. तूर, उड़द और मसूर पर केंद्रित एक 6-वर्षीय मिशन शुरू किया जाएगा, जिससे जलवायु-अनुकूल बीज और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होंगे।
4. मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्द्धन को बढ़ाने के लिये बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**19. केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा उन कंपनियों के लिये 74% से बढ़ाकर 100% कर दी जाएगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं।
2. प्रतिस्पर्द्धी सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2025 में राज्यों के लिये निवेश मित्रता सूचकांक पेश किया जाएगा
3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एक 'ग्रामीण क्रेडिट स्कोर' ढाँचा तैयार करेंगे, जिससे स्वयं सहायता समूह के सदस्य और ग्रामीण उधारकर्त्ता औपचारिक ऋण सुविधाओं तक अधिक कुशलतापूर्वक पहुँच बना सकेंगे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**20. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2018 में लॉन्च की गई इस योजना के तहत द्वितीयक और तृतीयक देखभाल के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) इसके कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायित्व है।
3. केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग वर्कर्स को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के तहत शामिल किये जाने की घोषणा की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**21. वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक प्रमुख रिपोर्ट है।
2. वर्ष 2005 में शुरू की गई यह परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक प्रवृत्तियों और चुनौतियों को ट्रैक किया जाता है तथा इसके कवरेज, फोकस और आवृत्ति को अनुकूलित किया जाता है।
3. आँगनवाड़ी केंद्र पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के मुख्य प्रदाता हैं, जहाँ 3 से 4 वर्षीय आयु वर्ग के आधे से अधिक बालक नामांकित होते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**22. प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) पद प्राय: समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है ?**

A. बेहतर अवसरों हेतु उच्च कुशल पेशेवरों का अन्य देशों में प्रवास।
B. डिजिटल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग के कारण संज्ञानात्मक क्षमताओं का ह्रास।
C. शहरी प्रवास के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यबल पर प्रतिकूल प्रभाव।
D. STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) क्षेत्रों में छात्र नामांकन संख्या में कमी।

**23. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) कॉम्पैक्ट तथा निर्माण में आसान परमाणु रिएक्टर हैं, जिनमें से प्रत्येक 300 मेगावाट से कम बिजली उत्पन्न करता है।
2. SMR प्रायोगिक हैं, इनमें उच्च पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है तथा लाभप्रदता अनिश्चित होती है, तथा ये उच्च श्रेणी के यूरेनियम पर निर्भर होते हैं, जिसके कारण इन्हें पुन: ईंधन की कम आवश्यकता होती है।
3. केंद्रीय बजट 2025-26 में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) पर शोध करने तथा वर्ष 2033 तक पाँच स्वदेशी इकाइयों को चालू करने के लिये एक नया 'परमाणु ऊर्जा मिशन' पेश किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**24. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय सामान्यत: नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण का अपराध जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की जाँच करता है।
2. न्यायालय की स्थापना, जुलाई, 1998 में अपनाई गई रोम संविधि के तहत की गई थी, तथा न्यायालय की स्थापना वर्ष 2003 में हुई थी।
3. अंग्रेज़ी, फ्रेंच, अरबी, चीनी और रूसी के साथ हिंदी भी न्यायालय की छह आधिकारिक भाषाओं में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**25. प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2019 में सौर ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र को बदलने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था।
2. यह मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाता है, तथा विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UT) के अनुरोधों के आधार पर क्षमता आवंटित करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**26. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) गठित करने का अधिकार है।
2. MPC को वर्ष में कम से कम चार बार बैठक करनी आवश्यक है।
3. MPC के प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है तथा वोट बराबर होने की स्थिति में गवर्नर के पास दूसरा या निर्णायक वोट होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सरकार मानसिक विकारों के बढ़ते बोझ और क्षेत्र में योग्य पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिये वर्ष 1982 से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) को लागू कर रही है।

**कथन-II:** मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 मानसिक बीमारियों से पीड़ित लोगों के अधिकारों की रक्षा, संवर्धन और पूर्ति हेतु सेवाएँ प्रदान करने हेतु कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**28. प्रायः समाचारों में आने वाले पद तत्माडॉ का सर्वोत्तम वर्णन किया जा सकता है:**

A. म्याँमार का सशस्त्र बल (सेना, नौसेना और वायु सेना), जो राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा का कार्य करती हैं।

B. एक राष्ट्रीय विधायी निकाय जो लोकतांत्रिक चुनावों और विधि निर्माण के माध्यम से देश के राजनीतिक परिदृश्य को नियंत्रित करता है।

C. एक अंतरराष्ट्रीय संगठन जो विश्व के शरणार्थियों और विस्थापित व्यक्तियों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिये समर्पित है।

D. देशों के बीच एक प्रकार का राजनयिक करार जिसका उद्देश्य व्यापार को विनियमित करना और विवादों का समाधान करना है।

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चक्रवर्ती समिति की रिपोर्ट में मूल्य स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये मौद्रिक लक्ष्यीकरण और लचीली ब्याज दरों की सिफारिश की गई थी।
2. उर्जित पटेल समिति की रिपोर्ट (2014) ने भारत में मुद्रास्फीति लक्ष्य को आकार दिया तथा इसमें 2% की सीमा के साथ 4% के लक्ष्य निर्धारण का सुझाव दिया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**30. मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की जाती है।
2. इसकी पदावधि पाँच वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, निश्चित होती है।
3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से केवल संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान ही हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**31. उपकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपकर एक प्रकार का कर है जो उत्पाद शुल्क या आयकर जैसे मौजूदा कर के अतिरिक्त लगाया जाता है, तथा इससे प्राप्त राजस्व को किसी विशेष उपयोग के लिये निर्धारित किया जाता है।
2. उपकर आमतौर पर एक विशिष्ट समयावधि, या जब तक सरकार निर्दिष्ट उद्देश्य के लिये पर्याप्त धनराशि एकत्र नहीं कर लेती, के लिये लगाया जाता है।
3. संविधान में उपकरों को मान्यता नहीं दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. असैन्य परमाणु दायित्व कानून परमाणु दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिये मुआवजा सुनिश्चित करते हैं तथा परमाणु क्षति के लिये दायित्व निर्धारित करते हैं।
2. न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवजा राशि निर्धारित करने के लिये पूरक मुआवजे पर व्यापक अभिसमय (CSC) को वर्ष 1997 में अपनाया गया था।
3. परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम (CLNDA), 2010 परमाणु संयंत्र संचालक पर सख्त और दोषरहित दायित्व का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1988 में की गई थी।
2. इसने व्यापक समानांतर प्रसंस्करण पर आधारित सुपर कंप्यूटर विकसित किये हैं।
3. यह भारत में AI चिप्स के लिये भारत के चिप-डिजाइन प्रयास का नेतृत्व करेगा।

**निम्नलिखित में से कौन सा निकाय उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम सुमेलित है?**

A. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)

B. उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (C-DAC)

C. इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्द्धन परिषद (ESC)

D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), मद्रास

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**34. आधार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार की ओर से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा जारी की गई 12 अंकों की व्यक्तिगत पहचान संख्या है।
2. यह भारत में कहीं भी पहचान, नागरिकता और पते के प्रमाण के रूप में कार्य करता है।
3. विदेशी नागरिकों को आधार कार्ड जारी नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**35. यूरोज़ोन शब्द, जो प्रायः समाचारों में देखा जाता है, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. साझा सरकार वाला यूरोपीय देशों का एक राजनीतिक संघ।
B. यूरोपीय देशों का एक समूह जो यूरो को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में उपयोग करते है।
C. यूरोपीय देशों के बीच एक मुक्त व्यापार क्षेत्र जिसमें कोई आर्थिक नीति नहीं है।
D. एक ऐसा क्षेत्र जहाँ यूरोपीय देश व्यापार के लिये अलग-अलग मुद्राएँ अपनाते हैं।

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चलनिधि कवरेज अनुपात (LCR) वह अनुपात है जो वित्तीय संस्थानों द्वारा धारित उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों (HQLA) के अनुपात को मापता है।
2. 18.00% का सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) जमाराशि का वह न्यूनतम प्रतिशत है जिसे वाणिज्यिक बैंक को नकदी, सोना या प्रतिभूतियों जैसी तरल/चल परिसंपत्तियों के रूप में धारित करना होता है।
3. आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) के अंतर्गत वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि (NDTL) रखनी होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित है तथा दक्षिण-पश्चिम में मिस्र एवं उत्तर व पूर्व में इज़रायल के साथ इसकी सीमा लगती है।
2. यह विश्व में सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ 2 मिलियन से अधिक निवासी एक छोटे से क्षेत्र में निवास करते हैं।
3. "ओपन एयर प्रिज़न" पद का प्रयोग शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा इसकी स्थिति को दर्शाने हेतु व्यापक रूप से किया गया है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होता है ?**

A. गाज़ा पट्टी
B. पश्चिमी तट
C. साइप्रस
D. लेबनान

**38. यमुना नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तरी भारत में गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
2. इसका स्रोत निम्न हिमालय पर्वतमाला में बंदरपूँछ पर्वतमाला के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर यमुनोत्री हिमनद में है।
3. चंबल, सिंध, बेतवा और केन इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे 'भारत का रत्न' कहा था।
2. इसके निवासी इसे 'कांगलेईपाक' या 'सनलेईपाक' (स्वर्ण भूमि) के नाम से जानते हैं।
3. यह उत्तर में नगालैंड, पश्चिम में असम, दक्षिण-पश्चिम में मिज़ोरम तथा पूर्व और दक्षिण-पूर्व में म्याँमार से घिरा हुआ है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य उपरोक्त विवरण से सही सुमेलित है?**

A. मणिपुर
B. जम्मू कश्मीर
C. सिक्किम
D. मेघालय

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 के तहत केंद्र सरकार को परमाणु ऊर्जा पर विशेष अधिकार प्राप्त है।
2. परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) भारत में परमाणु उद्योग के भीतर सुरक्षा मानकों और अनुपालन के लिये ज़िम्मेदार है
3. भारत परमाणु अप्रसार संधि (NPT) पर हस्ताक्षरकर्त्ता है, क्योंकि वह भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के तहत अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के सुरक्षा उपायों का पालन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**41. नकबा, छह दिवसीय युद्ध और टू -स्टेट सोल्यूशन पद प्राय: समाचारों में किस संदर्भ में देखे जाते हैं?**

A. सीरियाई गृह युद्ध
B. इज़रायल-फिलिस्तीनी संघर्ष
C. खाड़ी युद्ध
D. अरब स्प्रिंग

**42. संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (USAID) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1961 में विदेशी सहायता अधिनियम, 1961 के तहत एक स्वतंत्र एजेंसी के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य वैश्विक मानवीय और विकास सहायता प्रदान करना था।
2. 1960 के दशक से भारत में इसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है तथा शिक्षा, टीकाकरण, एचआईवी/टीबी की रोकथाम, पोलियो उन्मूलन और बाल स्वास्थ्य से संबंधित पहलों में इसका समर्थन है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऐतिहासिक रूप से, आयातित कोयले की तुलना में भारतीय कोयले में राख की मात्रा अधिक तथा कैलोरी मान कम होता है।
2. भारतीय कोयले में सामान्यत: अन्य कोयले की तुलना में सल्फर की मात्रा कम होती है।
3. कोयला वाशिंग एक पूर्व-दहन प्रक्रिया है जो उत्सर्जन को कम करने के लिये राख और सल्फर जैसी अशुद्धियों को हटाकर कोयले की गुणवत्ता में सुधार करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विकासशील देशों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य का योगदान 46% है, इसलिये खाद्य कीमतों को नियंत्रित करना समग्र मुद्रास्फीति के प्रबंधन के लिये महत्त्वपूर्ण है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**कथन-II:** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचे से खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने का सुझाव दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत वैश्विक जहाज़ निर्माण में शीर्ष स्थान रखता है, जिसकी हिस्सेदारी 50% से अधिक है, उसके बाद चीन का स्थान है।

**कथन-II:** जहाज़ निर्माण भारत की नीली अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है, जिसमें मत्स्य पालन, बंदरगाह विकास और समुद्री पर्यटन शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की व्याख्या नहीं करता है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**46. एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित प्रणाली है।
2. यह उपयोगकर्त्ताओं या व्यापारियों को अपने बैंक ऐप के माध्यम से एक सरल संदेश भेजकर दूसरों से धन का अनुरोध करने की सुविधा प्रदान करता है।
3. UPI केवल भारत में उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153 में प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल की नियुक्ति का प्रावधान है, जिसके तहत एक ही व्यक्ति को एक से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में कार्य करने की अनुमति है।
2. राज्य की कार्यकारी शक्ति राज्यपाल में निहित है, जिसका प्रयोग सीधे या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से कर सकता है।
3. विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में गवर्नर की भूमिका की उत्पत्ति वर्ष 1854 के वुड्स डिस्पैच में देखी जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** लिविंग विल (एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव) रोगियों को उनकी उपचार संबंधी इच्छाओं को दस्तावेजित करने की अनुमति प्रदान करता है, जिससे जीवन के अंतिम निर्णयों में गरिमा सुनिश्चित होती है।

**कथन-II:** कॉमन *कॉज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2018 ने* भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान के साथ मृत्यु के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी तथा अग्रिम चिकित्सा निर्देशों या 'लिविंग विल' के उपयोग को वैध बनाया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की व्याख्या नहीं करता है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**49. मौद्रिक नीति समिति द्वारा बेंचमार्क रेपो दर में कटौती का संभावित प्रभाव क्या है?**

1. इससे उधार लेने की लागत कम हो सकती है और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है।
2. इससे रुपए पर अधोगामी दबाव बढ़ सकता है।
3. रेपो दर में कटौती से मुद्रास्फीति तुरंत कम हो जाएगी।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) का पतन लगभग 1800 ईसा पूर्व हुआ लेकिन इसके पतन के वास्तविक कारण अभी भी चर्चा का विषय हैं।

**कथन-II:** पश्चातवर्ती संस्कृतियों में, IVC के विभिन्न अवशेष पाए गए जो यह सुझाव देता है कि इस सभ्यता का किसी आक्रमण के कारण आकस्मिक विलोपन नहीं हुआ।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे अपने अनोखे मॉस नेस्टिंग के निर्माण के लिये जाने जाते हैं जिसे अरिबाडा कहा जाता है।
2. वे प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर के उष्ण जल में पाए जाते हैं।
3. इन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के अंतर्गत संरक्षित किया गया है।

**निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है?**

A. ऑलिव रिडले टर्टल

B. डुगोंग

C. ब्लू व्हेल

D. मंता रे

**52. संवैधानिक नैतिकता के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लोकतंत्र में मात्र पाठ्य व्याख्या से परे संवैधानिक मानदंडों के पालन, संप्रभुता, सामाजिक न्याय और समानता को अपनाने का प्रतीक है।
2. भारतीय संविधान के भाग III में इसका स्पष्ट उल्लेख है।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने संवैधानिक नैतिकता की तुलना "द्वितीय बुनियादी ढाँचे के सिद्धांत" से की तथा मनमानी शक्ति पर लगाम लगाने में इसके महत्त्व पर प्रकाश डाला।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**53. निपुण भारत, जिसे प्रायः समाचारों में देखा जाता है, का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिये एक राष्ट्रीय पहल।

B. एक सरकारी कार्यक्रम जिसका उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और अंकगणित कौशल को बढ़ाना है।

C. विनिर्माण क्षेत्र में कौशल विकास के लिये एक डिजिटल मंच।

D. यह योजना भारत में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढाँचे में सुधार पर केंद्रित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 356 भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 93 पर आधारित है।
2. अनुच्छेद 356 के अनुसार, संवैधानिक तंत्र की विफलता के आधार पर भारत के किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है।
3. राष्ट्रपति शासन लगाने के लिये संसदीय अनुमोदन आवश्यक है और इसे दो माह के अंदर संसद के दोनों सदनों में साधारण बहुमत से पारित किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**55. अक्सर समाचारों में आने वाला शब्द 'डॉन्की रूट' का सबसे अच्छा वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है ?**

A. मध्य एशिया में व्यापारियों द्वारा गधों से वस्तु परिवहन के लिये उपयोग किया जाने वाला एक पारंपरिक व्यापार मार्ग।
B. यह एक अवैध आव्रजन मार्ग है जिसका उपयोग प्रवासियों द्वारा असुरक्षित एवं अनाधिकारिक मार्गों से विदेशों में प्रवेश करने के लिये किया जाता है।
C. यह एक सैन्य रणनीति है जिसके तहत दुर्गम इलाकों में रसद हेतु गधों का उपयोग किया जाना शामिल है।
D. यह एक संरक्षण पहल है जिसका उद्देश्य अफ्रीका में जंगली गधों की आबादी की रक्षा करना है।

**56. सिंधु घाटी लिपि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस लिपि की खोज 1920 के दशक में सर जॉन मार्शल की टीम ने की थी और आज भी इसे पढ़ा नहीं जा सका है।
2. यह मुहरों, टेराकोटा की पट्टियों एवं धातु पर अंकित है जिसमें चित्रलेख तथा पशु या मानव आकृतियाँ हैं।
3. इसके तहत सामान्यत: दाएँ से बाएँ लिखे गए लंबे वाक्यों में कभी-कभी बौस्ट्रोफेडॉन लिपि का प्रयोग किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से मृत्युदंड को असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है।
2. संविधान के अनुच्छेद 72 के अंतर्गत कोई भी अपराधी भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका प्रस्तुत कर सकता है।
3. संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत राज्यों के राज्यपालों को क्षमादान की शक्ति प्रदान की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**58. QUAD के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक अनौपचारिक गठबंधन है जिसका उद्देश्य एक खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देना है।
2. QUAD जलवायु परिवर्तन अनुकूलन एवं शमन पैकेज (Q-CHAMP) हरित शिपिंग गलियारों, स्वच्छ ऊर्जा सहयोग तथा जलवायु सूचना सेवाओं पर केंद्रित है।
3. हाल ही में सभी चार सदस्य देशों द्वारा क्वाड मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व बैंक विश्व की अर्थव्यवस्थाओं को चार आय समूहों में वर्गीकृत करता है, निम्न, निम्न-मध्यम, उच्च-मध्यम और उच्च-आय वाले देश।
2. ये वर्गीकरण प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को अद्यतन किये जाते हैं तथा ये गत वर्ष के मौजूदा अमेरिकी डॉलर में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (GNI) पर आधारित होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** मौद्रिक नीति राजकोषीय नीति से भिन्न होती है जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा प्रबंधित किया जाता है और यह भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यय और कराधान को मापता है।

**कथन-II:** मौद्रिक नीति का निर्माण और प्रबंधन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा देश की समग्र मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिम एशिया में एक स्थलरुद्ध क्षेत्र है।
2. इसमें पश्चिमी मृत सागर का एक प्रमुख भाग शामिल है।
3. यह इज़रायल और जॉर्डन के बीच स्थित है।

**निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. वेस्ट बैंक
B. गाज़ा पट्टी
C. गोलन हाइट्स
D. सिनाई प्रायद्वीप

**62. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को प्रति वित्तीय वर्ष 100 दिनों का रोज़गार उपलब्ध कराना है।
2. वेतन चाहने वालों में कम-से-कम एक तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये।
3. यदि 15 दिनों के भीतर रोज़गार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है जो पहले 30 दिनों के लिये मज़दूरी दर का एक-चौथाई और शेष के लिये कम-से-कम आधा होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**63. ऑपरेशन जैकपॉट अक्सर किस संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है?**

A. वर्ष 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान एक गुप्त अभियान।
B. जम्मू और कश्मीर में भारत द्वारा चलाया गया आतंकवाद विरोधी अभियान।
C. यूरोपीय संघ के नेतृत्व में अपतटीय कर पनाहगाहों पर वित्तीय कार्रवाई।
D. ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिये एक साइबर खुफिया पहल शुरू की गई।

**64. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 (ISFR) हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)
B. भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI)
C. भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (ICFRI)
D. इनमे से कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**65. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

| **अनुच्छेद** | **विषय** |
|---|---|
| अनुच्छेद 355 | बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्यों का संरक्षण संघ का कर्त्तव्य |
| अनुच्छेद 356 | किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता की स्थिति में राष्ट्रपति शासन |
| अनुच्छेद 365 | संघ के निर्देशों का पालन करने में राज्य की विफलता के परिणाम |
| अनुच्छेद 352 | युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**66. संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (UNCLOS), 1982 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, जो समुद्री क्षेत्रों में राज्य के अधिकार क्षेत्र के लिये रूपरेखा निर्धारित करता है।
2. यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है, अर्थात् आंतरिक जल, प्रादेशिक समुद्र, सन्निहित क्षेत्र, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और उच्च समुद्र।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**67. अब्राहम एकॉर्ड, जो प्राय: समाचारों में आता है, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से इज़रायल और फिलिस्तीनी अधिकारियों के बीच शांति समझौता।

B. संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में इज़रायल और विभिन्न अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने वाले समझौतों की एक शृंखला।

C. मध्य पूर्व में खतरों का मुकाबला करने के लिये इज़रायल और नाटो के बीच एक रक्षा समझौता।

D. क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिये इज़राइल और ईरान के बीच आर्थिक सहयोग ढाँचा।

**68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विकासशील देशों में सार्वजनिक ऋण विकसित देशों की तुलना में दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

**कथन-II:** भारत ने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के दौरान विकासशील देशों के बढ़ते ऋण को संबोधित करने के लिये ग्लोबल साउथ के लिये एक व्यापक और मानव-केंद्रित "वैश्विक विकास समझौता" का प्रस्ताव रखा।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा भारत के खुदरा भुगतान बुनियादी ढाँचे का प्रबंधन किया जाता है।
2. तत्काल भुगतान सेवा (IMPS) के माध्यम से मोबाइल-आधारित अंतर-संचालनीय निधि अंतरण सेवा मिलती है, जिसमें धन प्रेषक और लाभार्थी दोनों को तत्काल भुगतान की पुष्टि मिलती है।
3. यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) लेनदेन का निपटान IMPS के माध्यम से किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**70. निम्नलिखित में से कौन सा अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) की स्थापना के प्राथमिक उद्देश्य का सबसे बेहतर वर्णन करता है?**

A. घरेलू बैंकिंग और बीमा सहित भारत भर में सभी वित्तीय सेवाओं को विनियमित करना।

B. भारत के ऑफशोर वित्तीय केंद्रों के तहत वित्तीय सेवाओं को बढ़ावा देना और विनियमित करना, जिससे वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता में वृद्धि हो।

C. भारत में प्राथमिक वित्तीय नियामक के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का स्थान लेना।

D. भारत में केवल शेयर बाज़ार परिचालन (अन्य वित्तीय सेवाओं को छोड़कर) की देखरेख करना।

**71. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय बजट 2025 में मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन और विपणन को बढ़ावा देने के लिये बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है।
2. वर्ष 2022 में 'मिथिला मखाना' को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग मिला।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT अधिनियम) की धारा 69A केंद्र सरकार को सूचना तक सार्वजनिक पहुँच को अवरुद्ध करने का अधिकार देती है।

**कथन-II:** *श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ,* (2015) में सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 69A की संवैधानिकता को बरकरार रखा।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**73. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 6.2 देशों के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के आधार पर कार्बन क्रेडिट के व्यापार हेतु द्विपक्षीय समझौतों की अनुमति देता है।
2. पेरिस एग्रीमेंट क्रेडिटिंग मैकेनिज्म का उद्देश्य एक केंद्रीकृत, संयुक्त राष्ट्र-प्रबंधित कार्बन उत्सर्जन ऑफसेट और व्यापार प्रणाली विकसित करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार देश के 36% से अधिक वन क्षेत्र में आग लगने की संभावना है।

**कथन-II:** वनाग्नि रोकथाम एवं प्रबंधन योजना (FFPMS) एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो राज्य सरकारों को उनकी वनाग्नि निवारण एवं प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने में सहायता करती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

75. **NotPetya, WannaCry, DoS और DDoS शब्द प्राय: समाचारों में किस संदर्भ में देखे जाते हैं:**

A. अंतरिक्ष अन्वेषण और उपग्रह संचार

B. साइबर सुरक्षा खतरे और साइबर हमले

C. जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय खतरे

D. वित्तीय बाज़ार के रुझान और आर्थिक नीतियाँ

76. **निम्नलिखित में से कौन प्रतिस्पर्द्धी संघवाद की विशेषता नहीं है?**

A. राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय और नियामक शक्तियों को केंद्रीकृत कर आर्थिक निर्णय लेने में राज्यों की भूमिका को कम करता है।

B. राज्यों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नीतियों को अनुकूलित करने की अनुमति देकर, विकास, निवेश और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देकर आर्थिक दक्षता को प्रोत्साहित करता है।

C. चूँकि राज्य व्यवसायों और निवासियों को आकर्षित करने के लिये शासन मॉडल, विनियमन और सेवा वितरण के साथ प्रयोग करते हैं इसलिये नीतिगत नवाचार को बढ़ावा मिलता है।

D. राज्यों को प्रतिस्पर्द्धी बने रहने के लिये राजस्व संग्रह और उत्तरदायित्वपूर्ण व्यय के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता के माध्यम से राजकोषीय अनुशासन में सुधार करता है।

77. **बजट 2025-26 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निर्यात दस्तावेज़ीकरण को सुव्यवस्थित करने और नौकरशाही संबंधी देरी को कम करने के लिये माल और सेवा कर नेटवर्क (GSTN) और बैंकों जैसे प्रमुख अभिकर्त्ताओं को एकीकृत करने के लिये एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म भारतट्रेडनेट (BTN) लॉन्च किया गया है।
2. बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा उन कंपनियों के लिये 74% से बढ़ाकर 100% कर दी जाएगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

78. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विहान कुमार बनाम हरियाणा राज्य मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि हिरासत में लिये गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित करने में कानून प्रवर्तन अधिकारी की निष्क्रियता, संविधान का उल्लंघन है और इसलिये यह अवैध है।

**कथन-II:** संविधान के अनुच्छेद 22(1) के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के कारणों के बारे में तुरंत सूचित किया जाना चाहिये और उसे अपनी पसंद के कानूनी विशेषज्ञ से परामर्श करने एवं बचाव करने का अधिकार होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

79. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** दिवालियापन एक ऐसी स्थिति है जहाँ किसी व्यक्ति या संगठन की देनदारियाँ उसकी संपत्ति से अधिक हो जाती हैं और वह संस्था अपने दायित्वों या ऋणों को पूरा करने के लिये पर्याप्त नकदी जुटाने में असमर्थ होती है क्योंकि उनका भुगतान बकाया हो जाता है।

**कथन-II:** दिवाला और दिवालियापन संहिता (IBC), 2016 का उद्देश्य दिवालियापन समाधान के लिये समयबद्ध और ऋणदाता-संचालित प्रक्रिया प्रदान करने के साथ देश में ऋण संस्कृति तथा कारोबारी माहौल में सुधार करना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वस्तु एवं सेवा कर (GST) 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम से लागू किया गया एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है।
2. GST परिषद एक वैधानिक निकाय है जो भारत में GST के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**81. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कार्बन बाज़ार पद को सुपरिभाषित करता है:**

A. एक बाज़ार आधारित दृष्टिकोण जो कैप-एंड-ट्रेड प्रणाली के माध्यम से उत्सर्जन को कम करने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करता है।

B. एक ऐसी प्रणाली जिसमें व्यक्तियों और संगठनों पर उनके कार्बन उत्सर्जन के आधार पर प्रत्यक्ष कर लगाया जाता है।

C. एक कार्यक्रम जिसमें सरकार ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये वित्तीय सब्सिडी प्रदान करती है।

D. सरकार द्वारा लगाया गया यह नियम कंपनियों को बिना किसी वित्तीय प्रोत्साहन के अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये बाध्य करता है।

**82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI) की परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उच्च आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन के लिये की गई थी।

**कथन-II:** PLI योजना के तहत, घरेलू और विदेशी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के लिये पाँच वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर वित्तीय पुरस्कार प्राप्त होते हैं।

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**83. निम्नलिखित में से कौन नॉर्डिक-बाल्टिक आठ (NB-8) देशों का सदस्य है?**

1. डेनमार्क
2. फिनलैंड
3. एस्टोनिया
4. लातविया
5. फ्राँस

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1, 4 और 5

C. केवल 1, 2, 3 और 4

D. 1, 2, 3, 4 और 5

**84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं, जिन्हें बेहतर सुरक्षा और दक्षता के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिनकी विद्युत उत्पादन क्षमता 30 मेगावाट (मेगावाट विद्युत) से लेकर 300 मेगावाट तथा उससे भी अधिक है।
2. भारत में असैन्य परमाणु दायित्व पर कोई कानून नहीं है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**85. राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025 हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया गया था?**

A. नीति आयोग

B. भारतीय रिज़र्व बैंक

C. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)

D. भारतीय आर्थिक सलाहकार परिषद्

**86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** विद्युत संरक्षण अधिनियम, 2001 और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के आधार पर, भारत ने कार्बन क्रेडिट सर्टिफिकेट का व्यापार करके ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS) आरंभ की।

**कथन-II:** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) और भारतीय कार्बन बाज़ार के लिये राष्ट्रीय संचालन समिति (NSCICM) कठोर निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्बन क्रेडिट की अखंडता सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**87. प्राय: समाचारों में रहने वाले ई-श्रम पोर्टल को कौन-सा विकल्प सुपरिभाषित करता है:**

A. भारत में कॉर्पोरेट श्रमिकों को संगठित करने के लिये बनाया गया एक मंच।

B. भारत में असंगठित श्रमिकों को पंजीकृत करने और लाभ प्रदान करने के लिये एक सरकारी पहल।

C. संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये स्वास्थ्य बीमा संबंधी दावों की निगरानी और ट्रैक करने की प्रणाली।

D. प्रौद्योगिकी उद्योग में कामगारों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये एक पोर्टल।

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 200 यह निर्धारित करता है कि जब राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कोई विधेयक राज्यपाल की स्वीकृति के लिये प्रस्तुत किया जाता है, तो उसके पास उपलब्ध विकल्प क्या होंगे।
2. अनुच्छेद 201 राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिये आरक्षित विधेयकों से संबंधित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**89. तदर्थ न्यायाधीशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये न्यायालय में अस्थायी न्यायाधीश होते हैं, जिन्हें आमतौर पर विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये नियुक्त किया जाता है, जैसे लंबित मामलों को कम करना या स्थायी न्यायाधीशों की अनुपस्थिति में रिक्तियों को भरना आदि।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 201, राष्ट्रपति की स्वीकृति से किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अस्थायी रूप से सेवा देने के लिये उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को नियुक्त करने की अनुमति देता है।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वप्रथम लोक प्रहरी बनाम भारत संघ मामले, 2021 में अपने वर्ष 2021 के फैसले में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति का समर्थन किया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हरिकेन की संभाव्यता वह ऊष्मा मात्रा है, जो महासागरों में 26 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान सीमा के ऊपर संचित होती है।
2. हरिकेन की संभाव्यता विषुवत रेखा के आसपास स्थित सभी ज्ञात चक्रवात उत्पत्ति क्षेत्रों में उष्णकटिबंधीय महासागरों में उपलब्ध और अनुकूल रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**91. पनामा नहर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पनामा में एक कृत्रिम जलमार्ग है जो अटलांटिक महासागर को हिंद महासागर से जोड़ता है।
2. यह पनामा के इस्तमुस को पार करते हुए समुद्री व्यापार के लिये एक मार्ग प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**92. वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक, 2025 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
B. जर्मनवाच
C. विश्व संसाधन संस्थान (WRI)
D. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)

**93. लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों (SRM) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. ये उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी विद्युत क्षमता 300 मेगावाट प्रति यूनिट तक है, जो परंपरागत परमाणु रिएक्टरों की क्षमता का लगभग एक तिहाई है।
2. इनके डिज़ाइन में उन्नत सुरक्षा विशेषताएँ शामिल हैं, जो अनियंत्रित रेडियोधर्मी पदार्थ उत्सर्जन के जोखिम को कम करती हैं।
3. SRM को 90% से अधिक क्षमता कारकों के साथ 40-60 वर्षों तक संचालित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुद्रा का अधिमूल्यन और अवमूल्यन विदेशी मुद्रा बाज़ार में अन्य मुद्राओं के सापेक्ष किसी मुद्रा के मूल्य में होने वाले परिवर्तन को संदर्भित करता है।
2. वर्ष 2013 के बाद से भारत के अतिरिक्त सभी उभरते बाज़ारों की मुद्राओं की डॉलर के मुकाबले स्थिति कमज़ोर हुई है, क्योंकि इस अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनेक संकट आए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**95. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत सरकार ने लेखापरीक्षा नियामक के रूप में कार्य करने के लिये कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132(1) के तहत 2018 में NFRA की स्थापना की।
2. इसमें एक अध्यक्ष और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त अधिकतम पंद्रह सदस्य होते हैं।
3. इसके खाते की निगरानी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नहीं की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**96. वक्फ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मुस्लिम कानून द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, पवित्र या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये चल या अचल संपत्ति का स्थायी समर्पण है।
2. वे धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये हैं और स्थायी हैं।
3. वे या तो सार्वजनिक हो सकते हैं, धर्मार्थ प्रयोजनों के लिये, या निजी हो सकते हैं, जिससे संपत्ति के मालिक के प्रत्यक्ष वंशजों को लाभ होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोर मुद्रास्फीति के तहत खाद्य एवं ईंधन जैसी अस्थिर वस्तुओं को छोड़कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापा जाता है।
2. ओपन मुद्रास्फीति से तात्पर्य सरकार की ओर से किसी भी दमनात्मक उपाय के बिना मूल्य स्तरों में वृद्धि होने से है।
3. आधार प्रभाव किसी चर की वृद्धि दर में विकृति है जो पिछले वर्ष की समान अवधि में असामान्य रूप से उच्च या निम्न मूल्य के कारण होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**98. राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद 356) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके दौरान, राज्य कार्यकारिणी को बर्खास्त कर दिया जाता है तथा राज्य विधानमंडल को या तो निलंबित कर दिया जाता है या भंग कर दिया जाता है।
2. इसके प्रभाव में बने रहने की अधिकतम तीन वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है।
3. इसकी घोषणा या इसे जारी रखने का अनुमोदन करने वाला संसद का प्रत्येक प्रस्ताव केवल विशेष बहुमत से ही पारित किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**99. तीस्ता नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और बांग्लादेश से प्रवाहित होने वाली ब्रह्मपुत्र की एक सहायक नदी है।
2. यह नदी सिक्किम के चुनथांग के निकट हिमालय से निकलती है तथा बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**100. राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित "राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन" का उद्देश्य सूक्ष्म, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करना है तथा मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिये पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर ज़ोर दिया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. यह स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण को समर्थन देगा तथा इसका उद्देश्य घरेलू मूल्य संवर्द्धन में सुधार लाना तथा सौर पी.वी. सेल, ई.वी. बैटरी और मोटर के लिये पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**101. प्राय: समाचारों में रहने वाला पद 'सागर द्वीप' कहाँ स्थित है?**

A. पश्चिम बंगाल
B. ओडिशा
C. आंध्रप्रदेश
D. तमिलनाडु

**102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत वैवाहिक बलात्कार एक अपराध नहीं है, लेकिन एक महिला यौन शोषण, अपमान या गरिमा के उल्लंघन के लिये घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत अनुतोष की मांग कर सकती है।

**कथन-II:** नवतेज सिंह जौहर मामला, 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने सहमति से समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करते हुए IPC की धारा 377 को आंशिक रूप से रद्द कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**103. समाचारों में अक्सर देखा जाने वाला शब्द डीप स्टेट का सबसे अच्छा वर्णन किया जा सकता है:**

A. नीति को प्रभावित करने और निर्वाचित अधिकारियों को कमज़ोर करने वाले अभिजात वर्ग का एक नेटवर्क है।
B. एक सरकारी नीति जो गहरे समुद्र में अन्वेषण और महासागरीय संसाधनों को नियंत्रित करती है।
C. एक प्रकार की राजनीतिक अभियान रणनीति जो सामाजिक मीडिया सहभागिता पर केंद्रित होती है।
D. पृथ्वी की गहरी भू-वैज्ञानिक परतों से संबंधित एक वैज्ञानिक सिद्धांत।

**104. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सहकारी बैंक ऐसे वित्तीय संस्थान हैं जिनका स्वामित्व एवं संचालन उनके सदस्यों द्वारा किया जाता है, जो बैंक के ग्राहक भी होते हैं।
2. भारत में सहकारी बैंक संबंधित राज्य के सहकारी समिति अधिनियम या बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत होती हैं।
3. वित्त मंत्रालय बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 और 23 के प्रावधानों के तहत शहरी सहकारी बैंकों के बैंकिंग कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से विनियमित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**105. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

| प्रकार | प्रक्रिया |
|---|---|
| **बायोमाइनिंग** | बैक्टीरिया या कवक जैसे सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके धातुओं का निष्कर्षण। |
| **इलेक्ट्रोकाइनेटिक प्रौद्योगिकी** | विद्युत बलों का उपयोग करके दुर्लभ मृदा तत्त्वों के निष्कर्षण की पर्यावरण-अनुकूल विधि। |
| **रैट-होल माइनिंग** | संकीर्ण सुरंगों का उपयोग करके खतरनाक, श्रम-गहन कोयला खनन विधि। |

**उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**106. मिशन 500, कॉम्पैक्ट और ट्रस्ट शब्द अक्सर किस संदर्भ में समाचारों में देखे जाते हैं:**

A. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका
B. भारत और यूनाइटेड किंगडम
C. भारत और इज़रायल
D. भारत और चीन

**107. मुद्रा के मूल्यह्रास के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुद्रा मूल्यह्रास का तात्पर्य अस्थिर विनिमय दर प्रणाली में मुद्रा के मूल्य में गिरावट से है।
2. मूल्यह्रास तब होता है जब किसी देश का केंद्रीय बैंक एक निश्चित या अर्द्ध-निश्चित विनिमय दर में अपनी विनिमय दर को कम करने का सचेत निर्णय लेता है।
3. मुद्रा अवमूल्यन से देश की निर्यात गतिविधि को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि उसके उत्पाद और सेवाएँ सस्ती हो जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय कानून के तहत ऐसी सामग्री को अश्लील माना जाता है यदि यह "अशिष्ट" या "यौन रुचि" को आकर्षित करने वाली है। इसमें भारतीय न्याय संहिता (BNS) और सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 के तहत अलग-अलग दंड के प्रावधान हैं।

**कथन-II:** भारतीय न्यायालयों ने पुराने हिक्लिन परीक्षण (जिसके तहत सबसे अधिक प्रभावित होने वाले समूह के आधार पर अश्लीलता का आकलन किया जाता था) को "सामुदायिक मानक परीक्षण" से प्रतिस्थापित किया है, जिसमें समग्र मूल्यांकन पर बल दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**109. नाभिकीय ऊर्जा के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नाभिकीय ऊर्जा ग्रिड स्थिरता में योगदान के साथ गहन डीकार्बोनाइजेशन में भी योगदान देती है।
2. अन्य ऊर्जा स्रोतों के विपरीत यह उच्च क्षमता प्रदान करती है, मौसम की स्थिति से स्वतंत्र रूप से संचालित होती है तथा इसके लिये काफी कम भूमि की आवश्यकता होती है।
3. नाभिकीय संयंत्रों की परिचालन अवधि लंबी होती है और जीवन चक्र उत्सर्जन कम होता है, जो उन्हें भारत के ऊर्जा परिवर्तन के लिये महत्त्वपूर्ण बनाते हैं।
4. केंद्रीय बजट 2025-26 में नाभिकीय ऊर्जा मिशन शुरू करने की घोषणा की गई, जो छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के अनुसंधान और विकास (R&D) पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**110. निम्नलिखित में से कौन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) का सदस्य है?**

1. स्लोवाकिया
2. तुर्किये
3. फिनलैंड
4. स्वीडन

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 4
C. केवल 2, 3, और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**111. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

| रिवोल्यूशन | देश |
|---|---|
| रोज़ रिवोल्यूशन (2003) | नेपाल |
| ऑरेंज रिवोल्यूशन (2004) | यूक्रेन |
| ट्यूलिप रिवोल्यूशन (2005) | किर्गिज़स्तान |

**उपरोक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**112. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के पेरिस समझौते के तहत भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2005 से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने की प्रतिबद्धता जताई है।
2. भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 50% संचयी विद्युत स्थापित क्षमता प्राप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**113. प्रतिभूति विनिमय कर (STT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2004 में लागू किया गया, STT सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के स्टॉक एक्सचेंजों पर होने वाले लेन-देन और रिडीम किये गए इक्विटी म्यूचुअल फंड यूनिट्स पर लगाया जाता है।
2. यह केंद्र सरकार के आयकर का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जो वस्तु एवं सेवा कर (GST) के बाद दूसरा सबसे बड़ा राजस्व स्रोत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**114. प्रायः समाचारों में रहने वाला डिजिटल एनर्जी ग्रिड (DEG) को निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सुपरिभाषित करता है?**

A. एक प्रणाली जो ऊर्जा उत्पादक संस्थाओं को विशिष्ट पहचान प्रदान करती है, मानक डेटा प्रारूपों का उपयोग करती है, और डेटा पोर्टेबिलिटी व सबूत के साथ छेड़छाड़ से सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक नेटवर्क बनाती है।
B. ऊर्जा व्यापार के लिये एक विकेंद्रीकृत मंच, जो विद्युत उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच लेन-देन के लिये क्रिप्टोकरेंसी पर निर्भर करता है।
C. एक भौतिक ग्रिड अवसंरचना जो डिजिटल निगरानी या डेटा विनिमय की आवश्यकता के बिना विभिन्न ऊर्जा स्रोतों को जोड़ती है।
D. एक सरकारी नियंत्रित प्रणाली जो निजी ऊर्जा प्रदाताओं को समाप्त कर देती है तथा समस्त ऊर्जा उत्पादन और वितरण को केंद्रीकृत करती है।

**115. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय अकाल आयोग (1901) के नेतृत्व में वर्ष 1904 में प्रथम सहकारी ऋण समिति अधिनियम पारित किया गया।
2. 97वें संविधान संशोधन अधिनियम 2011 ने सहकारी समितियाँ बनाने के अधिकार को अनुच्छेद 19 के तहत मौलिक अधिकार के रूप में स्थापित किया।
3. बहु-राज्य सहकारी समितियाँ (संशोधन) अधिनियम, 2022 ने बहु-राज्य सहकारी समितियों में बोर्ड चुनावों की देखरेख के लिये सहकारी चुनाव प्राधिकरण की शुरुआत की।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**116. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (EC) को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान वेतन प्राप्त होता है तथा वे छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, सेवारत् रहते हैं।
3. मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को पुन: नियुक्त नहीं किया जा सकता है, और यदि कोई चुनाव आयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त बन जाता है, तो उसका कुल कार्यकाल छह वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सत्य है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**117. अक्सर समाचारों में आने वाले स्थान डोनेट्स्क, खार्किव और लिप्सी निम्नलिखित में से किस देश में स्थित हैं ?**

A. रूस

B. यूक्रेन

C. बेलोरूस

D. पोलैंड

**118. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 355 केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि प्रत्येक राज्य, संविधान के अनुसार कार्य करे।
2. यदि कोई राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य करने में विफल रहती है तो केंद्र सरकार अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाकर हस्तक्षेप कर सकती है।
3. अनुच्छेद 365 के अनुसार यदि कोई राज्य केंद्र के निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है तो राष्ट्रपति यह घोषणा कर सकते हैं कि राज्य की सरकार संवैधानिक रूप से कार्य नहीं कर पा रही है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बागवानी, कृषि की वह शाखा है जिसमें पौधों की गहन खेती की जाती है, जिनका उपयोग मनुष्यों द्वारा भोजन, औषधीय तथा सौंदर्य प्रयोजनों के लिये प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है।
2. भारत बागवानी उत्पादों का सबसे बड़ा उत्पादक है, जहाँ वैश्विक स्तर पर फल और सब्जी का आधे से अधिक उत्पादन होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**120. राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025 निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित किया गया ?**

A. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार

B. नीति आयोग

C. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

D. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**121. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विवर्तनिकी प्लेट, महाद्वीपीय और महासागरीय प्लेटों द्वारा निर्मित ठोस चट्टान का एक विशाल, अनियमित आकार का स्लैब है।
2. विवर्तनिकी प्लेटें स्थिर नहीं होती हैं, बल्कि ये दुर्बलतामंडल पर क्षैतिज रूप से चलायमान होती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

3. महासागरीय प्लेटें सघन बेसाल्टिक चट्टानों से निर्मित होती हैं तथा अभिसारी सीमाओं पर महाद्वीपीय प्लेटों के नीचे धँसी होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**122. समग्र शिक्षा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्री-स्कूल से लेकर बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा से संबंधित एक एकीकृत योजना है, जिसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी एवं समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।
2. इसमें 'सर्व शिक्षा अभियान' (SSA), 'राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान' (RMSA) और 'शिक्षक शिक्षा' (TE) की तीन योजनाओं को समाहित किया गया है।
3. इस योजना का मुख्य बल दो T (टीचर और टेक्नोलॉजी) पर ध्यान केंद्रित करके स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**123. किसान उत्पादक संगठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एफपीओ एक किसान-आधारित उत्पादक संगठन है और लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC), FPO के संवर्द्धन में सहायता प्रदान करता है।
2. FPO को केवल सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**124. वित्तीय प्रणाली को हरित बनाने हेतु नेटवर्क (NGFS) का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. वित्तीय संस्थाओं का एक वैश्विक नेटवर्क जो सतत् ऊर्जा प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
B. केंद्रीय बैंकों का एक नेटवर्क जो जलवायु जोखिमों को वित्तीय स्थिरता नीतियों में एकीकृत करने के लिये समर्पित है।
C. सरकारों का एक गठबंधन जो बाज़ार विनियमन के माध्यम से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने पर कार्य कर रहा है।
D. हरित वित्तीय उत्पादों के विकास को समर्थन देने के लिये निजी निगमों द्वारा एक पहल।

**125. डिपॉज़िट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (DICGC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में बैंकों के लिये जमा बीमा (डिपॉज़िट इंश्योरेंस) और क्रेडिट गारंटी के रूप में कार्य करता है।
2. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसके द्वारा शासित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**126. निम्नलिखित में से कौन-सी आरक्षित मुद्रा की प्रमुख विशेषता नहीं है?**

1. अन्य मुद्राओं में सरलता से संसंपरिवर्तनीय
2. समय के साथ स्थिर मूल्य

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. घरेलू लेनदेन में विशेष उपयोग
4. अंतरराष्ट्रीय व्यापार में व्यापक स्वीकार्यता

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

**127. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजकोषीय सुदृढ़ीकरण से तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन से है।
2. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 का उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करने और राजकोषीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिये सरकार में वित्तीय सुदृढ़ीकरण स्थापित करना था।
3. एन.के. सिंह समिति, 2016 ने राजकोषीय नीति की देखरेख के लिये स्वतंत्र सदस्यों वाली एक स्वायत्त राजकोषीय परिषद के गठन की सिफारिश की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय संचार (NC) एक विस्तृत रिपोर्ट है जो हर दस वर्ष में प्रस्तुत की जाती है, जबकि द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (BUR) एक छोटी अद्यतन रिपोर्ट है जो प्रत्येक दो वर्ष में प्रस्तुत की जाती है।
2. UNFCCC के 16वें सम्मेलन (COP) में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक दो वर्ष में एक द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (BUR) प्रस्तुत की जाएगी।
3. राष्ट्रीय संचार (NC) रिपोर्ट को वर्ष 1992 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन द्वारा अनिवार्य किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**129. ऑपरेशन ग्रीन, जो प्राय: समाचारों में रहता है, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. कृषि उपज की कीमतों को स्थिर करने और किसानों की आय बढ़ाने की एक योजना।
B. शहरी क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की एक सरकारी पहल।
C. यह कार्यक्रम संपूर्ण देश में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया है।
D. यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे में सुधार पर केंद्रित है।

**130. निम्नलिखित में से कौन-से देश खाड़ी सहयोग परिषद् (GCC) के सदस्य हैं?**

1. सऊदी अरब
2. कतर
3. कुवैत
4. ईरान

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 2, 3 और 4

**131. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वॉशिंगटन संधि, जो 4 अप्रैल 1949 को हस्ताक्षरित हुई, ने आधिकारिक रूप से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) की स्थापना की।
2. वॉशिंगटन संधि को अपनी अधिकारिता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 से प्राप्त होती है, जो स्वतंत्र राज्यों के व्यक्तिगत या सामूहिक रक्षा के मौलिक अधिकार की पुन: पुष्टि करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

3. "NATO के निर्णय" सभी 32 सदस्य देशों की सामूहिक इच्छा की अभिव्यक्ति है, क्योंकि सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**132. राज्यपाल के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में प्रावधान है कि राज्यपाल अपनी कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग केवल अनुच्छेद 154 के अंतर्गत मंत्रिपरिषद् की सलाह पर ही कर सकता है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद-200 किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल के समक्ष स्वीकृति के लिये प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है।
3. अनुच्छेद 201 के अनुसार, जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिये सुरक्षित रखा जाता है, तो राष्ट्रपति उसे स्वीकृति दे सकते हैं या स्वीकृति देने से इनकार कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**133. डिज़ाइन कानून संधि (DLT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य औद्योगिक डिज़ाइन संरक्षण के लिये प्रक्रियागत ढाँचे में सामंजस्य स्थापित करना, विभिन्न न्यायक्षेत्रों में पंजीकरण प्रक्रियाओं की दक्षता और पहुँच में सुधार करना है।
2. भारत इस संधि पर हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**134. नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायमूर्ति वी. बालकृष्ण एराडी की अध्यक्षता वाली एराडी समिति (2000) ने सर्वप्रथम NCLT के गठन की सिफारिश की थी।
2. इसकी स्थापना कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत की गई थी।
3. NCLT दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (CIRP) शुरू करने और उसकी देखरेख के लिये एक महत्त्वपूर्ण मंच है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**135. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मणिपुर उत्तर में नगालैंड, पश्चिम में असम और दक्षिण में मिज़ोरम से घिरा हुआ है।
2. मणिपुर को राज्य का दर्ज़ा वर्ष 1972 में प्राप्त हुआ।
3. भारत की धरती पर पहला स्वतंत्र भारतीय तिरंगा 14 अप्रैल 1944 को मणिपुर के मोइरांग में महात्मा गांधी द्वारा फहराया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (DICGC) भारत में बैंकों के लिये जमा बीमा और ऋण गारंटी के रूप में कार्य करता है।
2. DICGC पूर्णत: भारतीय बैंक संघ के स्वामित्व एवं प्रशासन में है।
3. वर्तमान में एक जमाकर्त्ता को प्रति खाता अधिकतम 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्राप्त होता है, जिसे 'जमा बीमा' के नाम से जाना जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**137. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत गठित एक वैधानिक संगठन है।
2. इसे वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ और कार्य भी सौंपे गए हैं।
3. जल गुणवत्ता निगरानी CPCB के कार्यों के दायरे में नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**138. समाचारों में अक्सर देखे जाने वाला "विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह" (PVTG) शब्द सर्वोत्तम रूप से इस प्रकार वर्णित किया जा सकता है:**

A. PVTG भारत में सबसे कमज़ोर जनजातीय समूह हैं, जिन्हें विशेष संरक्षण और विकास प्रयासों के लिये पहचाना गया है।
B. PVTG वे जनजातीय समूह हैं, जिन्होंने महत्त्वपूर्ण आर्थिक प्रगति हासिल की है और मुख्यधारा के समाज में एकीकरण किया है।
C. PVTG ऐसे समूह हैं, जिन्हें शुरू में विलुप्त माना गया था लेकिन वर्ष 1990 के दशक में उन्हें पुन: खोजा गया।
D. PVTG जनजातीय समूह हैं, जो केवल अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में रहते हैं।

**139. कैलाश पर्वत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह काले पत्थर से बनी हीरे के आकार की चोटी है, जो ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु और करनाली सहित एशिया की प्रमुख नदियों का स्रोत है।
2. यद्यपि इसकी ऊँचाई माउंट एवरेस्ट (8,849 मीटर) से कम है, फिर भी इस पर चढ़ाई नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके पवित्र महत्त्व के कारण इस पर चढ़ाई प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित है, जिसे किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता।
2. *नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ, 2018* में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संवैधानिक नैतिकता सार्वजनिक नैतिकता से वरीयता में ऊपर है, जो सामाजिक मानदंडों पर न्याय पर ज़ोर देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**141. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 120 संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा से संबंधित है।
2. अनुच्छेद 346 राज्यों के बीच तथा राज्यों और संघ के बीच संचार के लिये आधिकारिक भाषा निर्दिष्ट करता है।
3. अनुच्छेद 350A राज्यों को भाषाई अल्पसंख्यक समूहों के बालकों को शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा हेतु पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान किये जाने का निर्देश देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**142. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा पोलैंड से लगती है?**

1. जर्मनी
2. चेक रिपब्लिक
3. यूक्रेन
4. यूनाइटेड किंगडम

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 3 और 4
C. केवल 4
D. 1, 2, 3 और 4

**143. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें निर्माताओं के लिये पंजीकरण, रिपोर्टिंग और प्रमाणन आवश्यकताओं को निर्दिष्ट किया गया है लेकिन आयातकों को इससे छूट दी गई है।
2. इसमें बायोडिग्रेडेबल और कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के लिये प्रमाणन अनिवार्य किया गया है तथा उपभोक्ता-पूर्व प्लास्टिक कचरे की रिपोर्टिंग की आवश्यकता निर्धारित की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**144. बजट 2025-26 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र से संबंधित पहलों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. **वर्ष 2025 के बजट में MSME क्रेडिट कार्ड** लॉन्च किये गए, जो सूक्ष्म उद्यमों के लिये 5 लाख रुपए का क्रेडिट प्रदान करने पर केंद्रित हैं। जिसमें प्रथम वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे।
2. स्टार्टअप्स को समर्थन देने के क्रम में 10,000 करोड़ रुपए के साथ एक नया **फंड ऑफ फंड्स** स्थापित किया जाएगा।
3. राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन (NMM) का उद्देश्य स्वच्छ तकनीक विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए मेक इन इंडिया को समर्थन देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**145. यमुना नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लाखवार-व्यासी बाँध यमुना नदी पर स्थित है।
2. चंबल, सिंध, बेतवा और केन सभी यमुना नदी की सहायक नदियाँ हैं।
3. वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने फरवरी 2025 तक नदी को पीने योग्य जल मानकों तक पुनर्स्थापित करने की योजना बनाई।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**146. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वित्त वर्ष 26 (2025-26) में 6.3-6.8% तक बढ़ने का अनुमान है।
2. वित्त वर्ष 2025 में सेवा क्षेत्र को सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र माना गया है, जिसमें IT, वित्त और आतिथ्य क्षेत्र का योगदान है।
3. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (GNPA) वर्ष 2024 में बढ़कर 12 वर्ष के उच्च स्तर पर पहुँच गईं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**147. केंद्रीय बजट, 2025-26 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिये छह वर्षीय आत्मनिर्भरता मिशन की घोषणा की गई, जो घरेलू उत्पादन को सुदृढ़ करेगा।
2. संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के तहत ऋण सीमा ₹3 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख कर दी गई है।
3. बेहतर उपज के लिये वैज्ञानिक कृषि तकनीक और तकनीकी हस्तक्षेप को बढ़ाने के लिये कपास उत्पादकता के लिये पंचवर्षीय मिशन शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**148. 'न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSP कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर आधारित है।
2. भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है।
3. MSP-अधिदिष्ट फसलों में खरीफ सीज़न की 14 फसलें, 6 रबी फसलें और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**149. 'गुइलेन-बर्रे सिंड्रोम (GBS)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GBS एक गंभीर ऑटोइम्यून विकार है जो परिधीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, GBS केवल वायरल संक्रमण से पहले होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**150. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया।

**कथन-II:** मुंशी-अयंगर फार्मूला, केएम मुंशी और एन गोपालस्वामी अयंगर के बीच एक समझौता, जिसके परिणामस्वरूप संविधान के अनुच्छेद 343 में देवनागरी लिपि में हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया गया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

**151. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्तमान 10+2 प्रणाली को क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14 और 14-18 वर्ष की आयु के अनुरूप नई 5+3+3+4 पाठ्यक्रम संरचना द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना है।
2. इसने योग्यता-आधारित और समग्र मूल्यांकन के लिये PARAKH (समग्र विकास के लिये ज्ञान का प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और विश्लेषण) की शुरुआत की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**152. निम्नलिखित सुधारवादियों/नेताओं पर विचार कीजिये:**

A. ई.वी. रामास्वामी नायकर

B. टी.के.माधवन

C. के.पी. केशव मेनन

D. के. केलप्पन

**उपर्युक्त में से कितने/कितने वायकोम सत्याग्रह से जुड़े हैं, जिसे अप्रैल 1924 में भारत में 'अश्पृश्य' समुदायों के अधिकारों के लिये पहला संगठित आंदोलन माना गया ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**153. G-7 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. G-7 के सदस्यों ने 50 वें G-7 शिखर सम्मेलन के दौरान G-7 PGII (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिये साझेदारी) पहल को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है।
2. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) इटली में आयोजित G-7 शिखर सम्मेलन के दौरान की गई एक पहल है।
3. G-7 ने मध्य अफ्रीका में लोबिटो कॉरिडोर, लुज़ोन कॉरिडोर और मिडिल कॉरिडोर पर विरोध व्यक्त किया।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**154. शिक्षा पर गठित आयोग/समितियों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | शिक्षा पर गठित आयोग/समिति | | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|---|
| A. | कोठारी आयोग | 1. | 1990 |
| B. | राष्ट्रीय ज्ञान आयोग | 2. | 2005 |
| C. | राधाकृष्णन आयोग | 3. | 1948 |
| D. | राममूर्ति समिति | 4. | 1964 |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**155. एथिलीन ग्लाइकॉल और डाइएथिलीन ग्लाइकॉल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एथिलीन ग्लाइकॉल और डाइएथिलीन ग्लाइकॉल विषाक्त अल्कोहल हैं, जो स्वाद में कम मीठे होते हैं।
2. डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल मिलावटी पदार्थ हैं, जिनका अवैध रूप से तरल औषधियों में सस्ते विलायक के विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**156. भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं की सूची दी गई है।
2. इस अनुसूची के अंतर्गत 22 भाषाओं में से 6 को 'शास्त्रीय' भाषा का दर्जा दिया गया है।
3. आठवीं अनुसूची के अंतर्गत सूचीबद्ध पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**157. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मखाना बिहार का एक महत्त्वपूर्ण कृषि उत्पाद है, जो विश्व के उत्पादन का 80% से अधिक है।
2. केंद्रीय बज़ट वर्ष 2025-26 में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की गई है।
3. मिथिला मखाना को वर्ष 2022 में भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**158. 'केंद्रीय बजट 2025-26' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSME क्रेडिट गारंटी योजना का विस्तार किया गया है, जिसके तहत पाँच वर्षों में ₹1.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त ऋण सहायता प्रदान की जाएगी।
2. अटल टिंकरिंग लैब्स (ATLs) आगामी पाँच वर्षों में सरकारी स्कूलों में स्थापित की जाएँगी, जिससे STEM शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**159. 'राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बैंकिंग उद्योग का मार्गदर्शन करने के लिये ज़िला स्तर की ऋण योजनाएँ तैयार करता है।
2. यह सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) की निगरानी करता है ताकि उन्हें सुदृढ़ बैंकिंग प्रक्रियाओं के विकास में सहायता मिले और उन्हें कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS) प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा सके।
3. नाबार्ड की "क्लाइमेट स्ट्रैटेजी 2030" दस्तावेज़ भारत की हरित वित्तीय आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिये लक्षित है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**160. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CDSCO चिकित्सा उपकरण उद्योग के लिये भारत का राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण (NRA) है, जो औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के प्रावधानों द्वारा शासित है।
2. CDSCO देश में विशिष्ट महत्वपूर्ण दवाओं के लाइसेंस प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**161. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 1992 में भारत द्वारा बाल अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था।
2. अधिनियम के अनुसार, लड़के और लड़कियाँ दोनों यौन शोषण के शिकार हो सकते हैं और पीड़ित के लिंग की परवाह किये बिना ऐसा दुर्व्यवहार एक अपराध है।
3. यदि पीड़िता की आयु 16 वर्ष से कम है तो POCSO के तहत प्रवेशात्मक यौन हमले के लिये न्यूनतम सजा 10 वर्ष है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**162. निम्नलिखित में से कौन सा देश बेलारूस के साथ सीमा साझा नहीं करता है?**

A. लिथुआनिया
B. एस्टोनिया
C. पोलैंड
D. रूस

**163. उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MPC का सुझाव है कि आय में अतिरिक्त वृद्धि के साथ व्यक्ति में अधिक उपभोग करने की प्रवृत्ति होती है।
2. MPC गुणक प्रभाव का भी एक प्रमुख निर्धारक है जो निवेश या सरकारी व्यय में वृद्धि का प्रभाव है जिसके परिणामस्वरूप GDP में वृद्धि होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**164. अरलम फार्म और वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अरलम फार्म और वन्यजीव अभयारण्य एक सदाबहार और पर्णपाती वन क्षेत्र है।
2. यह पूर्वी घाट की ढलान पर स्थित है।
3. यह अभयारण्य वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की विस्तृत श्रृंखला का घर है और आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में एकमात्र वन्यजीव अभयारण्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**165. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और EFTA ने व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) से सर्वाधिक संवेदनशील कृषि उत्पादों तथा सोने के आयात को बाहर रखने पर सहमति व्यक्त की।
2. यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद भारत EFTA का 5वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**166. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सर्वोच्च न्यायालय ने अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ मामले, 2020 में दोहराया कि इंटरनेट शटडाउन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकारों का उल्लंघन है।

**कथन-II:** न्यायालय ने यह भी माना कि इंटरनेट के माध्यम से व्यापार एवं वाणिज्य की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19 के तहत संरक्षित नहीं है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**167. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PMMVY का लाभ प्रति परिवार एक बच्चे तक सीमित है, तथा दूसरे बच्चे के रूप में लड़की होने पर ही इसका लाभ दिया जाता है।
2. सरकारी नौकरी में कार्यरत या समान लाभ प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ (PW & LM) PMMVY के लिये अपात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2020 में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करने के लक्ष्य की अवधि वर्ष 2025 से बढ़ाकर 2030 कर दिया गया था।
2. वर्ष 2022 तक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब में देश में सबसे अधिक इथेनॉल संयंत्र हैं।
3. केंद्र सरकार के प्रदूषण मानदंडों के अनुसार, सभी इथेनॉल उत्पादन संयंत्रों और डिस्टिलरियों को 'लाल श्रेणी' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जो उच्च प्रदूषण स्तर को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**169. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IPCC की स्थापना विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने के लिये की गई थी।
2. अपनी स्थापना के बाद से, IPCC ने छह मूल्यांकन चक्र पूरे कर लिये हैं, तथा 2023 में इसका सातवां चक्र (AR7) शुरू हुआ।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उच्च परख निम्न संवर्द्धित यूरेनियम (HALEU) 25% से 50% के बीच संवर्द्धित यूरेनियम है, जो कई उन्नत परमाणु रिएक्टर डिजाइनों के लिये आवश्यक है।
2. वर्तमान में HALEU का उत्पादन केवल रूस और चीन में ही बड़े पैमाने पर किया जाता है, जबकि अमेरिका में इसका उत्पादन सीमित है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही

**171. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संशोधित RBI अधिनियम, 1934 के तहत, केंद्र सरकार को नीतिगत ब्याज दर निर्धारित करने के लिये MPC गठित करने का अधिकार है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. MPC में RBI गवर्नर, डिप्टी गवर्नर, बैंक का एक अधिकारी और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन व्यक्ति शामिल होंगे।
3. विशिष्ट परिस्थितियों के अतिरिक्त, MPC के निर्णय बैंक पर बाध्यकारी होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**172. थोरियम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?**

A. यह सामान्यत: आग्नेय चट्टानों और हैवी मिनरल सैंड में पाया जाता है।
B. पृथ्वी की सतह पर थोरियम, यूरेनियम से भी अधिक दुर्लभ है।
C. थोरियम का एकमात्र प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला समस्थानिक थोरियम-232 है, जो प्रकृति में विखंडनीय है।
D. भारत के पास यूरेनियम का सीमित संसाधन है लेकिन थोरियम का बड़ा भंडार है।

**173. प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PACS, राज्य सहकारी बैंकों (SCB) के नेतृत्व वाली त्रिस्तरीय सहकारी ऋण संरचना में अंतिम कड़ी के रूप में कार्य करती हैं।
2. PACS द्वारा किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियों के लिये अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**174. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये;**

1. यह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 द्वारा शासित है और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा प्रशासित है।
2. रक्षा क्षेत्र स्वचालित एवं सरकारी, दोनों ही मार्गों के तहत FDI के लिये अनुमति प्राप्त क्षेत्रों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**175. 'पंचायती राज संस्था (PRI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 से पंचायती राज संस्थाओं (PRI) को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ और PRI के दो स्तर स्थापित हुए।
2. 1977 में अशोक मेहता समिति ने ज़िला परिषद और मंडल पंचायत से युक्त दो स्तरीय पंचायत राज संस्थागत संरचना की अनुशंसा की।
3. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243H राज्य विधानसभाओं को पंचायतों को स्वायत्तशासी संस्थाओं के रूप में कार्य करने का अधिकार और शक्तियाँ प्रदान करने की शक्ति प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**176. निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिसीमन से तात्पर्य प्रत्येक राज्य में लोकसभा और विधान सभाओं के लिये सीटों की संख्या और प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया से है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. आयोग की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और यह भारत के निर्वाचन आयोग के सहयोग से कार्य करता है।
3. 84वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 में निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन 1991 की जनगणना के आधार पर न करके 2001 की जनगणना के आधार पर करने का प्रावधान किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नही नहीं

**177. 'स्टडी इन इंडिया ( SII ) योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SII योजना वर्ष 2018 में विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिये शुरू की गई थी, जिसमें छात्रवृत्ति और शुल्क छूट योजनाएँ शामिल थीं।
2. वैश्विक शिक्षा क्षेत्र में भारत की भूमिका को बढ़ाने के लिये भारतीय विश्वविद्यालयों को विदेशों में परिसर स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।
3. इस योजना का मूल उद्देश्य दो T अर्थात शिक्षक और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नही नहीं

**178. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुंभ मेले को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है।
2. यह गोदावरी (नासिक), शिप्रा (उज्जैन), गंगा (हरिद्वार) तथा गंगा, यमुना और सरस्वती (प्रयागराज) के संगम तट पर आयोजित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**179. 'संविधान की नौवीं अनुसूची' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान की नौवीं अनुसूची में केंद्रीय और राज्य कानूनों की एक सूची शामिल है जिन्हें न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती है।
2. यह अनुसूची संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 द्वारा संविधान में जोड़ी गई थी।
3. कृषि सुधार कानूनों की रक्षा एवं जमींदारी प्रथा को समाप्त करने के लिये अनुच्छेद 31A के साथ अनुच्छेद 31B को प्रस्तुत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**180. संघवाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संघवाद एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें शक्तियों को दो या अधिक स्तरों, जैसे केंद्र और राज्य के बीच विभाजित किया जाता है।
2. भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त एकल नागरिकता भारतीय राजनीतिक प्रणाली की संघीय विशेषता को प्रतिबिंबित करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट :**

181. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** भारत में संविधान के अनुसार जनगणना अनिवार्य है, लेकिन इसे प्रति दस वर्षों में आयोजित करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है।

**कथन-II:** भारतीय जनगणना अधिनियम, 1948 जनगणना के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है, हालाँकि इसमें इसके समय या आवधिकता का उल्लेख नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है ।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

182. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केरोजेन कार्बनिक पदार्थ के ढेर होते हैं और वे चट्टानी भूमिगत जल में हाइड्रोकार्बन का प्राथमिक स्रोत होते हैं।
2. केरोजेन तीन संभावित स्रोतों से एकत्रित हो सकता है - झील के अवशेष (लेकस्ट्राइन), समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र अथवा स्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्र।
3. केरोजेन उच्च तापमान पर पायरोलिसिस की प्रक्रिया से गुजरता है, जो बिटुमेन, तेल और गैस जैसे कम आणविक भार वाले उत्पादों में विघटित हो जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

## उत्तरमाला

| Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. | Q. No. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (C) | 2 | (A) | 3 | (D) | 4 | (A) |
| 5 | (B) | 6 | (B) | 7 | (C) | 8 | (D) |
| 9 | (C) | 10 | (A) | 11 | (B) | 12 | (A) |
| 13 | (B) | 14 | (D) | 15 | (C) | 16 | (A) |
| 17 | (A) | 18 | (D) | 19 | (C) | 20 | (C) |
| 21 | (B) | 22 | (A) | 23 | (A) | 24 | (B) |
| 25 | (C) | 26 | (A) | 27 | (B) | 28 | (A) |
| 29 | (C) | 30 | (B) | 31 | (A) | 32 | (D) |
| 33 | (B) | 34 | (A) | 35 | (B) | 36 | (C) |
| 37 | (A) | 38 | (C) | 39 | (A) | 40 | (A) |
| 41 | (B) | 42 | (C) | 43 | (D) | 44 | (B) |
| 45 | (D) | 46 | (B) | 47 | (C) | 48 | (A) |
| 49 | (A) | 50 | (B) | 51 | (A) | 52 | (B) |
| 53 | (B) | 54 | (C) | 55 | (B) | 56 | (D) |
| 57 | (C) | 58 | (B) | 59 | (C) | 60 | (B) |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | (A) | 62 | (C) | 63 | (A) | 64 | (B) |
| 65 | (D) | 66 | (C) | 67 | (B) | 68 | (B) |
| 69 | (C) | 70 | (B) | 71 | (C) | 72 | (B) |
| 73 | (D) | 74 | (B) | 75 | (B) | 76 | (A) |
| 77 | (C) | 78 | (A) | 79 | (B) | 80 | (A) |
| 81 | (A) | 82 | (A) | 83 | (C) | 84 | (A) |
| 85 | (A) | 86 | (B) | 87 | (B) | 88 | (D) |
| 89 | (A) | 90 | (C) | 91 | (A) | 92 | (B) |
| 93 | (C) | 94 | (A) | 95 | (B) | 96 | (C) |
| 97 | (C) | 98 | (B) | 99 | (D) | 100 | (C) |
| 101 | (A) | 102 | (B) | 103 | (A) | 104 | (B) |
| 105 | (C) | 106 | (A) | 107 | (B) | 108 | (B) |
| 109 | (D) | 110 | (D) | 111 | (B) | 112 | (C) |
| 113 | (A) | 114 | (A) | 115 | (C) | 116 | (B) |
| 117 | (B) | 118 | (D) | 119 | (A) | 120 | (B) |
| 121 | (C) | 122 | (D) | 123 | (A) | 124 | (B) |
| 125 | (C) | 126 | (A) | 127 | (C) | 128 | (B) |
| 129 | (A) | 130 | (B) | 131 | (C) | 132 | (D) |
| 133 | (A) | 134 | (C) | 135 | (A) | 136 | (B) |
| 137 | (B) | 138 | (A) | 139 | (C) | 140 | (A) |
| 141 | (C) | 142 | (A) | 143 | (B) | 144 | (D) |
| 145 | (B) | 146 | (A) | 147 | (C) | 148 | (D) |
| 149 | (A) | 150 | (A) | 151 | (C) | 152 | (D) |
| 153 | (A) | 154 | (B) | 155 | (C) | 156 | (A) |
| 157 | (C) | 158 | (D) | 159 | (D) | 160 | (A) |
| 161 | (A) | 162 | (B) | 163 | (D) | 164 | (B) |
| 165 | (C) | 166 | (C) | 167 | (C) | 168 | (A) |
| 169 | (C) | 170 | (B) | 171 | (A) | 172 | (B) |
| 173 | (A) | 174 | (C) | 175 | (A) | 176 | (A) |
| 177 | (A) | 178 | (C) | 179 | (D) | 180 | (A) |
| 181 | (B) | 182 | (C) | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट :**

# व्याख्या

**1. (C)**

**व्याख्या:**

- **पूंजीगत व्यय (कैपेक्स):**
  - यह **सरकार द्वारा** बुनियादी ढाँचों, इमारतों, मशीनरी और उपकरणों जैसी भौतिक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, विनिर्माण या सुधार हेतु आवंटित धन को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे **उत्पादक और विकास को बढ़ावा देने वाला माना जाता है** क्योंकि यह अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता में वृद्धि करता है तथा भविष्य में आय तथा रोज़गार उत्पन्न करता है।
  - भारत सरकार अपने **वार्षिक बज़ट के माध्यम से पूंजीगत व्यय का आवंटन करती है,** जिसे वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
- **प्रभावी पूंजीगत व्यय:**
  - बज़ट में प्रस्तुत पूंजीगत व्यय में राज्यों एवं अन्य एजेंसियों को अनुदान के माध्यम से पूंजीगत संपत्ति निर्माण पर **सरकार द्वारा किया गया खर्च शामिल नहीं है। अत: कथन 2 सही है।**
  - इन अनुदानों को बज़ट में **राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है,** लेकिन ये सड़क, सेतु, स्कूल, अस्पताल आदि जैसी अचल परिसंपत्तियों के निर्माण में भी योगदान देते हैं।
  - अत: केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक निवेश की वास्तविक सीमा को जानने के लिये 'प्रभावी पूंजीगत व्यय' की अवधारणा आरंभ की गई है।
  - प्रभावी पूंजीगत व्यय को पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिये अनुदान के योग के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**2. (A)**

**व्याख्या:**

**यमुना नदी**

- **यमुना नदी उत्तर भारत में गंगा** की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
- यह यमुना-गंगा मैदान का एक अभिन्न हिस्सा है, जो विश्व के सबसे विस्तृत जलोढ़ मैदानों में से एक है।
- इसका स्रोत निचली हिमालयी श्रृंखलाओं में बंदरपूंछ शिखरों के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर स्थित **यमुनोत्री ग्लेशियर में है।**
- यह नदी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से होकर प्रवाहित होने के बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित होता है) पर गंगा से मिलती है।
- चंबल, सिंध, बेतवा और केन इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**3. (D)**

**व्याख्या:**

- **यूरिया भारत में नाइट्रोजन (N) की आपूर्ति करने वाला प्राथमिक उर्वरक है,** जबकि डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) भारत में फॉस्फोरस (P) की आपूर्ति करने वाला प्रमुख उर्वरक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1992 में फॉस्फोरस (P) और पोटेशियम (K) उर्वरकों की कीमतों को नियंत्रण मुक्त करने से पहले, DAP से यूरिया का खुदरा मूल्य अनुपात 2:1 था, लेकिन **तदर्थ मूल्य निर्धारण और सब्सिडी नीतियों ने** P और K पर सब्सिडी में भारी कमी कर दी, जिससे यह अनुपात विकृत हो गया।
- पोषक **तत्व आधारित सब्सिडी (NBS) योजना,** 2010 में खुदरा उर्वरक कीमतों में अंतर-उत्पाद विकृतियों को ठीक करने के लिये आरंभ की गई थी, लेकिन 15 वर्ष बाद भी यूरिया को इस नीति में शामिल नहीं किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

- परिणामस्वरूप, यूरिया का खुदरा मूल्य लगभग अपरिवर्तित बना हुआ है, जबकि DAP की कीमत अब यूरिया से लगभग पाँच गुना अधिक है, और म्यूरेट ऑफ पोटाश (MOP) की लागत कम-से-कम छह गुना अधिक है, जिससे किसान यूरिया का अधिक उपयोग कर रहे हैं।
- इस मूल्य विकृति के परिणामस्वरूप अधिकांश प्रमुख राज्यों में **प्राथमिक पोषक तत्वों का असंतुलित उपयोग हुआ है।**
  - आदर्श रूप से, नाइट्रोजन से फॉस्फोरस (N:P) उपयोग अनुपात 2:1 होना चाहिये, लेकिन पंजाब और हरियाणा में यह लगभग 4:1 तक बढ़ गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन राज्यों में नाइट्रोजन से पोटेशियम (N:K) उपयोग अनुपात में भी समान असंतुलन मौजूद हैं।
  - इस प्रकार के असंतुलित उर्वरकों के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य, फसल उत्पादकता और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**4. (A)**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003:**

- 2000 के दशक की शुरुआत में भारत का राजकोषीय घाटा अधारणीय स्तर तक बढ़ गया था, जिससे आर्थिक स्थिरता के लिये खतरा उत्पन्न हो रहा था। सीमाएँ लगाने और पुनः संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से FRBM अधिनियम, 2003 प्रस्तुत किया गया था।
- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 एक ऐसी विधि है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार अपने घाटे और लोक ऋण का ज़िम्मेदारी से प्रबंधन करके **वित्तीय अनुशासन** बनाए रखे।
- वर्ष 2003 में अधिनियमित FRBM अधिनियम के तहत **सरकार को राजकोषीय घाटे,** राजस्व घाटे और सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में समग्र ऋण के लिये लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।
  - इसका लक्ष्य अर्थव्यवस्था को स्थिर रखना तथा यह सुनिश्चित करना है कि भावी पीढ़ियों पर ऋण का अत्यधिक बोझ न हो।
- **राजकोषीय घाटा लक्ष्य:**
  - इस अधिनियम के तहत सरकार को अपने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के एक निश्चित प्रतिशत तक कम करना अनिवार्य है। उदाहरण के लिये, इसे 3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।
  - इसका उद्देश्य अपव्यय को कम करके और गैर-ऋण राजस्व को बढ़ाकर **राजस्व घाटे** को समाप्त करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - सरकार को **वार्षिक लक्ष्य प्रस्तुत करने** होते हैं और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए प्रगति पर संसद को नियमित रूप से सूचना देनी होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अधिनियम में युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं या गंभीर आर्थिक मंदी जैसी आपात स्थितियों के मामले में **लक्ष्यों से विचलन के प्रावधान** शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**5. (B)**

**व्याख्या:**

- भारत-भूटान व्यापार, वाणिज्य और पारगमन समझौते पर वर्ष 1972 में हस्ताक्षर किये गए थे और अंतिम बार वर्ष 2016 में इसमें संशोधन किया गया था, जिसके तहत तीसरे देशों को भूटानी निर्यात के लिये **मुक्त व्यापार व्यवस्था और शुल्क मुक्त पारगमन** की स्थापना की गई थी। **अतः कथन-I सही है।**
- भूटान के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में भारत ने वर्ष 2022-23 में भूटान के कुल व्यापार में 73% का योगदान दिया, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार 11,178 करोड़ रुपए तक पहुँच गया। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**6. (B)**

**व्याख्या:**

**ई-संजीवनी:**

- वर्ष 2013 से वर्ष 2021 तक, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में भारत का स्वास्थ्य सेवा खर्च **वर्ष 2019 और वर्ष 2020 को छोड़कर** प्रतिवर्ष कम हुआ है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- भारत में **हृदय रोग (CVD)** मृत्यु और विकलांगता का प्रमुख कारण है, जो कुल मौतों में से लगभग एक तिहाई के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ई-संजीवनी** एक राष्ट्रीय डॉक्टर-टू-डॉक्टर टेलीमेडिसिन सेवा है जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारंपरिक शारीरिक परामर्श का विकल्प प्रदान करने का प्रयास करती है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - **ई-संजीवनी आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (ABDHM)** का एक अभिन्न अंग है और ई-संजीवनी एप्लिकेशन के माध्यम से 45,000 से अधिक ABHA ID तैयार की गई हैं।

**7. (C)**

**व्याख्या:**

**तरलता कवरेज अनुपात (LCR):**

- LCR एक अनुपात है जो वित्तीय संस्थानों द्वारा धारण की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों (HQLA) के अनुपात को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **HQLA तरल परिसंपत्तियाँ हैं जिन्हें तत्काल विक्रय जा सकता है** या बिना किसी मूल्य हानि के नकदी में परिवर्तित किया जा सकता है। HQLA का उपयोग ऋण लेने के उद्देश्य से संपार्श्विक के रूप में भी किया जा सकता है।
    - **HQLA में नकदी, अल्पकालिक बॉण्ड** और अन्य नकदी समकक्ष, साथ ही अतिरिक्त वैधानिक तरलता अनुपात (SLR), सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) परिसंपत्तियाँ और तरलता कवरेज़ अनुपात (FALLCR) के लिये तरलता का लाभ उठाने की सुविधा (1 अप्रैल 2020 से बैंक की जमा राशि का 15% निर्धारित) शामिल हैं।
- LCR को वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद **बेसल III सुधारों** के हिस्से के रूप में पेश किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- LCR ढाँचे के अंतर्गत आने वाले बैंकों को 1 जनवरी 2019 से न्यूनतम 100% LCR के साथ, तनावग्रस्त स्थितियों के तहत 30 दिनों के शुद्ध बहिर्वाह को कवर करने के लिये HQLA का स्टॉक बनाए रखना होगा।
- LCR एक निवारक उपाय है जो वित्तीय संकट के दौरान बैंक के लिये फायदेमंद हो सकता है।
    - LCR के कारण बैंकों के पास अधिक नकदी हो सकती है और वे कम ऋण जारी कर सकते हैं, जिससे आर्थिक विकास धीमा हो सकता है।

**8. (D)**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड:**

- SEBI एक **अर्द्ध-विधायी और अर्द्ध-न्यायिक निकाय** है जो विनियमों का प्रारूप तैयार कर सकता है, जाँच कर सकता है, फैसले पारित कर सकता है और दंड लगा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - अप्रैल 1988 में भारत सरकार के एक प्रस्ताव के तहत भारत में **पूंजी बाज़ार के नियामक** के रूप में SEBI का गठन किया गया था ।
    - वर्ष 1992 में इसे **वैधानिक दर्जा** प्राप्त हुआ जब भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992, 30 जनवरी 1992 को प्रभावी हुआ।
- **प्रतिभूति कानून (संशोधन) अधिनियम, 2014** के अनुसार, SEBI 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक मूल्य की किसी भी मनी पूलिंग योजना को विनियमित कर सकता है और गैर-अनुपालन के मामलों में संपत्ति जब्त कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SEBI बोर्ड में एक अध्यक्ष और कई अन्य पूर्णकालिक एवं अंशकालिक सदस्य होते हैं।
- SEBI अध्यक्ष के पास **"सर्च एंड सीज़ ऑपरेशन"** का आदेश देने का अधिकार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**9. (C)**

**व्याख्या:**

**आर्थिक सर्वेक्षण:**

- आर्थिक सर्वेक्षण **भारत की आर्थिक स्थिति का आकलन** करने हेतु केंद्रीय बजट से पहले सरकार द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली एक **वार्षिक रिपोर्ट** है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:


- इसे मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में **वित्त मंत्रालय के आर्थिक प्रभाग** द्वारा तैयार किया जाता है तथा इसे केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस सर्वेक्षण में आर्थिक निष्पादन का आकलन किया जाता है, क्षेत्रवार विकास का विवरण दिया जाता है, चुनौतियों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाती है तथा आगामी वर्ष का आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जाता है।
- आर्थिक सर्वेक्षण पहली बार वर्ष **1950-51 में बजट के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया गया था** और वर्ष 1964 में केंद्रीय बजट से अलग प्रलेख बन गया, जिसे बजट से एक दिन पहले प्रस्तुत किया जाने लगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**10. (A)**

**व्याख्या:**

**पोटोमैक नदी:**

- इसके 14,670 वर्ग मील जल-संभर क्षेत्र का लगभग 60% भाग वनों से आच्छादित है तथा यह **अमेरिका** की सर्वाधिक वनाच्छादित नदी घाटियों में से एक है।
- पोटोमैक नदी, सुस्केहाना नदी के बाद चेसापीक खाड़ी की **दूसरी सबसे बड़ी सहायक नदी** है।
- यह नदी पश्चिमी वर्जीनिया के **एलेघेनी पर्वतों** से निकलती है तथा 380 मील तक प्रवाहित होकर मैरीलैंड के प्वाइंट लुकआउट स्थित टाइडवाटर तक पहुँचती है।
- यह वर्जीनिया, मैरीलैंड और वाशिंगटन डीसी के बीच **प्राकृतिक सीमा** की भूमिका निभाती है।
- इसकी प्रमुख सहायक नदियों में एनाकोस्टिया, शेनानडोआ और मोनोकैसी नदियाँ शामिल हैं।
- यह महत्त्वपूर्ण वन्यजीव प्रयावास प्रदान करती है और यहाँ मछली की विभिन्न प्रजातियाँ पाई जाती हैं।




- **अत: विकल्प A सही है।**

**11. (B)**

**व्याख्या:**

**घरेलू श्रमिक:**

- **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** के अनुसार, घरेलू कामगार वे श्रमिक हैं जो किसी निजी घर में अथवा उन घरों के लिये कार्य करते हैं।
    - वे **प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष देखभाल सेवाएँ** प्रदान करते हैं, तथा इस प्रकार वे देखभाल अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।
- भारत में, **घरेलू कामगारों को मुख्यधारा के श्रम कानूनों से बाहर रखा गया है** क्योंकि "कर्मचारी" और "कार्यस्थल" की परिभाषाएँ घरेलू कार्य को कवर नहीं करती हैं, जिसे अक्सर "अनुत्पादक" महिला श्रम के रूप में देखा जाता है। लेकिन उनके लिये कोई समर्पित केंद्रीय कानून नहीं है। **अत: कथन-I सही है।**
    - घरेलू कामगारों की सुरक्षा के लिये केंद्रीय कानून पारित करने के क्रम में कई प्रयास किए गए, जिनमें **घरेलू कामगार (रोज़गार की शर्तें) विधेयक 1959** और घरेलू कामगार (कार्य का विनियमन और सामाजिक सुरक्षा) विधेयक 2017 शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- 2019 की **राष्ट्रीय घरेलू कामगार नीति का** उद्देश्य एजेंसियों को विनियमित करना और मज़दूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना है, जिसमें मज़दूरी, सामाजिक सुरक्षा और लाभ शामिल हैं।
- वर्ष 2019 की **राष्ट्रीय घरेलू कामगार नीति** का उद्देश्य संबंधित एजेंसियों को विनियमित करना और मज़दूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना था जिसमें मज़दूरी, सामाजिक सुरक्षा और लाभ शामिल हैं। **अतः कथन-II सही है।**
  - हालाँकि, **इनमें से कोई भी प्रस्तावित कानून** लागू नहीं किया गया।
- **असंगठित क्षेत्र सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008** के तहत कुछ लाभ प्रदान किये गए लेकिन बाद में इसे सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया, जिसे लागू नहीं किया गया है।
- **न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948** के तहत घरेलू कार्य को मान्यता दी गई है लेकिन केवल 10 राज्यों ने घरेलू श्रमिकों के लिये न्यूनतम मज़दूरी निर्धारित की है।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**12. (A)**

**व्याख्या:**

**अल्पसंख्यक:**

- संविधान में अल्पसंख्यक शब्द को **परिभाषित नहीं किया गया है। अतः कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में, केवल उन समुदायों को अल्पसंख्यक माना जाता है, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा **NCM (राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग) अधिनियम, 1992** की धारा 2 (c) के तहत अधिसूचित किया गया है।
  - **T.M.A पई मामले** में सर्वोच्च न्यायालय की 11 न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के बावजूद , जिसमें स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया था कि भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों की पहचान राष्ट्रीय स्तर के बजाय राज्य स्तर पर की जानी चाहिये, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) अधिनियम 1992 की धारा 2 (c) में केंद्र को अल्पसंख्यकों को सूचित करने के लिये "अनियंत्रित शक्ति" का प्रावधान है।
- **अनुच्छेद 29** में प्रावधान है कि भारत के किसी भी भाग में निवास करने वाले नागरिकों के किसी भी वर्ग को, जिसकी अपनी विशिष्ट **भाषा, लिपि या संस्कृति है**, उसे संरक्षित रखने का अधिकार होगा।
  - यह धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ-साथ भाषाई अल्पसंख्यकों को भी संरक्षण प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - हालाँकि उच्चतम न्यायालय ने माना कि इस अनुच्छेद का दायरा केवल अल्पसंख्यकों तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि अनुच्छेद में '**नागरिक वर्ग**' शब्द के प्रयोग में अल्पसंख्यकों के साथ-साथ बहुसंख्यक भी शामिल हैं।
- **अनुच्छेद 30 के अनुसार,** सभी अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद की शैक्षणिक संस्थाएँ स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार होगा।
  - अनुच्छेद 30 के तहत संरक्षण **केवल अल्पसंख्यकों** (धार्मिक या भाषाई) तक ही सीमित है और नागरिकों के किसी भी वर्ग तक विस्तारित नहीं है (जैसा कि अनुच्छेद 29 में प्रावधान है)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**13. (B)**

**व्याख्या:**

- समान **नागरिक संहिता (UCC) को** संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के भाग के रूप में उल्लिखित किया गया है, जिसके अनुसार सरकार को संपूर्ण भारत में सभी नागरिकों के लिये समान नागरिक संहिता स्थापित करने का प्रयास करना चाहिये। **अतः कथन-I सही है।**
  - हालाँकि इसका कार्यान्वयन सरकार के विवेक पर छोड़ दिया गया है।
- अंग्रेज़ों ने भारत में **एक समान आपराधिक कानून स्थापित किये,** जबकि कुटुंब कानूनों को उनकी संवेदनशील प्रकृति के कारण मानकीकृत करने से परहेज़ किया। **अतः कथन-II सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**14. (D)**

**व्याख्या:**

**कुष्ठ रोग:**

- कुष्ठ रोग, जिसे **हैनसेन रोग** के नाम से भी जाना जाता है, एक पुरानी संक्रामक बीमारी है जो "माइकोबैक्टीरियम लेप्री" नामक एक प्रकार के बैक्टीरिया के कारण होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह रोग त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ की श्लैष्मिक सतहों और आँखों को प्रभावित करता है।
  - कुष्ठ रोग बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक सभी आयु वर्गों में पाया जाता है।
- कुष्ठ रोग एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (NTD) है जो आज भी 120 से अधिक देशों में पाया जाता है, तथा प्रति वर्ष इसके 200,000 से अधिक नए मामले सामने आते हैं।
  - **उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (NTD)** संक्रमणों का एक समूह है जो अफ्रीका, एशिया और अमेरिका के विकासशील क्षेत्रों में **हाशिये पर रहने वाले समुदायों** में सामान्य है।
  - ये विभिन्न प्रकार के रोगाणुओं जैसे वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोज़ोआ और परजीवी कृमियों के कारण होते हैं
- वर्ष 2022 में, 182 देशों में कुष्ठ रोग के 1.65 लाख से अधिक मामले सामने आए, जिनमें 174,087 नए मामले शामिल हैं।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, नए कुष्ठ रोग के उच्च दर वाले अधिकांश देश अफ्रीकी और दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हैं।
- भारत ने वर्ष 2005 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रति 10,000 जनसंख्या पर 1 से कम मामले के WHO मानदंड के अनुसार सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में **कुष्ठ रोग का उन्मूलन** हासिल किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **विश्व कुष्ठ दिवस** प्रतिवर्ष जनवरी के आखिरी रविवार को मनाया जाता है। भारत में, यह प्रतिवर्ष 30 जनवरी को मनाया जाता है, जो महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के साथ सुमेलित है। **अत: कथन 3 सही है।**

**15. (C)**

**व्याख्या:**

**निपुण (समझ के साथ पढ़ने और अंकगणित में दक्षता के लिये राष्ट्रीय पहल) भारत योजना:**

- **शिक्षा मंत्रालय** ने NIPUN (समझ और अंकगणित के साथ पठन में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल) भारत योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य 3 से 9 वर्ष की आयु के बच्चों की सीखने की ज़रूरतों को पूरा करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह पहल NEP **(राष्ट्रीय शिक्षा नीति) 2020** के एक भाग के रूप में शुरू की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस नीति का उद्देश्य देश में स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणालियों में परिवर्तनकारी सुधारों का मार्ग प्रशस्त करना है।
- समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तत्वावधान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय-राज्य-ज़िला-ब्लॉक-स्कूल स्तर पर एक **पाँच-स्तरीय कार्यान्वयन तंत्र** स्थापित किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - '**समग्र शिक्षा कार्यक्रम** तीन मौजूदा योजनाओं: सर्व शिक्षा अभियान (SSA), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA), और शिक्षक शिक्षा (TE) को मिलाकर शुरू किया गया था।

**16. (A)**

**व्याख्या:**

**आसियान:**

- दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) एक **क्षेत्रीय संगठन** है जिसकी स्थापना एशिया-प्रशांत के उत्तर-औपनिवेशिक राज्यों के बीच बढ़ते तनाव के बीच **राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा देने** के लिये की गई थी।
- सदस्य राष्ट्रों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्याँमार, कंबोडिया शामिल हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**17. (A)**

**व्याख्या:**

**कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC):**

- DRC अफ्रीका का **दूसरा सबसे बड़ा** और विश्व का ग्यारहवाँ सबसे बड़ा देश है।
- इसकी अटलांटिक महासागर के साथ एक छोटी सी तटरेखा है।
- DRC उत्तर में **मध्य अफ्रीकी गणराज्य और दक्षिण सूडान से,** पूर्व में युगांडा, रवांडा, बुरुंडी और तंज़ानिया से, दक्षिण-पूर्व में ज़ाम्बिया से और दक्षिण-पश्चिम में अंगोला से घिरा हुआ है।
- DRC की राजधानी किंशासा, **कांगो नदी** पर स्थित है, जो अफ्रीका में भूमध्य रेखा को दो बार पार करने वाली एकमात्र नदी है।
- आधिकारिक भाषा फ्रेंच है, लेकिन अन्य भाषाओं में कितुबा, लिंगाला, स्वाहिली और शिलुबा शामिल हैं।
- **कटंगा पठार** एक समृद्ध खनन क्षेत्र माना जाता है, जो कोबाल्ट, ताँबा, टिन, रेडियम, यूरेनियम और हीरे की आपूर्ति करता है।




- **अत: विकल्प A सही है।**

**18. (D)**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय बजट 2025-26:**

- **प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना** की घोषणा 100 कम कृषि उत्पादकता वाले ज़िलों को कवर करने के लिये की गई है, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा और सिंचाई तथा फसल कटाई के बाद भंडारण सुविधाओं में वृद्धि होगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- कौशल, निवेश और प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि संबंधी अल्परोज़गार को दूर करने के लिये राज्यों के साथ मिलकर **'ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन' कार्यक्रम** शुरू किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- तूर, उड़द और मसूर पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6 वर्षीय मिशन शुरू किया जाएगा, जिससे **जलवायु-अनुकूल बीज** और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होंगे। **अत: कथन 3 सही है।**
  - केंद्रीय एजेंसियाँ, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (NAFED) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (NCCF) अगले 4 वर्षों में किसानों से इन 3 दालों की खरीद के लिये तैयार रहेंगी।
- मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्द्धन को बढ़ाने के लिये **बिहार में मखाना बोर्ड** की स्थापना की जाएगी। **अत: कथन 4 सही है।**

**19. (C)**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय बजट 2025-26:**

- बीमा क्षेत्र में **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** की सीमा उन कंपनियों के लिये 74% से बढ़ाकर 100% कर दी जाएगी जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रतिस्पर्द्धी सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2025 में राज्यों के लिये एक **निवेश मित्रता सूचकांक** पेश किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एक **'ग्रामीण क्रेडिट स्कोर' ढाँचा** तैयार करेंगे , जिससे SHG सदस्यों और ग्रामीण उधारकर्त्ताओं को औपचारिक ऋण सुविधाओं तक अधिक कुशलता से पहुँच बनाने में मदद मिलेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**20. (C)**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना:**

- वर्ष 2018 में लॉन्च की गई इस योजना के तहत द्वितीयक और तृतीयक देखभाल के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यह एक पात्रता-आधारित योजना है, जिसके अंतर्गत नवीनतम **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC)** आँकड़ों द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित किया जाता है।
- इस योजना का वित्तपोषण साझाकरण इस प्रकार होता है- अपनी विधानसभा वाले सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिये 60:40, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के लिये 90:10 तथा बिना विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 100% केंद्रीय वित्तपोषण।
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** का गठन राज्य सरकारों के साथ गठबंधन में PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (SHA) राज्य सरकार का सर्वोच्च निकाय है जो राज्य में AB PM-JAY के कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार है।
- केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग वर्कर्स को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के तहत शामिल किये जाने की घोषणा की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

**21. (B)**

**व्याख्या:**

**वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024:**

- गैर सरकारी संगठन **प्रथम फाउंडेशन** ने भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली छात्रों के अधिगम के परिणामों पर वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024 जारी की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - ASER एक **राष्ट्रव्यापी, नागरिक-नेतृत्व वाला घरेलू सर्वेक्षण** है जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की स्कूली शिक्षा और उनके अधिगम की गहन जानकारी प्रदान करता है।
- वर्ष 2005 में शुरू किया गया, ASER ग्रामीण क्षेत्रों में **शैक्षिक रुझानों** और चुनौतियों को ट्रैक करता है और इसके कवरेज, फोकस और आवृत्ति में आवश्यकतानुसार परिवर्तन होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **आँगनवाड़ी केंद्र प्री-प्राइमरी शिक्षा** के मुख्य प्रदाता हैं, जहाँ 3 से 4 वर्षीय आयु वर्ग के आधे से अधिक बच्चे नामांकन कराते हैं, जबकि 5 वर्ष के एक तिहाई बच्चे निजी स्कूलों अथवा प्रीस्कूल में जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**22. (A)**

**व्याख्या:**

**प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन):**

- प्रतिभा पलायन से तात्पर्य बेहतर अवसरों की खोज में **अत्यधिक कुशल पेशेवरों** के अन्य देशों में प्रवास करने से है।
- मूलतः इस पद का उपयोग **उच्च कुशल पेशेवरों**, विशेषकर विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, का भारत से अमेरिका जैसे विकसित देशों में बेहतर अवसरों की खोज में प्रवासन किये जाने को संदर्भित करने हेतु किया जाता था।
- हालाँकि प्रतिभा पलायन एक समय गंभीर चिंता का विषय था किंतु वर्तमान में यह व्यापक चर्चा का विषय नहीं रहा, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में कुशल पेशेवर तैयार हो रहे हैं तथा पलायन करने वालों का स्थान नए प्रतिभाशाली व्यक्ति ले रहे हैं।
- 'प्रतिभा' के पलायन से **भारत के बौद्धिक परिवेश पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है,** क्योंकि उनका स्थान नए प्रतिभाशाली व्यक्ति ले रहे हैं। वर्तमान में प्रवासन से भारत का कुशल कार्यबल प्रभावित नहीं होता, जैसा कि पहले आशंका जताई जाती थी।
- आंतरिक रूप से शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिये **सुदृढ़ शासन, अनुसंधान निधि और उद्योग सहयोग सहित एक सक्षम वातावरण** की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिये, अमेरिका में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई प्रगति में सरकारी नीतियों की अहम भूमिका थी।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**23. (A)**

**व्याख्या:**

**स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर):**

- **स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) कॉम्पैक्ट, अनुकूल और निर्माण** में आसान परमाणु रिएक्टर हैं, जिनमें से प्रत्येक 300 मेगावाट से कम बिजली उत्पन्न करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- SMR प्रायोगिक हैं, अनिश्चित लाभप्रदता के साथ उच्च पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है, तथा **निम्न-श्रेणी के यूरेनियम** पर निर्भर होते हैं, जिससे बार-बार ईंधन भरने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय बजट 2025-26 में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) पर शोध करने और वर्ष 2033 तक पाँच स्वदेशी इकाइयों को चालू करने के लिये एक नया **'परमाणु ऊर्जा मिशन '** पेश किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**24. (B)**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC):**

- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय सामान्यतः नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण का अपराध जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की जाँच करता है।
- **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिये **चिंता के सबसे गंभीर अपराधों** के **आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाता है: जैसे नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रामकता के अपराध।**
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय के माध्यम से, ICC का उद्देश्य लोगों को उनके अपराधों के लिये ज़िम्मेदार ठहराना तथा इन अपराधों को दोबारा होने से रोकने में मदद करना है।
- **'रोम संविधि'** नामक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित, ICC दुनिया का पहला स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है।
  - न्यायालय की संस्थापक जुलाई, 1998 में अपनाई गई संधि, रोम संविधि के तहत की गई थी, जिसकी न्यायालय की स्थापना वर्ष 2003 में हुई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत, अमेरिका और चीन के साथ रोम संविधि के पक्षकार नहीं हैं।
- इसकी **6 आधिकारिक भाषाएँ हैं** जिनमें अंग्रेज़ी, फ्रेंच, अरबी, चीनी, रूसी और स्पेनिश शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**25. (C)**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना:**

- पीएम-कुसुम भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में शुरू की गई एक प्रमुख योजना है जिसका प्राथमिक उद्देश्य सौर ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देकर **कृषि क्षेत्र को बदलना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **मांग-संचालित दृष्टिकोण** का पालन करता है, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UT) के अनुरोधों के आधार पर क्षमता आवंटित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विभिन्न घटकों और वित्तीय सहायता के माध्यम से, पीएम-कुसुम का लक्ष्य 31 मार्च, 2026 तक 30.8 गीगावाट की **महत्त्वपूर्ण सौर ऊर्जा क्षमता** वृद्धि हासिल करना है।
- इस योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा चालित पंपों और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सिंचाई के लिये **डीजल पर निर्भरता को कम करना है।**
- इसका उद्देश्य सौर पंपों के उपयोग के माध्यम से **सिंचाई लागत को कम करके** किसानों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें अधिशेष सौर ऊर्जा को ग्रिड को विक्रय करने में सक्षम बनाना है।

**26. (A)**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC):**

- **संशोधित भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB** के तहत, केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) गठित करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 280** भारत के वित्त आयोग की स्थापना करता है।
- MPC को वर्ष में कम से कम चार बार बैठक करनी आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- MPC के प्रत्येक सदस्य के पास **एक वोट** होता है और वोटों की बराबरी की स्थिति में, गवर्नर के पास दूसरा या निर्णायक वोट होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- RBI प्रत्येक छह माह में एक बार मौद्रिक नीति रिपोर्ट जारी करता है, जिसमें मुद्रास्फीति के स्रोतों तथा आगामी 6-18 माह के लिये मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान के बारे में बताया जाता है।

**27. ( B )**

**व्याख्या:**

- मानसिक विकारों के बढ़ते बोझ और इस क्षेत्र में योग्य पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिये सरकार वर्ष 1982 से **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ( NMHP )** को क्रियान्वित कर रही है। **अत: कथन-I सही है।**
    - कार्यक्रम को वर्ष 2003 में पुन: रणनीतिबद्ध किया गया, जिसमें दो योजनाएँ शामिल की गईं - राज्य मानसिक अस्पतालों का आधुनिकीकरण और मेडिकल कॉलेजों/ सामान्य अस्पतालों के मनोचिकित्सा विंग का उन्नयन।
- **मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम, 2017** मानसिक बीमारियों से पीड़ित लोगों के अधिकारों की रक्षा, संवर्धन और पूर्ति के लिये सेवाएँ प्रदान करने के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है। ये **दिव्यांग लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ( UNCRPD )** के अनुरूप हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- **मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017** प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित या वित्तपोषित सेवाओं से मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और उपचार तक पहुँच की गारंटी देता है।
    - **इसने BNS की धारा 224** के प्रयोग के दायरे को काफी कम कर दिया है तथा आत्महत्या के प्रयास को केवल अपवाद के रूप में दंडनीय बना दिया है।
    - इस धारा के अनुसार, किसी लोक सेवक को उसके कर्त्तव्यों से विवश करने या रोकने के लिये आत्महत्या का प्रयास करने पर एक वर्ष तक का साधारण कारावास, ज़ुर्माना, दोनों या सामुदायिक सेवा का दण्ड दिया जा सकता है।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**28. ( A )**

**व्याख्या:**

**तत्माडॉ:**

- तत्माडॉ पद **म्याँमार की सेना** को संदर्भित करता है, जिसने देश की राजनीति और शासन में प्रमुख भूमिका निभाई है।
- इसे औपचारिक रूप से **म्याँमार सशस्त्र बल** के रूप में जाना जाता है और इसमें सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल हैं।
- म्याँमार के इतिहास में तत्माडॉ कई तख्तापलटों में शामिल रहा है जिसमें सबसे हालिया घटना वर्ष 2021 में हुई जब उन्होंने आंग सान सू की के नेतृत्व वाली नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (NLD) की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार का तख्तापलट कर दिया।
- तभी से, तत्माडॉ प्रतिरोध को दबाने और नियंत्रण बनाए रखने के लिये हिंसक प्रयास करता रहा है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र देश वासियों की स्थिति दयनीय हो रही है और विस्थापन हो रहा है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**29. ( C )**

**व्याख्या:**

- **मौद्रिक प्रणाली की कार्य-पद्धति की समीक्षा हेतु वर्ष 1985 में एस. चक्रवर्ती समिति** का गठन किया गया था। इसके द्वारा की गई अनुशंसाओं के परिणाम दूरगामी रहे।
    - **चक्रवर्ती समिति की रिपोर्ट** ने मूल्य स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये मौद्रिक लक्ष्यीकरण और लचीली ब्याज दरों की सिफारिश की। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उर्जित पटेल समिति की रिपोर्ट ( 2014 )** ने भारत में मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण को आकार दिया और इसमें 2% के बैंड के साथ 4% के लक्ष्य निर्धारणकी सिफारिश की गई। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**30. (B)**

**व्याख्या:**

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) की नियुक्ति और पदावधि:**

- राष्ट्रपति द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के अनुसार **CEC और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति** की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी पदावधि **छह वर्ष** या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, निश्चित होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों का वेतन और सेवा शर्तें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान होती हैं।
- वे किसी भी समय इस्तीफा दे सकते हैं या पदावधि समाप्त होने से पहले भी हटाए जा सकते हैं।
- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** के समान हटाने की प्रक्रिया के माध्यम से ही पद से हटाया जा सकता है, जबकि निर्वाचन आयुक्तों को केवल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश पर ही हटाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**31. (A)**

**व्याख्या:**

**उपकर:**

- **उपकर** एक कर पर कर है, जो **उत्पाद शुल्क या आयकर जैसे मौजूदा कर के अतिरिक्त** लगाया जाता है , और राजस्व किसी विशेष उपयोग के लिये निर्धारित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उपकर आमतौर** पर **एक विशिष्ट समय अवधि के लिये लगाया जाता है,** या जब तक सरकार निर्दिष्ट उद्देश्य के लिये पर्याप्त धनराशि एकत्र नहीं कर लेती। **अत: कथन** 2 सही है।
- **80वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2000 द्वारा अनुच्छेद** 270 में औपचारिक संशोधन किया गया, जिसके **तहत उपकरों और अधिभारों** को स्पष्ट रूप से विभाज्य पूल से बाहर कर दिया गया (उपकरों से प्राप्त राजस्व राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता)।
- संविधान में **अनुच्छेद 277 और अनुच्छेद 270** (जो संघ और राज्यों के बीच राजस्व-साझाकरण ढाँचे को रेखांकित करता है) के तहत उपकरों को मान्यता दी गई है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- उदाहरणों में शिक्षा उपकर (प्राथमिक शिक्षा के वित्तपोषण के लिये), स्वच्छ भारत उपकर (स्वच्छता पहल के लिये) और ईंधन उपकर (सड़क विकास के लिये) शामिल हैं।

**32. (D)**

**व्याख्या:**

- असैन्य परमाणु दायित्व पर कानून यह सुनिश्चित करते हैं, कि परमाणु घटना या आपदा के कारण होने वाली **परमाणु क्षति** के लिये पीड़ितों को मुआवजा उपलब्ध हो तथा यह निर्धारित किया जाए कि उस क्षति के लिये कौन उत्तरदायी होगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)** परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व पर कई अंतर्राष्ट्रीय कानूनी उपकरणों के लिये एक निक्षेपागार के रूप में कार्य करती है, इनमें परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व पर **वियना कन्वेंशन और परमाणु क्षति** के लिये पूरक मुआवजे पर कन्वेंशन शामिल हैं।
- न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवज़ा राशि निर्धारित करने के लिये 1997 में पूरक मुआवज़े पर व्यापक **अभिसमय (CSC)** को अपनाया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारत ने 2016 में सी.एस.सी. का अनुसमर्थन किया।
- भारत ने परमाणु दुर्घटना के पीड़ितों के लिये शीघ्र मुआवजा व्यवस्था स्थापित करने हेतु **परमाणु क्षति के लिये असैन्य दायित्व अधिनियम (CLNDA), 2010** लागू किया।
  - CLNDA परमाणु संयंत्र संचालक पर **सख्त और दोषरहित दायित्व** का प्रावधान करता है, जहाँ उसे अपनी ओर से किसी भी गलती की परवाह किये बिना नुकसान के लिये उत्तरदायी ठहराया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसमें दुर्घटना से हुई क्षति की स्थिति में ऑपरेटर को 1,500 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है।

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

**नोट:**

- इसके तहत ऑपरेटर को बीमा या अन्य वित्तीय सुरक्षा के माध्यम से देयता को कवर करना भी आवश्यक है।

**33. (B)**

**व्याख्या:**

**उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (C-DAC):**

- उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (C-DAC) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक **स्वायत्त निकाय** है, जिसकी स्थापना वर्ष 1988 में की गई थी।
- इसने व्यापक समानांतर प्रसंस्करण पर आधारित **सुपर कंप्यूटर विकसित** किये हैं।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** ने चिप को शुरू से लेकर अंत तक डिजाइन करने के लिये सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) और **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग** के साथ साझेदारी की है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**34. (A)**

**व्याख्या:**

**आधार:**

- आधार भारत सरकार की ओर से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा जारी किया गया **12 अंकों का व्यक्तिगत पहचान संख्या** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह संख्या भारत में कहीं भी पहचान और पते के प्रमाण के रूप में काम करता है।
  - भारत सरकार ने हाल ही में इस बात पर ज़ोर दिया है कि **आधार नागरिकता या जन्म तिथि (DOB) का प्रमाण नहीं** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - महाराष्ट्र राज्य बनाम भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) मामले, 2022 में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पहचान दस्तावेज़ के रूप में आधार के दायरे और सीमाओं को स्पष्ट किया। न्यायालय ने कहा कि आधार केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, नागरिकता या जन्म तिथि का नहीं।
- आधार कार्ड एक बायोमेट्रिक दस्तावेज़ है जो व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी को सरकारी डाटाबेस में संग्रहीत करता है।
- देश में लगातार छह महीने से अधिक समय तक रहने वाले किसी भी व्यक्ति को आधार कार्ड जारी किया जा सकता है, बशर्ते वह सूचीबद्ध 18 पहचान पत्रों में से एक और पते का प्रमाण प्रस्तुत करे।
- **विदेशी नागरिक** यदि छह महीने से भारत में रह रहे हैं तो वे आधार कार्ड प्राप्त करने के पात्र हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- आधार संख्या निवासियों को **बैंकिंग,** मोबाइल फोन कनेक्शन और अन्य सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करेगी।

**35. (B)**

**व्याख्या:**

**यूरोजोन:**

- यूरोज़ोन यूरोपीय संघ (EU) के देशों के एक समूह को संदर्भित करता है जिन्होंने यूरो (€) को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में अपनाया है। यह मौद्रिक संघ 27 EU सदस्य देशों में से 20 से बना है, और इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच **आर्थिक एकीकरण,** मूल्य स्थिरता और आसान व्यापार को बढ़ावा देना है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**36. (C)**

**व्याख्या:**

- चलनिधि कवरेज अनुपात (LCR) एक अनुपात है जो वित्तीय संस्थानों द्वारा धारण की जाने वाली उच्च-गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों (HQLA) के अनुपात को मापता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 18.00% का **सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR)** जमाराशि का आवश्यक न्यूनतम प्रतिशत है जिसे वाणिज्यिक बैंक को नकदी, सोना या प्रतिभूतियों जैसी तरल संपत्तियों में धारित करना होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR)** के अंतर्गत, वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास आरक्षित निधि के रूप में एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि (NDTL) रखनी होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**37. (A)**

**व्याख्या:**

**गाज़ा पट्टी:**

- गाज़ा पट्टी **पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन** में स्थित है, जो दक्षिण-पश्चिम में मिस्र और उत्तर एवं पूर्व में इज़रायल के साथ सीमा साझा करती है। पश्चिम में, यह भूमध्य सागर से घिरा हुआ है।
- यह विश्व में सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ 2 मिलियन से अधिक निवासी एक छोटे से क्षेत्र में निवास करते हैं।
- गाज़ा की स्थितियों को अभिलक्षित करने के लिये शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा **"ओपन एयर प्रिज़न"** पद का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।





- **अत: विकल्प A सही है।**

**38. (C)**

**व्याख्या:**

**यमुना नदी:**

- यमुना नदी उत्तरी भारत में गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह यमुना-गंगा मैदान का एक अभिन्न हिस्सा है, जो विश्व के सबसे विस्तृत जलोढ़ मैदानों में से एक है।
- इसका स्रोत निम्न हिमालय पर्वतमाला में बंदरपूँछ शिखर के दक्षिण-पश्चिमी किनारों पर 6,387 मीटर की ऊँचाई पर **यमुनोत्री ग्लेशियर** में है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह नदी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से होते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित होता है) पर गंगा में मिल जाती है।
- लखवार-व्यासी बाँध (उत्तराखंड), ताजेवाला बैराज बाँध (हरियाणा) आदि महत्त्वपूर्ण बाँध हैं।
- चंबल, सिंध, बेतवा और केन इसकी महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ हैं। **अत: कथन 3 सही है।**




**39. (A)**


**व्याख्या:**

**मणिपुर:**

- मणिपुर पहाड़ी शृंखलाओं से घिरा एक खूबसूरत राज्य है, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने **'भारत का रत्न' कहा था।**
- इसके निवासी इसे **'कांगलेईपाक'** या **'सनलेईपाक'** (**स्वर्ण भूमि**) के नाम से जानते हैं।
- यह उत्तर में नगालैंड, पश्चिम में असम, दक्षिण-पश्चिम में मिरम तथा पूर्व और दक्षिण-पूर्व में म्याँमार से घिरा हुआ है।
- यह एक पठार युक्त घाटी है; समुद्र तल से इसकी ऊँचाई लगभग 2,600 फीट है।
- मणिपुर की पहाड़ियाँ और पर्वत हिमालय की शाखाएँ हैं, जो भारत की उत्तरी सीमा का निर्माण करती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**




- **अतः विकल्प A सही है।**

**40. (A)**

**व्याख्याः**

**भारत में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का नियामक परिदृश्य:**

- **परमाणु ऊर्जा अधिनियम,** 1962 के तहत केंद्र सरकार के पास परमाणु ऊर्जा पर विशेष अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB)** भारत में परमाणु उद्योग के भीतर सुरक्षा मानकों और अनुपालन के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 के तहत ऑपरेटर की देयता को सरकार की सहायता सहित ₹1,500 करोड़ तक सीमित किया गया है।
- भारत परमाणु बीमा पूल (INIP) दुर्घटनाओं के लिये बीमा कवरेज प्रदान करता है।
- भारत भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के तहत IAEA सुरक्षा उपायों का पालन करता है, लेकिन **परमाणु अप्रसार संधि (NPT) पर हस्ताक्षर** नहीं करता है, जिससे रणनीतिक स्वायत्तता बनी रहती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**41. (B)**

**व्याख्याः**

- **नकबा (आपदा):** नकबा 1948 के अरब-इज़रायल युद्ध के दौरान **फिलिस्तीनियों के व्यापक स्तर पर हुए विस्थापन को संदर्भित करता है,** जब लगभग 750,000 फिलिस्तीनी शरणार्थी बन गए थे। यह इज़रायल की स्थापना के साथ फिलिस्तीनियों की मातृभूमि के खो जाने का प्रतीक है। फिलिस्तीनी इसे प्रत्येक वर्ष नकबा दिवस के रूप में मनाते हैं।
- **छह दिवसीय युद्ध (1967):** छह दिवसीय युद्ध **इज़रायल और उसके पड़ोसी देशों** मिस्र, जॉर्डन और सीरिया के बीच संघर्ष था, जिसके परिणामस्वरूप इज़रायल की जीत हुई और पश्चिमी तट, गाज़ा, पूर्वी यरुशलम, सिनाई और गोलान हाइट्स पर उसका कब्ज़ा हो गया। इसने भू-राजनीतिक रूप से मध्य पूर्व को नया रूप दिया।
- **टू-स्टेट सोल्यूशन:** टू-स्टेट सोल्यूशन संघर्ष को हल करने के लिये अलग-अलग, स्वतंत्र इज़रायल और फिलिस्तीनी राज्यों के निर्माण का प्रस्ताव है। यह समाधान अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों का केंद्र रहा है किंतु क्षेत्रीय और राजनीतिक चुनौतियों के कारण यह अप्राप्य है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**42. (C)**

**व्याख्याः**

**संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (USAID):**

- USAID की स्थापना वर्ष 1961 में विदेशी सहायता अधिनियम, 1961 के तहत एक **स्वतंत्र एजेंसी** के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य **वैश्विक मानवीय** और विकास सहायता प्रदान करना था। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- USAID कई कार्यक्रमों को वित्तपोषित करता है जिनमें **स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य सहायता** (गाज़ा को सहायता सहित) और नीति वकालत शामिल हैं।
- एजेंसी ने **1960 के दशक से भारत में अपनी मज़बूत उपस्थिति बनाए रखी है,** शिक्षा, टीकाकरण, HIV/TB की रोकथाम, पोलियो उन्मूलन और बाल स्वास्थ्य में पहल का समर्थन किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यद्यपि हाल के वर्षों में भारत को दी जाने वाली प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता में कमी आई है, फिर भी नवीनतम वित्तीय वर्ष में USAID का योगदान 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा।

**43. ( D )**

**व्याख्या:**

- कोयला कार्बन, राख, नमी और अन्य अशुद्धियों का मिश्रण है। कोयले की एक इकाई में उपलब्ध कार्बन जितना अधिक होगा, उसकी गुणवत्ता या 'ग्रेड' उतनी ही बेहतर होगी।
- कोयले का सबसे महत्त्वपूर्ण उपयोग **ताप विद्युत संयंत्रों** और इस्पात उत्पादन के लिये ब्लास्ट भट्टियों को विद्युत् देने में होता है, जिनमें से प्रत्येक के लिये अलग-अलग प्रकार के कोयले की आवश्यकता होती है।
- ऐतिहासिक रूप से भारतीय कोयले में आयातित कोयले की तुलना में **राख की मात्रा अधिक और कैलोरी मान कम** होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - घरेलू तापीय कोयले की औसत GCV 3,500-4,000 किलोकैलोरी/किग्रा. है, जबकि आयातित तापीय कोयले की GCV 6,000 किलोकैलोरी/किग्रा. से अधिक है।
    - **सकल कैलोरी मान ( GCV )** कोयले को जलाने से उत्पन्न होने वाली ऊष्मा या ऊर्जा की मात्रा के आधार पर उसका वर्गीकरण निर्धारित करता है।
  - भारतीय कोयले में **राख की मात्रा 40% से अधिक होती है,** जबकि आयातित कोयले में 10% से भी कम होती है।
  - अधिक राख वाले कोयले को जलाने से अधिक मात्रा में कणिका पदार्थ, नाइट्रोजन और सल्फर डाइऑक्साइड उत्पन्न होते हैं।
- भारतीय कोयले में आम तौर पर अन्य कोयले की तुलना में **सल्फर की मात्रा कम** होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **कोयला वाशिंग** एक पूर्व-दहन प्रक्रिया है जो उत्सर्जन को कम करने के लिये राख और सल्फर जैसी अशुद्धियों को हटाकर कोयले की गुणवत्ता में सुधार करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**44. ( B )**

**व्याख्या:**

**आर्थिक सर्वेक्षण के सुझाव:**

- विकासशील देशों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य पदार्थों का हिस्सा 46% है, इसलिये खाद्य कीमतों को नियंत्रित करना समग्र मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने की कुंजी है। **अत: कथन-I सही है।**
- **आर्थिक सर्वेक्षण** 2023-24 में भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचे से खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने का सुझाव दिया गया है। **अत: कथन-II सही है।**
- **मुद्रास्फीति लक्ष्य से खाद्य पदार्थों को बाहर रखने के कारण:**
  - **आपूर्ति-प्रेरित मूल्य परिवर्तन:** खाद्य मूल्य में उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से मांग के बजाय आपूर्ति कारकों (उदाहरण के लिये: खराब फसल, जलवायु स्थितियाँ) के कारण होता है।
    - मांग-पक्ष के दबावों से निपटने के लिये तैयार किये गए पारंपरिक मौद्रिक नीति उपकरण, आपूर्ति-प्रेरित परिवर्तनों के लिये अप्रभावी हैं।
  - **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ( DBT ):** गरीब और निम्न आय वाले उपभोक्ताओं को बढ़ती खाद्य कीमतों से निपटने में मदद करने के लिये, सर्वेक्षण में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण या कूपन का उपयोग करने का सुझाव दिया गया है, जो मुद्रास्फीति ढाँचे को बाधित किये बिना लक्षित सहायता प्रदान करता है।
  - **मुख्य मुद्रास्फीति पर ध्यान:** खाद्य वस्तुओं को बाहर करने से मुख्य मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित हो जाता है, जो अंतर्निहित मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों और अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करता है, क्योंकि यह अस्थायी कारकों से कम प्रभावित होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ◆ **अंतर्राष्ट्रीय प्रथाएँ:** अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देश भी अधिक स्थिर और पूर्वानुमानित मौद्रिक नीति ढाँचे को बनाए रखने के लिये अपने मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण में खाद्य और ऊर्जा की कीमतों को शामिल नहीं करते हैं।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**45. ( D )**

**व्याख्या:**

- **भारत वैश्विक जहाज़ निर्माण** में केवल 0.06% **हिस्सेदारी** के साथ **20वें स्थान** पर है, **जबकि अकेले चीन** के पास **50%** से अधिक हिस्सेदारी है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
  - ◆ भारतीय शिपयार्डों का वार्षिक जहाज़ निर्माण उत्पादन केवल **0.072 मिलियन सकल टन ( GT )** है, जिसे मैरीटाइम इंडिया विज़न (MIV) 2030 लक्ष्यों को पूरा करने के लिये **वर्ष 2030 तक 0.33 मिलियन GT** तक बढ़ाने की आवश्यकता है।
- **जहाज़ निर्माण भारत की नीली अर्थव्यवस्था** का एक अभिन्न अंग है, जिसमें मत्स्य पालन, बंदरगाह विकास और समुद्री पर्यटन शामिल हैं। **अत: कथन-II सही है।**
  - ◆ विश्व बैंक के अनुसार, नीली अर्थव्यवस्था **"महासागरीय पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को संरक्षित करते हुए आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और रोज़गार के लिये महासागर संसाधनों का सतत् उपयोग है।"**
  - ◆ नीली अर्थव्यवस्था भारत के सकल घरेलू उत्पाद में **4%** का योगदान देती है।
- एक मजबूत जहाज़ निर्माण उद्योग अंतर्देशीय और तटीय शिपिंग को बढ़ाता है, रसद लागत को कम करता है तथा सड़क एवं रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ को कम करता है।
- इसके अतिरिक्त, यह भारत को खनिजों और हाइड्रोकार्बन के लिये गहरे समुद्र में अन्वेषण में मदद कर सकता है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा में सुधार होगा।
- **अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।**

**46. ( B )**

**व्याख्या:**

**एकीकृत भुगतान इंटरफेस ( UPI ):**

- UPI या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ( NPCI ) द्वारा विकसित** तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित एक प्रणाली है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह उपयोगकर्त्ताओं को केवल अपने फोन नंबर या UPI आईडी नामक विशिष्ट पहचानकर्त्ता का उपयोग करके तुरंत धन भेजने और प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करता है।
  - ◆ **नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफर ( NEFT ) और इमीडिएट पेमेंट सर्विस ( IMPS )** जैसी अन्य भुगतान विधियों के विपरीत, UPI उपयोगकर्त्ताओं या व्यापारियों को अपने बैंक ऐप के माध्यम से एक सरल संदेश भेजकर दूसरों से पैसे का अनुरोध करने की सुविधा भी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल के वर्षों में, कई देशों ने **सीमा पार भुगतान के लिये UPI को** अपनाना शुरू कर दिया है, और **भारतीय निवासी कुछ मामलों में विदेशों में UPI-आधारित सेवाओं** का उपयोग करने में सक्षम हैं। **उदाहरण के लिये UPI भुगतान अब सिंगापुर, यूएई और भूटान** जैसे देशों में विशिष्ट भागीदारी के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**47. ( C )**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल:**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद** 153 में प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल की नियुक्ति का प्रावधान है, जिसमें एक ही व्यक्ति को कई राज्यों के राज्यपाल के रूप में कार्य करने की अनुमति दी गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद** 154 राज्य की कार्यकारी शक्ति राज्यपाल को प्रदान करता है।
  - ◆ **राज्य की कार्यकारी शक्ति** राज्यपाल में निहित है तथा इस संविधान के प्रावधानों के अनुसार, वह इसका प्रयोग सीधे या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल की भूमिका की उत्पत्ति **1854 के वुड के डिस्पैच से** पता लगाई जा सकती है, जिसमें सिफारिश की गई थी कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले उच्च पद के व्यक्ति होने चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**48. (A)**

**व्याख्या:**

**लिविंग विल:**

- **लिविंग विल (एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव)** मरीजों को उनके इलाज की इच्छाओं को दस्तावेज़ करने की अनुमति प्रदान करता है, जिससे जीवन के अंतिम निर्णयों में गरिमा सुनिश्चित होती है। **अतः कथन-I सही है।**
- निष्क्रिय इच्छामृत्यु में जीवन-रक्षक उपचारों को रोकना या बंद कर देना शामिल है, जिससे व्यक्ति को अपनी स्थिति से स्वाभाविक रूप से मरने दिया जाता है।
- ***कॉमन कॉज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2018*** में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भारत के संविधान के **अनुच्छेद 21** के तहत **सम्मान के साथ मरने के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में** मान्यता दी तथा अग्रिम चिकित्सा निर्देशों या 'लिविंग विल' के उपयोग को वैध बनाया। **अतः कथन-II सही है।**
  - ***कॉमन कॉज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया,*** 2023 द्वारा नौकरशाही बाधाओं को दूर करके लिविंग विल बनाने और जीवन-रक्षक उपचार को रोकने/वापस लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।**

**49. (A)**

**व्याख्या:**

- **कम उधार लागत से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। अतः कथन 1 सही है।**
  - रेपो दर में कमी से **व्यवसायों** और उपभोक्ताओं के लिये उधार लेना सस्ता हो जाता है, जिससे निवेश, घर खरीदने और अधिक व्यय को बढ़ावा मिलता है, जिससे मंद GDP वृद्धि को गति प्रदान करने में मदद मिल सकती है।
- **इससे रुपए पर अधोगामी दबाव बढ़ सकता है। अतः कथन 2 सही है।**
  - ब्याज दरों में कटौती से **पूंजी का बहिर्वाह** हो सकता है क्योंकि इस दशा में **विदेशी निवेशक** कहीं और बेहतर रिटर्न की तलाश करेंगे, जिससे डॉलर की अपेक्षा रुपए की स्थिति कमज़ोर हो सकती है। इससे **आयात महँगा** हो सकता है, जिसका संभावित रूप से भारत के व्यापार संतुलन पर प्रभाव पड़ सकता है।
- **रेपो दर में कटौती से मुद्रास्फीति में तुरंत कमी नहीं आएगी। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यद्यपि कम ब्याज दरें मांग को बढ़ावा दे सकती हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इससे मुद्रास्फीति में तत्काल कमी आए।
  - अगर मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है तो इससे **कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है।** RBI के निर्णय के अनुसार खाद्य मूल्य स्थिरता जैसे बाहरी कारकों के कारण मुद्रास्फीति में कमी आएगी, लेकिन केवल ब्याज दरों में कटौती से अल्पावधि में मुद्रास्फीति पर प्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं किया जा सकता।

**50. (B)**

**व्याख्या:**

**सिंधु घाटी सभ्यता का पतन (IVC):**

- सिंधु घाटी सभ्यता का पतन लगभग 1800 ई.पू. में हुआ किंतु इसके पतन के वास्तविक कारण निम्नलिखित हैं:
- यह अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। **अतः कथन-I सही है।**
- एक सिद्धांत के अनुसार इंडो-यूरोपीय जनजाति यानी **आर्यों** ने सिंधु घाटी सभ्यता पर आक्रमण किया और विजय प्राप्त की।
- पश्चातवर्ती संस्कृतियों में, IVC के विभिन्न अवशेष पाए जाते हैं जो यह प्रमाण देता है कि यह सभ्यता किसी आक्रमण के कारण आकस्मिक रूप से **विलुप्त नहीं हुई। अतः कथन-II सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- दूसरी ओर, अनेक विद्वानों के अनुसार प्राकृतिक कारणों से सिंधु घाटी सभ्यता का पतन हुआ।
- प्राकृतिक कारक भौमकीय और जलवायु संबंधी हो सकते हैं।
- ऐसा माना जाता है कि सिंधु घाटी क्षेत्र में कई विवर्तनिक परिवर्तन हुए, जिनके कारण भूकंप आए और नदियों के मार्ग बदल गए **अथवा** अनावृष्टि की स्थिति उत्पन्न हुई।
- एक अन्य प्राकृतिक कारण वर्षा के प्रतिरूप में परिवर्तन हो सकता है।
- यह भी संभावना है, **नदी के मार्ग** में भी सहसा बदलाव हुआ हो, जिससे खाद्य उत्पादक क्षेत्रों में बाढ़ आई हो।
- इन प्राकृतिक कारणों के संयोजन के कारण, IVC का क्रमिक पतन हुआ।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**51. (A)**

**व्याख्या:**

**ऑलिव रिडले टर्टल:**

- ये टर्टल **मांसाहारी** होते हैं और इनका नाम इनके जैतून के रंग के कवच के कारण पड़ा है।
- वे अपने **अनोखे मॉस नेस्टिंग** के लिये प्रसिद्ध हैं, जिसे अरिबाडा कहा जाता है, जहाँ हज़ारों मादाएँ अंडे देने के लिये एक ही समुद्र तट पर एकत्र होती हैं।
- वे **प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर** के उष्ण जल में पाए जाते हैं।
- **ओडिशा का गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य** सी टर्टल के विश्व के सबसे बड़े रॉकरी (प्रजनन करने वाले पशुओं का एक समूह) के रूप में जाना जाता है।
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची I
  - **IUCN रेड लिस्ट:** सुभेद्
  - **CITES:** परिशिष्ट I
- **अतः विकल्प A सही है।**

**52. (B)**

**व्याख्या:**

**संवैधानिक नैतिकता:**

- **संवैधानिक नैतिकता** का तात्पर्य लोकतंत्र में मात्र शाब्दिक व्याख्या से परे संवैधानिक मानदंडों का पालन, संप्रभुता, सामाजिक न्याय और समानता को अपनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यद्यपि संवैधानिक नैतिकता शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान में **स्पष्ट रूप से नहीं** किया गया है, लेकिन यह इसके कई खंडों में गहराई से अंतर्निहित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- न्यायालय ने **दिल्ली सरकार के मामले (2018)** में संवैधानिक नैतिकता की तुलना "द्वितीय बुनियादी ढाँचे के सिद्धांत" से की, जिसमें मनमाने अधिकार पर अंकुश लगाने में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**53. (B)**

**व्याख्या:**

**निपुण भारत:**

- **स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग** द्वारा वर्ष 2021 में समझ के साथ पढ़ने और अंकगणित में दक्षता के लिये राष्ट्रीय पहल (निपुण भारत) शुरू की गई थी ।
- मिशन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश का प्रत्येक बच्चा कक्षा 3 के अंत तक **बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता हासिल** कर ले, जिसे वर्ष 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य है।
- NEP 2020 में कहा गया है कि आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (FLN) शिक्षा और आजीवन सीखने की सफलता के लिये महत्वपूर्ण है।
  - शिक्षा प्रणाली नवीन शिक्षण पद्धतियों और शिक्षण विधियों को अपना रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक बच्चा FLN प्राप्त कर सके।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**54. ( C )**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 356 ( राष्ट्रपति शासन ):**

- भारत के संविधान का अनुच्छेद 356 भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 93 पर आधारित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 356 के अनुसार, संवैधानिक तंत्र की विफलता के आधार पर **भारत के किसी भी राज्य** में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन दो स्थितियों में लगाया जा सकता है, जब राष्ट्रपति को **राज्य के राज्यपाल से रिपोर्ट प्राप्त होती है** या अन्यथा उन्हें विश्वास हो जाता है कि राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य नहीं कर सकती है ( अनुच्छेद 356 ) और जब कोई **राज्य, संघ सरकार के निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है** ( अनुच्छेद 365 )।
- राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य सरकार निलंबित रहती है और केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से राज्य का प्रशासन संभालती है।
- राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिये **संसदीय स्वीकृति** आवश्यक है तथा **इसे संसद के दोनों सदनों में दो माह के अंदर साधारण बहुमत** से स्वीकृत किया जाना चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**
    - प्रारंभ में राष्ट्रपति शासन **छह माह** के लिये होता है और प्रत्येक छह माह में संसदीय अनुमोदन से इसे तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।
- **44वें संविधान संशोधन ( 1978 )** द्वारा **राष्ट्रपति शासन** को एक वर्ष से अधिक बढ़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया तथा केवल राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में या राज्य विधानसभा चुनाव कराने में कठिनाइयों के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी आवश्यकता प्रमाणित किये जाने पर ही इसे बढ़ाने की अनुमति दी गई।

**55. ( B )**

**व्याख्या:**

**डॉन्की रूट:**

- डॉन्की रूट का आशय **अवैध प्रवास मार्गों** से है जिनका उपयोग व्यक्ति **उचित प्राधिकरण के बिना किसी दूसरे देश में प्रवेश** करने के लिये करते हैं। ये मार्ग अक्सर खतरनाक होते हैं और इनमें विभिन्न देशों में कई बार रुकना पड़ता है, जिसकी सुविधा आमतौर पर मानव तस्करों द्वारा दी जाती है।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूरोप जैसे गंतव्यों पर अवैध प्रवास करने की कोशिश करने के क्रम में** डॉन्की रूट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। इसमें नकली दस्तावेज़ों, अनधिकृत सीमा और तस्करी नेटवर्क का उपयोग करके कई देशों की यात्रा करना शामिल है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**56. ( D )**

**व्याख्या:**

**सिंधु घाटी लिपि:**

- सिंधु घाटी सभ्यता (2600-1900 ईसा पूर्व) के दौरान वर्तमान पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिमी भारत में प्रयुक्त सिंधु घाटी लिपि अभी तक पढ़ी नहीं जा सकी है।
- इस लिपि की खोज वर्ष 1920 के दशक में सर जॉन मार्शल के नेतृत्व में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मुहरों, टेराकोटा की पट्टियों एवं धातु पर अंकित है जिसमें चित्रलेख तथा पशु या मानव आकृतियाँ हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके तहत सामान्यत: दाएँ से बाएँ लिखे गए लंबे वाक्यों में कभी-कभी बौस्ट्रोफेडॉन लिपि (पंक्तियों के बीच दिशाओं का परिवर्तन) का प्रयोग किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसमें अधिकांश लेख छोटे (औसतन 5 अक्षर) हैं सबसे लंबे ज्ञात टेक्स्ट में 26 प्रतीक हैं।
- इसकी संक्षिप्तता के कारण इस बात पर विमर्श है कि क्या यह एक पूर्ण विकसित भाषा की परिचायक है या यह केवल प्रतीकात्मक संकेतन है।

**57. ( C )**

**व्याख्या:**

- **मृत्युदंड:**
    - भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से मृत्युदंड को **असंवैधानिक घोषित नहीं** किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ◆ हालाँकि, जैसा कि **बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य** (1980) में रेखांकित किया गया है, सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे मामलों के लिये 5 श्रेणियाँ निर्धारित की हैं, जिनमें क्रूर हत्या, दुराचारी आशय और बड़े पैमाने के अपराध शामिल हैं, जिनमें मृत्युदंड दिया जाता है।
- **दया याचिका:**
  - ◆ दया याचिका एक औपचारिक अनुरोध है। यह अनुरोध किसी व्यक्ति (जिसे मृत्युदंड या कारावास की सज़ा दी गई हो) द्वारा राष्ट्रपति या राज्यपाल से दया की मांग करते हुए किया जाता है।
  - ◆ भारत में संवैधानिक ढाँचे के अनुसार, दया याचिका के लिये राष्ट्रपति से अनुरोध करना अंतिम संवैधानिक सहारा है। जब एक दोषी को कानून की अदालत द्वारा सज़ा सुनाई जाती है तो दोषी भारत के संविधान के **अनुच्छेद** 72 के तहत भारत के राष्ट्रपति को दया याचिका पेश कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ◆ इसी प्रकार भारत के संविधान के **अनुच्छेद** 161 के तहत राज्यों के राज्यपालों को क्षमा प्रदान करने की शक्ति दी गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

**58. (B)**

**व्याख्या:**

QUAD:

- यह ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक **अनौपचारिक कूटनीतिक गठबंधन** है, जिसका उद्देश्य एक **खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र** को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **QUAD जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और शमन पैकेज** (Q-CHAMP) हरित शिपिंग कॉरिडोर, स्वच्छ ऊर्जा सहयोग तथा जलवायु सूचना सेवाओं पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत की तरह अमेरिका का भी जापान एवं ऑस्ट्रेलिया दोनों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है। लेकिन अभी तक कोई QUAD FTA नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**59. (C)**

**व्याख्या:**

- **विश्व बैंक** विश्व की अर्थव्यवस्थाओं को चार आय समूहों में वर्गीकृत करता है- निम्न, निम्न-मध्यम, उच्च-मध्यम और उच्च आय वाले देश। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्गीकरण प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को अपडेट किये जाते हैं और विगत वर्ष के मौजूदा USD में **प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (GNI)** पर आधारित होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ◆ GNI किसी देश के लोगों और व्यवसायों द्वारा अर्जित कुल धनराशि है।

**60. (B)**

**व्याख्या:**

- मौद्रिक नीति किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा मुद्रा आपूर्ति और ब्याज दरों को नियंत्रित करने के लिये की जाने वाली कार्रवाइयों का एक समूह है।
- मौद्रिक नीति **राजकोषीय नीति से भिन्न** होती है जिसे **वित्त मंत्रालय द्वारा प्रबंधित किया जाता है** और यह भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यय और कराधान को मापता है। **अत: कथन-I सही है।**
- मौद्रिक नीति का निर्माण और प्रबंधन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा देश की समग्र मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन-II सही है।**
- MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीतिगत रेपो दर निर्धारित करती है, जबकि अन्य निर्णय RBI द्वारा लिये जाते हैं।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**61. (A)**

**व्याख्या:**

**वेस्ट बैंक:**

- वेस्ट बैंक **पश्चिम एशिया में एक स्थलरुद्ध** क्षेत्र है। इसमें पश्चिमी मृत सागर का एक प्रमुख भाग भी शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- अरब-इज़रायल युद्ध (1948) के बाद इस पर जॉर्डन ने कब्जा कर लिया था लेकिन वर्ष 1967 के छह दिवसीय युद्ध के दौरान इज़रायल ने इसे वापस छीन लिया और तब से इस पर कब्जा बनाए हुए है।
- वेस्ट बैंक, **इज़रायल और जॉर्डन** के बीच स्थित है।

**अन्य स्थान:**

- **गाजा पट्टी** भूमध्य सागर के किनारे स्थित है, मृत सागर के पास नहीं।
- **गोलन हाइट्स,** गैलिली सागर के उत्तर-पूर्व में स्थित है जो सीरिया और इजरायल की सीमा पर है।
- सिनाई **प्रायद्वीप** मिस्र में है, इज़रायल और जॉर्डन के बीच नहीं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**62. (C)**

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005:**

- **पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य:**
  - मनरेगा योजना के तहत **मज़दूरी रोज़गार की कानूनी गारंटी** प्रदान करने के लिये सितंबर, 2005 में मनरेगा पारित किया गया था।
  - **इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना** था, ताकि अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को प्रति वित्तीय वर्ष 100 दिन का मज़दूरी रोज़गार दिया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- **लक्ष्य समूह:**
  - लक्ष्य समूह में वे सभी ग्रामीण परिवार शामिल हैं जिन्हें रोज़गार की आवश्यकता है तथा जो शारीरिक, अकुशल कार्य करने के लिये तैयार हैं।
  - आवेदक अपना अनुरोध ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करते हैं, जो परिवारों को पंजीकृत करती है तथा सत्यापन के बाद जॉब कार्ड जारी करती है।
  - **वेतन चाहने वालों में** कम से कम एक तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अन्य प्रावधान:**
  - रोज़गार कम-से-कम 14 दिन लगातार चलना चाहिये तथा प्रति सप्ताह अधिकतम छह कार्यदिवस होने चाहिये।
  - ग्राम **पंचायत या ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी को** आवेदन के 15 दिनों के भीतर, आदर्शत: आवेदक के गाँव के 5 किलोमीटर के भीतर, कार्य उपलब्ध कराना होगा।
  - इससे अधिक कार्य करने पर परिवहन और जीवन-यापन लागत के लिये 10% अतिरिक्त वेतन की आवश्यकता होती है।
  - यदि 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो **बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है** जो पहले 30 दिनों के लिये मजदूरी दर का एक-चौथाई और बाकी के लिये कम से कम आधा होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**63. (A)**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन जैकपॉट:**

- 15 मई, 1971 को भारत ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध में लगे **मुक्ति वाहिनी सेनानियों की भर्ती, प्रशिक्षण, शस्त्र, उपकरण, आपूर्ति और सलाह देने के लिये** ऑपरेशन जैकपॉट शुरू किया।
- 3 दिसंबर, 1971 को भारत ने पूर्वी पाकिस्तान में बंगाली मुसलमानों और हिंदुओं को बचाने के लिये पाकिस्तान के साथ युद्ध करने का फैसला किया। युद्ध 13 दिनों तक चला।
- इसके बाद भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बीच एक लिखित समझौता लागू हुआ, जिससे **बांग्लादेश मुक्ति संग्राम** समाप्त हो गया।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**64. (B)**

**व्याख्या:**

**भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 (ISFR):**

- हाल ही में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18वीं भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2023 (ISFR 2023) जारी की।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **ISFR को भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) द्वारा वर्ष 1987 से द्विवार्षिक आधार** पर प्रकाशित किया जाता है।
- देश का कुल वन एवं वृक्ष आवरण **8,27,356.95 वर्ग कि.मी.** है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का **25.17%** है।
- देश के वन और वृक्ष आवरण में 1,445.81 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है, जिसमें वर्ष 2021 की तुलना में वन आवरण में 156.41 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**65. (D)**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 355**- संघ का कर्त्तव्य है कि वह राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाए। **अत: युग्म 1 सुमेलित है।**
- **अनुच्छेद 356**- यदि किसी राज्य की सरकार संविधान के अनुसार कार्य करने में विफल रहती है तो राष्ट्रपति राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा सकते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **अनुच्छेद 365** - यदि कोई राज्य संघ के निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है, तो राष्ट्रपति इसे संवैधानिक तंत्र की विफलता मान सकते हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- अनुच्छेद 352 - राष्ट्रपति युद्ध, बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकता है। **अत: युग्म 4 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प D सही है।**

**66. (C)**

**व्याख्या:**

**समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस), 1982:**

- यह एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और सामुद्रिक गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है।
- इसे समुद्र का कानून भी कहा जाता है।
- यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है जो समुद्री क्षेत्रों में राज्य के अधिकार क्षेत्र के लिये रूपरेखा निर्धारित करता है। यह विभिन्न समुद्री क्षेत्रों को एक अलग कानूनी दर्जा प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है, अर्थात् आंतरिक जल, प्रादेशिक समुद्र, सन्निहित क्षेत्र, विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ), और उच्च समुद्र। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह तटीय राज्यों और महासागरों में नौवहन करने वालों द्वारा अपतटीय शासन के लिये आधार प्रदान करता है।
- यह न केवल तटीय राज्यों के अपतटीय क्षेत्रों को वर्गीकृत करता है, बल्कि पांच संकेंद्रित क्षेत्रों में राज्यों के अधिकारों और जिम्मेदारियों के लिये विशिष्ट मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

**67. (B)**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अब्राहम एकॉर्ड** वर्ष 2020 में **इज़रायल और विभिन्न अरब देशों के बीच** हस्ताक्षरित समझौतों की एक शृंखला है, जो मध्य पूर्व में राजनयिक संबंधों में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है।
- इस समझौते का नाम 'अब्राहम एकॉर्ड' रखा गया, जो यहूदियों और अरबों के कथित समान पूर्वज, बाइबिल में वर्णित अब्राहम के संदर्भ में था, तथा भाईचारे की अभिव्यक्ति के रूप में था।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**68. (B)**

**व्याख्या:**

- विकासशील देशों में सार्वजनिक ऋण विकसित देशों की तुलना में दोगुनी दर से बढ़ रहा है। **अत: कथन I सही है।**
  - यह वर्ष 2010 में 16% से बढ़कर वर्ष 2023 में 29 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (वैश्विक कुल का 30%) तक पहुँच गया।
- लगभग 50% विकासशील देश अब अपने सरकारी राजस्व का कम से कम 8% अपने ऋणों के भुगतान के लिये समर्पित कर रहे हैं, यह संख्या पिछले दस वर्षों में दोगुनी हो गई है।
  - वर्तमान में, विकासशील देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का बड़ा हिस्सा जलवायु प्रयासों (2.1%) की तुलना में ब्याज भुगतान (2.4%) पर खर्च कर रहे हैं।
- भारत ने एक व्यापक और मानव-केंद्रित "वैश्विक विकास समझौता" शुरू किया है जिसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ के भीतर

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

व्यापार, सतत् विकास, प्रौद्योगिकी साझाकरण और रियायती वित्तपोषण को बढ़ावा देना है। **अतः कथन II सही है।**

- इसकी एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह विकास वित्त की आड़ में विकासशील देशों पर **ऋण का भार नहीं डालेगा,** बल्कि इसके बजाय सतत् और न्यायसंगत प्रगति पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- तीसरे वर्चुअल वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में घोषित यह पहल भाग लेने वाले देशों की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप है।

- वैश्विक विकास समझौता भारत के विकास अनुभव और विकास साझेदारी पर आधारित है, जो बहु-क्षेत्रीय, समावेशी दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**69. ( C )**

**व्याख्या:**

- भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन के लिये **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ( NPCI ),** भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) की एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में एक मज़बूत भुगतान एवं निपटान अवसंरचना का निर्माण करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे **कंपनी अधिनियम 1956** की धारा 25 (अब कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8) के प्रावधानों के अंतर्गत एक **"लाभ-रहित" कंपनी** के रूप में शामिल किया गया है जिसका उद्देश्य भारत में संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली में भौतिक के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक भुगतान निपटान प्रणालियों हेतु बुनियादी ढाँचा प्रदान करना है।
- कंपनी परिचालन में अधिक दक्षता प्राप्त करने एवं भुगतान प्रणालियों की पहुँच को व्यापक बनाने के लिये प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से **खुदरा भुगतान प्रणालियों** में नवाचार लाने पर केंद्रित है।
- **तत्काल भुगतान सेवा ( IMPS )** से मोबाइल आधारित अंतर-संचालनीय निधि अंतरण सेवा मिलती है, जिसमें प्रेषक और लाभार्थी दोनों को तत्काल भुगतान की पुष्टि की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ( UPI )** लेनदेन का निपटान IMPS के माध्यम से किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**70. ( B )**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (IFSC) में सभी वित्तीय सेवाओं को विनियमित करने के लिये **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण** की स्थापना की है जिसका मुख्यालय गांधीनगर (गुजरात) में है।
- यह प्राधिकरण IFSC में **वित्तीय उत्पादों जैसे प्रतिभूतियों,** जमाओं या बीमा, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के अनुबंधों को विनियमित करने पर केंद्रित है जिन्हें पहले किसी उपयुक्त नियामक जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) आदि द्वारा अनुमोदित किया गया है।
- यह IFSC में किसी भी अन्य वित्तीय उत्पाद, वित्तीय सेवाओं या वित्तीय संस्थानों को भी विनियमित करेगा, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है।
- यह **केंद्र सरकार** को किसी अन्य वित्तीय उत्पाद, वित्तीय सेवाओं या वित्तीय संस्थानों की भी सिफारिश कर सकता है, जिन्हें IFSC में अनुमति दी जा सकती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**71. ( C )**

**व्याख्या:**

- **केंद्रीय बजट 2025** में मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन और विपणन को बढ़ावा देने के लिये बिहार में **मखाना बोर्ड** की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2022 में 'मिथिला मखाना' को **भौगोलिक संकेतक ( GI )** प्रदान किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**72. (B)**

**व्याख्या:**

- डीपसीक AI जैसे अनुप्रयोगों पर प्रतिबंध लगाने की भारत की क्षमता उसके कानूनी ढाँचे द्वारा अच्छी तरह से समर्थित है।
- ऐसी कार्यवाहियों के लिये प्राथमिक तंत्र **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT अधिनियम) की धारा 69A** है। धारा 69A केंद्र सरकार को सूचना तक सार्वजनिक पहुँच को अवरुद्ध करने का अधिकार देती है। **अतः कथन-I सही है।**
- धारा 69A के अतिरिक्त, सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 (IT नियम) के नियम 3(1)(d) में ऐप को हटाने के लिये एक अतिरिक्त प्रावधान प्रदान किया गया है और दोनों प्रावधानों के तहत ऐप को हटाने के पहले के उदाहरण भी मौजूद हैं।
- हालाँकि IT अधिनियम की धारा 79(3)(b) के साथ नियम 3(1)(d) के तहत टेकडाउन प्रक्रिया के आसपास कुछ कानूनी अनिश्चितता है, लेकिन न्यायिक रोक के अभाव में टेकडाउन व्यवस्था वैध और लागू करने योग्य है।
- ***श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ*** (2015) में सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 69A की संवैधानिकता को बरकरार रखा। **अतः कथन-II सही है।**
  - इसी निर्णय में न्यायालय ने IT अधिनियम की धारा 66A को अत्यधिक व्यापक एवं अस्पष्ट होने के कारण असंवैधानिक करार दिया था।
- धारा 69A के प्रावधानों को बरकरार रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने प्रक्रियागत सुरक्षा और पारदर्शिता पर जोर दिया।
- इसने धारा 79(3)(b) को भी कमतर करके वास्तविक ज्ञान को न्यायालय के आदेश या अधिसूचित सरकारी एजेंसी के निर्देश के रूप में परिभाषित किया।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**73. (D)**

**व्याख्या:**

- **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)** के पक्षकारों के 29वें सम्मेलन (COP29) में कार्बन बाज़ारों के लिये तंत्र को अंतिम रूप देने के लिये एक ऐतिहासिक समझौता हुआ, जिसमें **देश-दर-देश व्यापार** (पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6.2) और संयुक्त राष्ट्र (UN) के तहत एक केंद्रीकृत कार्बन बाज़ार (पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6.4) शामिल है।
- **अनुच्छेद 6.2,** देशों के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के आधार पर कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने के लिये द्विपक्षीय समझौतों की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पेरिस एग्रीमेंट क्रेडिटिंग मैकेनिज्म** (जिसे अनुच्छेद 6.4 के रूप में भी जाना जाता है) का उद्देश्य एक केंद्रीकृत, संयुक्त राष्ट्र-प्रबंधित कार्बन उत्सर्जन ऑफसेट और व्यापार प्रणाली विकसित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**74. (B)**

**व्याख्या:**

- **भारतीय वन सर्वेक्षण** के अनुसार, देश के 36% से अधिक वन क्षेत्र में आग लगने की आशंका है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत ने वन अग्नि प्रबंधन को संबोधित करने के लिये कई नीतियाँ और योजनाएँ बनाई हैं, जैसे वनाग्नि पर राष्ट्रीय कार्य योजना और वनाग्नि रोकथाम और प्रबंधन योजना (FFPMS)। केंद्र द्वारा प्रायोजित FFPMS **राज्य सरकारों को** उनकी वनाग्नि रोकथाम और प्रबंधन क्षमताओं को मज़बूत करने में सहायता करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**75. (B)**

**व्याख्या:**

- NotPetya **अत्यधिक विनाशकारी मैलवेयर है** और यह विंडोज सिस्टम की कमज़ोरियों का फायदा उठाता है, जिसमें इटरनलब्लू और इटरनलरोमांस (वानाक्राई हमले में प्रयुक्त समान मैलवेयर) शामिल हैं।
- WannaCry रैनसमवेयर हमला विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम की **कमज़ोरियों का फायदा उठाता है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- डेनियल ऑफ सर्विस (DoS) से हमला तब होता है जब **वैध उपयोगकर्त्ता** दुर्भावनापूर्ण साइबर खतरा उत्पन्न करने वाली गतिविधियों के कारण सूचना प्रणालियों, उपकरणों या अन्य नेटवर्क संसाधनों तक पहुँचने में असमर्थ होते हैं।
- डिस्ट्रीब्यूटेड डेनियल ऑफ सर्विस (DDoS) हमला **एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है, जिसमें लक्षित सर्वर, सेवा या नेटवर्क के सामान्य ट्रैफिक को बाधित** करने के लिये उसे कई स्रोतों से अत्यधिक इंटरनेट ट्रैफिक भेजकर अधिभारित किया जाता है। इस प्रकार के साइबर हमले का उद्देश्य लक्ष्य प्रणाली को उसके इच्छित उपयोगकर्त्ताओं के लिये अनुपलब्ध बनाना होता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**76. (A)**

**व्याख्या:**

- प्रतिस्पर्द्धी संघवाद राज्यों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियाँ बनाने की अनुमति देकर **आर्थिक दक्षता** को बढ़ाता है, जिससे उच्च विकास, निवेश में वृद्धि और रोज़गार सृजन होता है।
- प्रतिस्पर्द्धी संघवाद **नीतिगत नवाचार** को बढ़ावा देता है, क्योंकि राज्य प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने के लिये शासन मॉडल, नियामक सुधारों और सार्वजनिक सेवा वितरण के साथ प्रयोग करते हैं।
- प्रतिस्पर्द्धी संघवाद **राजकोषीय अनुशासन** को मज़बूत करता है, क्योंकि राज्यों को व्यवसायों को आकर्षित करने और निवेशकों का विश्वास बनाए रखने के लिये राजस्व सृजन और उत्तरदायित्वपूर्ण व्यय के बीच संतुलन बनाना चाहिये।
- प्रतिस्पर्द्धी संघवाद **लोक सेवा की गुणवत्ता में सुधार** करता है, क्योंकि प्रतिस्पर्धा राज्यों को कुशल श्रमिकों और व्यवसायों को बनाए रखने के लिये बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने के लिये प्रेरित करती है।
- प्रतिस्पर्द्धी संघवाद निर्णय लेने में **राज्य की स्वायत्तता को कम करने के बजाय उसे मज़बूत करता है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**77. (C)**

**व्याख्या:**

- **भारत ट्रेडनेट (BTN)**, निर्यात दस्तावेज़ीकरण को सुव्यवस्थित करने और नौकरशाही देरी को कम करने के लिये DGFT, GSTN और बैंकों जैसे प्रमुख अभिकर्त्ताओं को एकीकृत करने के लिये एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बीमा क्षेत्र में **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** की सीमा उन कंपनियों के लिये 74% से बढ़ाकर 100% कर दी जाएगी जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**78. (A)**

**व्याख्या:**

- **विहान कुमार बनाम हरियाणा राज्य** मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि **हिरासत में लिये गए व्यक्ति को** गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित करने में कानून प्रवर्तन अधिकारी की निष्क्रियता, संविधान का उल्लंघन है और इसलिये यह अवैध है। **अत: कथन-I सही है।**
- संविधान के अनुच्छेद 22(1) के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के कारणों के बारे में तुरंत सूचित किया जाना चाहिये और उसे अपनी पसंद के कानूनी विशेषज्ञ से परामर्श करने एवं बचाव करने का अधिकार होना चाहिये। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**79. (B)**

**व्याख्या:**

- दिवालियापन एक ऐसी स्थिति है जहाँ **किसी व्यक्ति या संगठन की देनदारियाँ उसकी संपत्ति से अधिक हो** जाती हैं और वह संस्था अपने **दायित्वों या ऋणों को पूरा करने के लिये पर्याप्त नकदी जुटाने में असमर्थ** होती है क्योंकि उनका भुगतान बकाया हो जाता है। **अत: कथन-I सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- दिवालियापन तब होता है जब किसी व्यक्ति या कंपनी को **कानूनी तौर पर उनके देय और देय बिलों** का भुगतान करने में असमर्थ घोषित कर दिया जाता है।
- दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016 कंपनियों, व्यक्तियों एवं साझेदारियों के दिवालियेपन को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है।
- IBC, 2016 का उद्देश्य दिवालियापन समाधान के लिये **समयबद्ध और ऋणदाता-संचालित प्रक्रिया** प्रदान करने के साथ देश में ऋण संस्कृति तथा कारोबारी माहौल में सुधार करना है। **अत: कथन-II सही है।**
- IBC के तहत दिवालिया कंपनियों से जुड़े दावों का निपटारा किया जाता है। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली को प्रभावित करने वाले बैड लोन की समस्याओं का समाधान करना था।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**80. (A)**

**व्याख्या:**

- **वस्तु एवं सेवा कर (GST)** एक मूल्यवर्द्धित कर प्रणाली है जिसे भारत में वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाता है।
- यह एक **व्यापक अप्रत्यक्ष कर** है जिसे भारत में 1 जुलाई 2017 को **101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम** से 'एक राष्ट्र एक कर' के नारे के साथ प्रस्तुत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- नियमित करदाताओं के लिये प्राथमिक GST स्लैब वर्तमान में 0% (शून्य-रेटेड), 5%, 12%, 18% और 28% हैं।
- कुछ GST दरों का प्रयोग कम होता है, जैसे 3% और 0.25%।
- GST परिषद एक **संवैधानिक निकाय है** जो भारत में GST के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संशोधित संविधान के अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार, GST परिषद का गठन राष्ट्रपति द्वारा किया गया था।

**81. (A)**

**व्याख्या:**

**कार्बन बाज़ार:**

- कार्बन बाज़ार, **बाज़ार आधारित तंत्र हैं, जिन्हें व्यक्तियों** और संगठनों को उनके कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन देकर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- ये **कैप-एंड-ट्रेड के सिद्धांत पर कार्य करते हैं,** जहाँ सरकार या नियामक निकाय किसी विशिष्ट क्षेत्राधिकार के भीतर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की कुल मात्रा पर एक सीमा निर्धारित करता है।
- **कार्बन बाज़ार के प्रकार:**
  - **अनुपालन बाज़ार:** ये बाज़ार अनिवार्य होते हैं, जहाँ विनियमित संस्थाओं को अपने उत्सर्जन की भरपाई करने के लिये कार्बन क्रेडिट खरीदना आवश्यक होता है। अक्सर, ये संस्थाएँ बड़े औद्योगिक प्रदूषक होती हैं।
  - **स्वैच्छिक बाजार:** ये बाज़ार स्वैच्छिक होते हैं, जो व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को विनियामक आवश्यकताओं से परे अपने उत्सर्जन की भरपाई के लिये कार्बन क्रेडिट खरीदने की अनुमति देते हैं।
- भारत विकेंद्रीकृत स्वैच्छिक बाज़ार में कार्बन क्रेडिट का एक महत्त्वपूर्ण निर्यातक है, जिसकी क्रेडिट मूल्य प्रति वर्ष लगभग 200-300 अरब अमेरिकी डॉलर होती है, वर्ष 2022 में यह वैश्विक आपूर्ति का 17% थी।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**82. (A)**

**व्याख्या:**

**उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI):**

- PLI योजना की परिकल्पना **घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने,** आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन को बढ़ाने के लिये की गई थी। **अत: कथन-I सही है।**
- मार्च 2020 में आरंभ की गई इस योजना ने शुरुआत में तीन उद्योगों को लक्षित किया:

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- मोबाइल एवं संबद्ध घटक विनिर्माण
- विद्युत घटक विनिर्माण और
- चिकित्सा उपकरण।

- यह योजना वर्तमान में 14 प्रमुख क्षेत्रों में सक्रिय है: मोबाइल विनिर्माण, चिकित्सा उपकरणों का विनिर्माण, ऑटोमोबाइल और ऑटो घटक, फार्मास्यूटिकल्स, ड्रग्स, विशेष इस्पात, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, श्वेत वस्तु (AC और LED), खाद्य उत्पाद, वस्त्र उत्पाद, सौर PV मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल (ACC) बैटरी, और ड्रोन और ड्रोन घटक।
- PLI योजना के तहत, **घरेलू और विदेशी कंपनियों को** भारत में विनिर्माण के लिये वित्तीय पुरस्कार मिलते हैं, जो उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर पाँच वर्षों तक होता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**83. (C)**

**व्याख्या:**

**नॉर्डिक-बाल्टिक आठ (NB-8) देश:**

- भारत के प्रधानमंत्री ने एस्टोनिया के राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों ने **भारत-नॉर्डिक-बाल्टिक ढाँचे के भीतर मंत्रिस्तरीय आदान-प्रदान शुरू करने के लिये समर्थन व्यक्त किया।**
- इस सहयोग में भारत और **नॉर्डिक-बाल्टिक आठ (NB-8) देश शामिल हैं।**
    - NB-8 समूह में पाँच नॉर्डिक देश- डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन तथा तीन बाल्टिक देश- एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया शामिल हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**84. (A)**

**व्याख्या:**

- **लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR)** उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं, जिन्हें बेहतर सुरक्षा और दक्षता के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिनकी विद्युत उत्पादन क्षमता 30 मेगावाट से लेकर 300 मेगावाट तक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **असैन्य परमाणु दायित्व संबंधी कानून** यह सुनिश्चित करते हैं कि परमाणु परिघटना या आपदा के कारण हुए परमाणु नुकसान के लिये पीड़ितों को मुआवज़ा उपलब्ध हो तथा यह निर्धारित किया जाए कि उस नुकसान के लिये कौन उत्तरदायी होगा।
- भारत ने परमाणु दुर्घटना के पीड़ितों के लिये त्वरित मुआवज़ा तंत्र स्थापित करने के लिये वर्ष 2010 में **परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम (CLNDA) लागू किया। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- CLNDA परमाणु संयंत्र संचालक पर सख्त और बिना दोष सिद्ध दायित्व (नो-फॉल्ट लाइबिलिटी) का प्रावधान करता है, जिसके तहत उसे किसी भी गलती के बिना हुए नुकसान के लिये भी उत्तरदायी ठहराया जाएगा।
- इसमें दुर्घटना से हुई क्षति की स्थिति में ऑपरेटर को 1,500 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है।
- इसके तहत ऑपरेटर को बीमा या अन्य वित्तीय सुरक्षा के माध्यम से देयता को कवर करना भी आवश्यक है।

**85. (A)**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI):**

- राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) **भारतीय राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिये एक मूल्यांकन उपकरण है,** जो सुधार के विशिष्ट क्षेत्रों पर प्रकाश डालता है।
    - राजकोषीय प्रशासन को बढ़ाने के लिये, राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग) ने अपना पहला राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025 लॉन्च किया।
- यह सूचकांक वर्ष 2022-23 के लिये 18 प्रमुख भारतीय राज्यों के **राजकोषीय स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करता है,** तथा डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करता है जो राज्य स्तर पर नीतिगत हस्तक्षेपों का मार्गदर्शन करेगा।
- FHI पाँच प्रमुख उप-सूचकांकों के आधार पर राज्यों को रैंकिंग प्रदान करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

**86. (B)**

**व्याख्या:**

- विद्युत संरक्षण अधिनियम, 2001 और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के आधार पर भारत ने कार्बन क्रेडिट सर्टिफिकेट का व्यापार करके ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (GHG उत्सर्जन) को कम करने के लिये कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS) आरंभ की। **अतः कथन-I सही है।**
- CCTS का अनुपालन खंड 2025-26 में शुरू होगा, जिससे गैर-बाध्यकारी संस्थाओं को कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र (CCC) में भाग लेने और व्यापार करने की अनुमति मिलेगी।
- **निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना** एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (REC) प्रणाली भारत में मौजूदा बाज़ार आधारित उत्सर्जन कटौती योजनाएँ हैं।
- **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)** और भारतीय कार्बन बाज़ार के लिये राष्ट्रीय संचालन समिति (NSCICM) कठोर निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्बन क्रेडिट की अखंडता सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार हैं। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**87. (B)**

**व्याख्या:**

**ई-श्रम पोर्टल:**

- ई-श्रम पोर्टल को वर्ष 2021 में **असंगठित श्रमिकों के लिये "वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" के रूप में लॉन्च किया गया था** ताकि संपूर्ण भारत में प्रवासी या असंगठित श्रमिकों के लिये एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाया जा सके और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँच की सुविधा मिल सके।
- इसे राष्ट्रीय करियर सेवा (NCS) पोर्टल, स्किल इंडिया डिजिटल हब (SIDH), मायस्कीम पोर्टल और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (PMSYM) योजना के साथ एकीकृत किया गया है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**88. (D)**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 200 राज्यपाल की उन शक्तियों से संबंधित** है, जो **राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों** को स्वीकृति देने तथा अन्य शक्तियों, जैसे विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने, से जुड़ी होती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 201** राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिये आरक्षित विधेयकों से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**89. (A)**

**व्याख्या:**

**तदर्थ न्यायाधीश:**

- तदर्थ न्यायाधीश **अस्थायी न्यायाधीश होते हैं,** जिन्हें न्यायालय में नियुक्त किया जाता है, आमतौर पर विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये जैसे कि लंबित मामलों को कम करना या स्थायी न्यायाधीशों के उपलब्ध न होने पर रिक्तियों को भरना आदि। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 224A** किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रपति की स्वीकृति (सेवानिवृत्त न्यायाधीश की सहमति के साथ) से अस्थायी रूप से सेवा करने के लिये सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - **अनुच्छेद 201** राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिये आरक्षित विधेयकों से संबंधित है।
- इस प्रक्रिया का उल्लेख **मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर (MOP) 1998 में किया गया है,** जिसे उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये कॉलेजियम प्रणाली के बाद बनाया गया था।
- MOP के अनुसार सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा नियुक्ति पर सहमति देने के बाद, मुख्य न्यायाधीश को उनका नाम और नियुक्ति की अवधि का विवरण राज्य के मुख्यमंत्री को भेजना होगा।
- मुख्यमंत्री यह सिफारिश केंद्रीय कानून मंत्री को भेजेंगे, जो सिफारिश और CJI की सलाह को भारत के प्रधानमंत्री को भेजने से पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) से परामर्श करेंगे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को सलाह देंगे कि उन्हें स्वीकृति देनी है या नहीं।
- **लोक प्रहरी बनाम भारत संघ मामले, 2021** में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये सिफारिशें सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के माध्यम से ही होनी चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**
  - लोक प्रहरी बनाम भारत संघ मामले, 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये निम्नलिखित आवश्यकताएँ निर्धारित कीं।
    - **रिक्ति सीमा:** न्यायाधीशों के स्वीकृत पद के 20% से अधिक पद रिक्त हों।
    - **लंबित मामले:** लंबित मामलों का 10% से अधिक भाग 5 वर्ष से अधिक पुराना हो।
    - **नियमित नियुक्तियों को प्राथमिकता:** तदर्थ नियुक्ति प्रक्रिया, नियमित न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद ही शुरू की जा सकती है।

**90. (C)**

**व्याख्या:**


- **हरिकेन की संभाव्यता** वह ऊष्मा मात्रा है, जो महासागरों में 26 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान सीमा के ऊपर संचित होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हरिकेन की संभाव्यता विषुवत रेखा के आसपास स्थित **सभी ज्ञात चक्रवात उत्पत्ति क्षेत्रों** में उष्णकटिबंधीय महासागरों में उपलब्ध और अनुकूल रहती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - चक्रवात तब उत्पन्न होता है जब पवन की गति 18 मीटर/सेकंड की सीमा को पार कर जाती है।

**91. (A)**

**व्याख्या:**

**पनामा नहर:**

- यह पनामा में 82 किलोमीटर लंबा एक कृत्रिम जलमार्ग है जो अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पनामा के इस्तमुस को पार करते हुए समुद्री व्यापार के लिये एक मार्ग प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इससे न्यूयॉर्क और सैन फ्रैंसिस्को के बीच की यात्रा में लगभग 12,600 किलोमीटर की कमी आती है।
- पहला जहाज़ 15 अगस्त 1914 को पनामा नहर से गुजरा था।




**92. (B)**

**व्याख्या:**

- **जर्मनवाच ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2025** की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1993 से 2022 के बीच भारत चरम मौसमी घटनाओं से होने वाली मौतों और क्षति के मामले में छठा सबसे अधिक प्रभावित देश था, जहाँ 80,000 मौतें हुईं और 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर (USD) का नुकसान हुआ।
- **भारत सहित** दस सबसे अधिक प्रभावित देशों में से सात को अंतर्राष्ट्रीय डेटाबेस से प्राप्त चरम मौसमी घटना डेटा और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के सामाजिक-आर्थिक डेटा के आधार पर रैंक किया गया है और ये राष्ट्र मुख्य रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देश (LMIC) हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- उच्च आय वाले राष्ट्रों का तर्क है कि भारत और चीन जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये अधिक ज़िम्मेदारी लेनी चाहिये।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**93. (C)**

**व्याख्या:**

**लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SRM):**

- SMR **उन्नत परमाणु रिएक्टर** होते हैं जिनकी विद्युत क्षमता 300 मेगावाट (e) प्रति यूनिट तक होती है, जो पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता का लगभग एक-तिहाई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- SMR बड़ी मात्रा में न्यून कार्बन वाली विद्युत का उत्पादन कर सकते हैं, जो इस प्रकार है:
  - **स्मॉल:** भौतिक रूप से यह पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टर की तुलना में बहुत छोटे होते हैं।
  - **मॉड्यूलर:** सिस्टम और घटकों को फैक्टरी में असेंबल करना और स्थापना के लिये एक इकाई के रूप में किसी स्थान पर ले जाना संभव बनाना।
  - **रिएक्टर:** ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु ऊष्मा पैदा करने के लिये परमाणु विखंडन का उपयोग करना।
- इनके डिज़ाइन में उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ शामिल हैं, जो अनियंत्रित रेडियोधर्मी सामग्री के निकलने के जोखिम को कम करती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- SMR को 90% से अधिक क्षमता कारकों के साथ 40-60 वर्षों तक संचालित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**94. (A)**

**व्याख्या:**

- मुद्रा का अधिमूल्यन और अवमूल्यन विदेशी मुद्रा बाज़ार में अन्य मुद्राओं के सापेक्ष मुद्रा के मूल्य में परिवर्तन को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2013 से भारत सहित सभी उभरते बाज़ारों की मुद्राओं की **डॉलर के मुकाबले स्थिति कमज़ोर हुई है,** क्योंकि इस अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अनेक संकट आए। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध, कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन संघर्ष, वैश्विक मुद्रास्फीति और अन्य भू-राजनीतिक तनावों के कारण जनित **कमोडिटी मंदी के कारण सुरक्षित मुद्रा** के रूप में डॉलर का प्रभुत्व बढ़ा।

**95. (B)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA):**

- भारत सरकार ने ऑडिट नियामक के रूप में कार्य करने के लिये **कंपनी अधिनियम, 2013** की धारा 132(1) के तहत 2018 में NFRA की स्थापना की। **अत: कथन 1 सही है।**
  - NFRA के गठन का निर्णय पंजाब नेशनल बैंक सहित विभिन्न कॉर्पोरेट घोटालों में कथित खामियों के लिये लेखा परीक्षकों और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की भूमिका जाँच के दायरे में आने के बाद लिया गया था।
- इसमें **एक अध्यक्ष** होगा, जो एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा और लेखा, लेखा परीक्षा, वित्त या कानून में विशेषज्ञता रखेगा, जिसे केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा और ऐसे अन्य सदस्यों की संख्या पंद्रह से अधिक नहीं होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह केंद्र सरकार के अनुमोदन के लिये कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली लेखांकन एवं लेखापरीक्षा नीतियों एवं मानकों की सिफारिश करता है।
  - लेखांकन मानकों और लेखापरीक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करना और उसे लागू करना।
  - ऐसे मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने से जुड़े व्यवसायों की सेवा की गुणवत्ता की देखरेख करना तथा सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिये उपाय सुझाना।
- इसके **खाते की निगरानी** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**96. (C)**

**व्याख्या:**

- वक्फ मुस्लिम कानून द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये चल या अचल संपत्तियों का स्थायी समर्पण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में वक्फों को वक्फ अधिनियम, 1995 द्वारा विनियमित किया जाता है।
- वक्फ विशेष रूप से धार्मिक और धर्मार्थ उपयोग के लिये स्थापित किये जाते हैं और इनका स्वरूप स्थायी होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके विपरीत, **भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882** के तहत ट्रस्ट व्यापक उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते हैं और बोर्ड द्वारा उन्हें भंग किया जा सकता है।
- वे या तो सार्वजनिक हो सकते हैं, धर्मार्थ प्रयोजनों के लिये, या निजी हो सकते हैं, जिससे संपत्ति के मालिक के प्रत्यक्ष वंशजों को लाभ होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**97. (C)**

**व्याख्या:**

- **कोर मुद्रास्फीति** के तहत खाद्य एवं ईंधन जैसी अस्थिर वस्तुओं को छोड़कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **ओपन मुद्रास्फीति** से तात्पर्य सरकार की ओर से किसी भी दमनात्मक उपाय के बिना मूल्य स्तरों में वृद्धि होने से है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **आधार प्रभाव** किसी चर की वृद्धि दर में विकृति है जो पिछले वर्ष की समान अवधि में असामान्य रूप से उच्च या निम्न मूल्य के कारण होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**98. (B)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद 356):**

- **भारतीय संविधान के भाग XVIII में शामिल अनुच्छेद 355 और 356** (अनुच्छेद 352 से 360 तक) में आपातकाल के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों की भूमिकाओं को परिभाषित किया गया है।
  - **अनुच्छेद 355:** अनुच्छेद 355 संविधान में उस प्रावधान को संदर्भित करता है जिसमें कहा गया है कि "संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से प्रत्येक राज्य की रक्षा करे, साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित करे कि प्रत्येक राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार कार्य करे।"
  - **अनुच्छेद 356:** इसके तहत केंद्र किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र के विफल होने या व्यवधान/अवरोध की स्थिति उत्पन्न होने पर राज्य सरकार के कार्यों को अपने अधीन ले लेता है।
- इसकी घोषणा तब की जा सकती है जब किसी राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार ऐसे कारणों से नहीं चल पा रही हो जिनका **युद्ध, बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से कोई संबंध न** हो।
- इसके संचालन के दौरान, **राज्य कार्यकारिणी को बर्खास्त** कर दिया जाता है और राज्य विधानमंडल को या तो निलंबित कर दिया जाता है या भंग कर दिया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके प्रभाव में बने रहने की अधिकतम अवधि **तीन वर्ष** निर्धारित की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संसद में इसकी घोषणा या इसके जारी रहने को मंज़ूरी देने वाला प्रत्येक प्रस्ताव **केवल साधारण बहुमत** से ही पारित किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**99. (D)**

**व्याख्या:**

**तीस्ता नदी:**

- **तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र** (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) की एक सहायक नदी है, जो भारत और बांग्लादेश से होकर प्रवाहित होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सिक्किम के **चुनथांग के पास हिमालय से निकलती है** तथा बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मूलत: यह नदी दक्षिण की ओर प्रवाहित होती हुई सीधे **पद्मा नदी** (बांग्लादेश में गंगा की मुख्य धारा) में मिल जाती थी, लेकिन वर्ष 1787 के आसपास नदी ने अपना मार्ग बदल लिया तथा पूर्व की ओर बहने लगी और जमुना नदी में मिल गई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME


IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- तीस्ता बैराज बाँध ऊपरी पद्मा और यमुना के बीच के **मैदानी इलाकों में सिंचाई उपलब्ध कराने में मदद** करता है।
- तीस्ता नदी जल विवाद भारत और बांग्लादेश के बीच सबसे विवादास्पद मुद्दों में से एक है।

**The Ganges-Brahmaputra Basin**




**100. ( C )**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन:**

- केंद्रीय **बजट 2025-26 में मेक इन इंडिया** को आगे बढ़ाने के लिये सूक्ष्म, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने के लिये "राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन" की घोषणा की गई।
  - राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन **पाँच मुख्य क्षेत्रों पर ज़ोर** देता है, जैसे कि व्यापार करने में आसानी और लागत; मांग वाली नौकरियों के लिये भविष्य के लिये तैयार कार्यबल; एक जीवंत और गतिशील MSME क्षेत्र; प्रौद्योगिकी की उपलब्धता; और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद। **अत: कथन 1 सही है।**
- **मिशन स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण** का भी समर्थन देगा तथा इसका उद्देश्य घरेलू मूल्य संवर्द्धन में सुधार करना और सौर पीवी सेल, ईवी बैटरी, मोटर एवं नियंत्रक, इलेक्ट्रोलाइज़र, पवन टर्बाइन, बहुत उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन उपकरण और ग्रिड-स्केल बैटरी के लिये पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। **अत: कथन 2 सही है।**


**101. ( A )**

**व्याख्या:**

- **सागर द्वीप, जिसे गंगा सागर या सागरद्वीप** भी कहा जाता है, गंगा डेल्टा में स्थित है, जो **बंगाल की खाड़ी के महाद्वीपीय शेल्फ तक विस्तृत है।**
  - यह मुरीगंगा नदी द्वारा महिसानी द्वीप से अलग होता है, जो रेतीले समूह का हिस्सा है, जिसमें महिसानी और घोरामारा द्वीप शामिल हैं।
  - सुंदरवन के बाकी हिस्सों के विपरीत, सागर द्वीप में मैंग्रोव वन, बाघ आवास या छोटी सहायक नदियाँ नहीं पाई जाती हैं।
- यह द्वीप एक प्रमुख हिंदू तीर्थस्थल है, जहाँ मकर संक्रांति के साथ होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है। इस आयोजन को कुंभ मेले के बाद विश्व भर में दूसरा सबसे बड़ा मानव समागम माना जाता है।
- **बंगाल की खाड़ी से बढ़ते समुद्र स्तर** सागर द्वीप के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा उत्पन्न कर रहे हैं, जहाँ तटीय अपरदन पवित्र कपिल मुनि मंदिर, जो एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, से केवल 450 मीटर की दूरी तक पहुँच चुका है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:




- **अत: विकल्प A सही है।**

**102. ( B )**

**व्याख्या:**

- **वैवाहिक बलात्कार** एक प्रकार की अंतरंग साथी हिंसा है जिसमें पति-पत्नी के बीच **जबरन यौन संबंध या यौन उत्पीड़न शामिल होता है।** यह भारत में अपराध नहीं है।
  - यदि कोई दंपति विवाहित है, लेकिन अलग-अलग रह रहे हैं, तो यदि उनकी पत्नी यौन संबंध के लिये सहमति नहीं देती है, तो पति बलात्कार का दोषी है।
- **घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005** के तहत वैवाहिक बलात्कार अपराध नहीं है, लेकिन एक महिला यौन शोषण, अपमान या गरिमा के उल्लंघन के लिये घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत अनुतोष की मांग कर सकती है। **अत: कथन I सही है।**
- **नवतेज सिंह जौहर मामला, 2018** में सर्वोच्च न्यायालय ने सहमति से समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करते हुए IPC की धारा 377 को आंशिक रूप से अपास्त कर दिया। **अत: कथन-II सही है।**
- **भारतीय दंड संहिता ( IPC ):** धारा 375 (2) के अनुसार एक पुरुष और उसकी पत्नी, जो 15 वर्ष से कम आयु की नहीं है, के बीच यौन संबंध या यौन क्रिया बलात्कार नहीं है।
  - **भारतीय न्याय संहिता ( BNS ) ने वैवाहिक बलात्कार के मामलों में पतियों के लिये प्रतिरक्षा बरकरार रखी है, लेकिन इंडिपेंडेंट थॉट बनाम UOI मामला, 2017** में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का अनुपालन करते हुए सहमति की आयु 15 से बढ़ाकर 18 वर्ष कर दी गई है।
- हाल ही में **गोरखनाथ शर्मा बनाम छत्तीसगढ़ राज्य मामले, 2019 में** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय (HC) ने फैसला दिया कि यदि पत्नी 15 वर्ष से अधिक आयु की है तो **पति पर उसकी सहमति के बिना भी उसके साथ बलात्कार या अप्राकृतिक यौन संबंध का आरोप नहीं लगाया जा सकता है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**103. ( A )**

**व्याख्या:**

**डीप स्टेट:**

- यह सरकारी, कॉर्पोरेट और गैर-सरकारी अभिजात वर्ग के एक **संकर नेटवर्क को संदर्भित करता है, जो अधिक शक्ति का प्रयोग, नीति-निर्माण को नियंत्रित, निर्वाचित राजनेताओं को कमज़ोर तथा** आम लोगों के हितों को विफल करते हैं।
  - विदेशी सरकारें अपने हितों के आधार पर कुछ देशों में लोकतंत्र, मानवाधिकारों और उदार मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास करती हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**104. ( B )**

**व्याख्या:**

- **सहकारी बैंक** ऐसे वित्तीय संस्थान हैं जिनका स्वामित्व एवं संचालन उनके सदस्यों द्वारा किया जाता है, जो बैंक के ग्राहक भी होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- किसी गाँव या विशिष्ट समुदाय की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लोग एकजुट होकर संसाधन एकत्र करते हैं तथा ऋण जैसी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं।

- भारत में ये संस्थान **संबंधित राज्य के सहकारी समिति अधिनियम** या बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - शहरी सहकारी बैंक (UCBs) से तात्पर्य शहरी और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक सहकारी बैंकों से है।
- **भारतीय रिज़र्व बैंक** द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 और 23 के प्रावधानों के तहत शहरी सहकारी बैंकों के बैंकिंग कार्यों को नियंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**105. (C)**

**व्याख्या:**

- **बायोमाइनिंग** का तात्पर्य सूक्ष्मजीवों जैसे बैक्टीरिया, आर्किया, कवक या पौधों का उपयोग करके अयस्कों और अन्य ठोस पदार्थों से धातुओं के निष्कर्षण से है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **इलेक्ट्रोकाइनेटिक माइनिंग (EKM)** दुर्लभ पृथ्वी तत्त्वों के निष्कर्षण के लिये एक अभिनव, पर्यावरण-अनुकूल तकनीक है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **रैट-होल माइनिंग** कोयला खनन की एक आदिम, अपरिष्कृत, श्रम-प्रधान तथा खतरनाक **तकनीक है। अतः युग्म 3 सही ढंग सुमेलित है।**
  - राष्ट्रीय **हरित अधिकरण (NGT)** ने पर्यावरण क्षरण और असुरक्षित कार्य स्थितियों के कारण वर्ष 2014 में रैट-होल माइनिंग पर प्रतिबंध लगा दिया था।
    - **इस फैसले को बाद में मेघालय राज्य बनाम ऑल डिमासा स्टूडेंट्स यूनियन (2019)** में सर्वोच्च न्यायालय ने बरकरार रखा।
- **अतः विकल्प C सही सुमेलित है।**

**106. (A)**

**व्याख्या:**

**भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका:**

- भारत के प्रधानमंत्री की हाल की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ व्यापार और निवेश पर केंद्रित महत्त्वपूर्ण चर्चाएँ शामिल थीं, जबकि प्रत्याशित कठोर उपायों से परहेज किया गया।
  - **मिशन 500:** भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा।
  - **कॉम्पैक्ट (21वीं सदी के लिये सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिये अवसरों को उत्प्रेरित करना):** भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने के लिये तैयार किया गया एक ढाँचा
  - **iCET का नाम बदलकर TRUST (रणनीतिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए संबंध में परिवर्तन) कर दिया गया है:** यह एक नया नाम है, जो AI, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में अमेरिका-भारत सहयोग को मज़बूत करने के लिये है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**107. (B)**

**व्याख्या:**

**मुद्रा का मूल्यह्रास:**

- **अस्थिर विनिमय दर प्रणाली** में, बाज़ार द्वारा (मुद्रा की मांग और आपूर्ति के आधार पर) मुद्रा का मूल्य निर्धारित होता है।
- मुद्रा मूल्यह्रास का तात्पर्य एक अस्थिर विनिमय दर प्रणाली में **मुद्रा के मूल्य में गिरावट से है। अतः कथन 1 सही है।**
- आर्थिक बुनियादीढाँचे, राजनीतिक अस्थिरता या जोखिम से बचने की प्रवृत्ति मुद्रा अवमूल्यन का कारण बन सकती है।
- सामान्यतः अवमूल्यन और मूल्यह्रास को अक्सर एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- दोनों का प्रभाव एक ही है- मुद्रा के मूल्य में गिरावट, जिससे आयात महँगा हो जाता है, तथा निर्यात अधिक प्रतिस्पर्द्धी हो जाता है।
- **हालाँकि, इनके प्रयोग के तरीके में अंतर है।**
    - अवमूल्यन तब **होता है** जब किसी देश का केंद्रीय बैंक एक निश्चित या अर्द्ध-निश्चित विनिमय दर में अपनी विनिमय दर को कम करने का सचेत निर्णय लेता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - मूल्यह्रास तब होता है जब अस्थिर विनिमय दर में किसी मुद्रा के मूल्य में गिरावट आती है।
- मुद्रा अवमूल्यन **किसी देश की निर्यात** गतिविधि को प्रोत्साहित करता है क्योंकि उसके उत्पाद और सेवाएँ खरीदना सस्ता हो जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**108. ( B )**

**व्याख्या:**

- भारतीय कानून के तहत ऐसी सामग्री को अश्लील माना जाता है यदि यह "अशिष्ट" या "यौन रुचि" को आकर्षित करने वाली है। इसमें **भारतीय न्याय संहिता ( BNS ) और सूचना प्रौद्योगिकी ( IT ) अधिनियम, 2000 के तहत अलग-अलग दंड** के प्रावधान हैं। **अत: कथन-I सही है।**
    - BNS की धारा 294 के तहत इलेक्ट्रॉनिक सामग्री सहित अश्लील सामग्री को बेचने, आयात करने, निर्यात करने, विज्ञापन देने या प्रदर्शित करने पर पहली बार अपराध करने वालों को दो साल तक की कैद और 5,000 रुपए का जुर्माना हो सकता है।
- हालाँकि, IT अधिनियम की धारा 67 के तहत अश्लील सामग्री को ऑनलाइन प्रकाशित या प्रसारित करने पर कठोर दंड का प्रावधान है - इसमें पहली बार अपराध करने पर तीन साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना शामिल है।
- **अवीक सरकार बनाम पश्चिम बंगाल राज्य ( 2014 )** में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में इस बात पर बल दिया गया था कि विषय-वस्तु का मूल्यांकन संदर्भ के आधार पर किया जाना चाहिये।
    - मार्च 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने कॉलेज रोमांस के निर्माताओं के खिलाफ अश्लीलता की कार्यवाही को रद्द कर दिया और फैसला सुनाया कि केवल अपवित्रता अश्लीलता नहीं है।
        - इस निर्णय में इस बात पर बल दिया गया कि किसी सामग्री को **अश्लील** माने जाने के लिये यह आवश्यक है कि वह सक्रिय रूप से यौन विचार उत्पन्न करे।
- ऐतिहासिक रूप से भारतीय न्यायालयों ने पुराने **हिक्लिन परीक्षण का पालन** किया है, जिसमें सबसे अधिक प्रभावित समूहों के दृष्टिकोण से अश्लीलता का निर्धारण होता है। समय के साथ इस दृष्टिकोण को **"सामुदायिक मानक परीक्षण" द्वारा प्रतिस्थापित** किया गया है, जहाँ किसी कार्य का मूल्यांकन अलग-अलग शब्दों या छवियों के बजाय उसकी संपूर्णता में किया जाता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**109. ( D )**

**व्याख्या:**

**नाभिकीय ऊर्जा:**

- नाभिकीय ऊर्जा **ग्रिड स्थिरता में योगदान** के साथ गहन डीकार्बोनाइजेशन में भी योगदान देती है क्योंकि यह पवन या सौर जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विपरीत ऊर्जा का एक निरंतर, विश्वसनीय स्रोत प्रदान करती है, जो परिवर्तनशील मौसम की स्थिति पर निर्भर है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह विद्युत उत्पादन के दौरान कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायक है तथा समग्र ग्रीनहाउस गैसों को कम करने तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों को आगे बढ़ाने में निर्णायक है।
- नाभिकीय ऊर्जा अन्य ऊर्जा स्रोतों से इस रूप में अलग है कि यह **उच्च क्षमता कारक प्रदान करती है,** मौसम की स्थिति से स्वतंत्र रूप से संचालित होती है और इसके लिये काफी कम भूमि की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- नाभिकीय संयंत्रों की **परिचालन अवधि लंबी** होती है और **जीवन चक्र उत्सर्जन कम** होता है, जो उन्हें भारत के ऊर्जा परिवर्तन के लिये महत्त्वपूर्ण बनाते हैं क्योंकि इससे न्यूनतम कार्बन उत्पादन के साथ विश्वसनीय, दीर्घकालिक ऊर्जा मिलती है। नाभिकीय संयंत्र न्यूनतम उत्सर्जन के साथ 40-60 साल तक चलते हैं, जिससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन के दौरान जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। **अतः कथन 3 सही है।**
- केंद्रीय बजट 2025-26 में **नाभिकीय ऊर्जा मिशन** शुरू करने की घोषणा की गई, जो छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के अनुसंधान और विकास (R&D) पर केंद्रित है। **अतः कथन 4 सही है।**
  - सरकार ने इस पहल के लिये 20,000 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं, जिसका लक्ष्य वर्ष 2033 तक कम से कम पाँच स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और परिचालन योग्य SMR विकसित करना है।

**110. (D)**

**व्याख्या:**

**उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO):**

- नाटो यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका के देशों का एक **राजनीतिक और सैन्य गठबंधन है**। इसके सदस्य किसी भी संकट से एक-दूसरे की रक्षा करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।
- नाटो **यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका के संप्रभु देशों को एक साथ लाता है** तथा सुरक्षा एवं रक्षा के क्षेत्र में परामर्श और सहयोग करता है।
- गठबंधन के सभी **निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं,** जिसमें प्रत्येक सहयोगी की समान भूमिका होती है। सदस्य समान मूल्यों के लिये प्रतिबद्ध हैं और यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने के रणनीतिक लक्ष्य को साझा करते हैं।
- NATO सदस्य देशों ने गठबंधन की स्थापना संधि के अनुच्छेद 5 के अनुसार एक-दूसरे का समर्थन करने की प्रतिबद्धता जताई है, जो यह घोषित करता है कि **एक देश पर हमला सभी देशों पर हमला माना जाएगा।**
- वर्तमान में स्लोवाकिया (2004), तुर्किये (1952), फिनलैंड (2023) और स्वीडन (2024) सहित 32 सदस्य शामिल हैं।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**111. (B)**

**व्याख्या:**

**कलर रिवोल्यूशन:**

- "कलर रिवोल्यूशन" **सोवियत संघ के बाद के राज्यों में शांतिपूर्ण विद्रोहों की एक श्रृंखला थी,** जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक सुधारों की दिशा में मास्को समर्थक सरकारों के स्थान पर पश्चिम समर्थक नेतृत्व स्थापित करना था।
  - यद्यपि ये आंदोलन अहिंसक थे और काफी हद तक लोकप्रिय मांग से प्रेरित थे, फिर भी रूस ने इन आंदोलनों को संदेह की दृष्टि से देखा और इन्हें अपने प्रभाव को कम करने के लिये पश्चिम समर्थित प्रयासों को माना।
- **जॉर्जिया की रोज़ रिवोल्यूशन (वर्ष 2003):** विपक्षी नेताओं द्वारा एडुआर्ड शेवर्नदाद्जे के धोखाधड़ीपूर्ण चुनाव के विरुद्ध किया गया एक शांतिपूर्ण विरोध, जिसके परिणामस्वरूप उनके इस्तीफे और मिखाइल साकाशविली के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त हुआ। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **यूक्रेन की ऑरेंज रिवोल्यूशन (वर्ष 2004):** राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी के व्यापक आरोपों से प्रेरित होकर, इस आंदोलन के कारण चुनाव दोबारा कराए गए और अंततः पश्चिमी समर्थक उम्मीदवार विक्टर युशचेंको की जीत हुई। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **किर्गिज़स्तान की ट्यूलिप क्रांति (2005):** विवादित संसदीय चुनावों के बाद, बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण राष्ट्रपति असकर अकायेव को सत्ता से हटा दिया गया, जिससे सुधार और लोकतंत्रीकरण की आकांक्षाओं के साथ एक नई सरकार सत्ता में आई। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प B सही सुमेलित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**112. (C)**

**व्याख्या:**

**भारत का अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान:**


- अगस्त 2022 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के पेरिस समझौते के तहत, भारत ने निम्नलिखित पर प्रतिबद्धता जताई है:
  - आर्थिक विकास के लिये **जलवायु-अनुकूल और स्वच्छ मार्ग** अपनाना।
  - वर्ष 2005 से वर्ष 2030 तक भारत ने अपने सकल घरेलू उत्पाद की **उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने की प्रतिबद्धता जताई है। अतः कथन 1 सही है।**
  - भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 50% संचयी विद्युत स्थापित क्षमता हासिल करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में भारत की विद्युत आपूर्ति में ताप विद्युत का हिस्सा प्रमुख है।
  - नवीन व्यवस्था के तहत थर्मल पॉवर की भागीदारी 50% होगी।

**113. (A)**

**व्याख्या:**

**प्रतिभूति विनिमय कर (STT):**

- **STT को सर्वप्रथम वर्ष 2004 में पेश किया गया था, यह स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों से जुड़े** लेनदेन और इक्विटी म्यूचुअल फंड (MF) यूनिट्स पर लगाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह केंद्र सरकार द्वारा अर्जित आयकर का एक हिस्सा है। वर्ष 2018-19 में यह एकत्रित आयकर का लगभग 2.4% था। वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 में, इसके क्रमशः 4.4% और 5.4% होने की उम्मीद है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26** में वस्तु एवं सेवा कर (GST) तथा अन्य कर सरकार के राजस्व स्रोत का लगभग **18% हिस्सा होंगे।**




**114. (A)**

**व्याख्या:**

**डिजिटल ऊर्जा ग्रिड (DEG):**

- डिजिटल ऊर्जा ग्रिड (DEG) एक आधुनिक ऊर्जा अवसंरचना है, जो ऊर्जा उत्पादन, वितरण और उपभोग हेतु **एक परस्पर संबद्ध और लचीली प्रणाली बनाने के लिये डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करती है।**
- यह विशिष्ट डिजिटल पहचान प्रदान करके, मानकीकृत डेटा प्रारूपों का उपयोग करती है और सुरक्षित, छेड़छाड़-रहित डेटा पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करके **ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न संस्थाओं को एकीकृत करती है** तथा पारंपरिक, पृथक ऊर्जा नेटवर्क को अधिक कुशल, द्वि-दिशात्मक और सहयोगात्मक ढाँचे में परिवर्तित करती है।
- DEG डिज़ाइन में **तीन मुख्य घटक शामिल हैं:** पहचान, डेटा प्रारूप और सत्यापन योग्य डेटा पोर्टेबिलिटी।
  - ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र (विद्युत संयंत्र, ट्रांसमिशन ग्रिड, बैटरी फॉर्म, रूफटॉप पैनल, आदि) में प्रत्येक यूनिट को एक विशिष्ट वैश्विक पहचान दी जाएगी।
- इन संस्थाओं द्वारा उत्पन्न डेटा को उनकी पहचान से जोड़ा जाएगा और एक मानकीकृत, मशीन-पठनीय प्रारूप में व्यक्त किया जाएगा, जिससे डिजिटल प्रसंस्करण संभव हो सकेगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

- एक सशक्त सत्यापन प्रक्रिया लागू की जाएगी जो यह सुनिश्चित करेगी कि डेटा का समग्र प्रणालियों में सुगमता से अंतरण हो सके तथा यह क्रिप्टोग्राफिक रूप से सुरक्षित बना रहे।
- जब इसे बड़े पैमाने पर क्रियान्वित किया जाएगा, तो DEG **प्रतिभागियों के बीच प्रत्यक्ष सूचना साझा करने में सक्षम होगा, तथा** ऊर्जा प्रणाली को उच्च से निम्न, एकतरफा प्रवाह से अधिक लचीले, द्वि-दिशात्मक नेटवर्क में परिवर्तित कर देगा।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**115. ( C )**

**व्याख्या:**

- भारतीय अकाल आयोग (1901) ने वर्ष 1904 में पहले सहकारी ऋण समिति अधिनियम को अधिनियमित किया, जिसके बाद (संशोधित) सहकारी समिति अधिनियम, 1912 बनाया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **प्रथम पँचवर्षीय योजना ( 1951-56 ):** व्यापक सामुदायिक विकास के लिये सहकारी समितियों को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला गया।
- बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 में बहु-राज्य सहकारी समितियों के गठन और कामकाज का प्रावधान किया गया।
- **97वें संविधान संशोधन अधिनियम 2011** ने सहकारी समितियाँ बनाने के अधिकार को मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 19) के रूप में स्थापित किया। **अत: कथन 2 सही है।**
    - सहकारी समितियों पर राज्य नीति का एक नया निर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद 43-बी) पेश किया गया।
    - संविधान में **"सहकारी समितियाँ"** शीर्षक से एक नया भाग IX-B जोड़ा गया (अनुच्छेद 243-ZH से 243-ZT)।
- **केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ( 2021 ):** सहकारी मामलों की जिम्मेदारी सौंपी गई, जो पहले कृषि मंत्रालय के अधीन थी।
- **बहु-राज्य सहकारी समितियाँ (संशोधन) अधिनियम, 2022** ने बहु-राज्य सहकारी समितियों में बोर्ड चुनावों की देखरेख के लिये सहकारी चुनाव प्राधिकरण की शुरुआत की। **अत: कथन 3 सही है।**

**116. ( B )**

**व्याख्या:**

- मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (EC) की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक **चयन समिति की सिफारिश के आधार पर की जाती है,** जिसमें निम्नलिखित शामिल होते हैं:
    - प्रधान मंत्री (अध्यक्ष)।
    - लोकसभा में विपक्ष का नेता (या सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता)।
    - प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री।
- मुख्य चुनाव आयुक्त चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त पद के लिये उम्मीदवार सरकार के पूर्व या वर्तमान सचिव होने चाहिये तथा उनके पास चुनाव प्रबंधन का अनुभव होना चाहिये।
- CEC को **उसी तरीके और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है, जिस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** को हटाया जाता है, जबकि EC को **CEC की सिफारिश पर हटाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- CEC और EC को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान वेतन प्राप्त होता है तथा वे छह साल या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, सेवारत् रहते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- CEC और EC को फिर से नियुक्त नहीं किया जा सकता। यदि कोई EC, CEC बन जाता है, तो उनका कुल कार्यकाल छह साल से अधिक नहीं हो सकता। **अत: कथन 3 सही है।**

**117. ( B )**

**व्याख्या:**

- रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के कारण डोनेट्स्क, खार्किव और लिप्सी स्थानों अक्सर समाचारों चर्चित रहे हैं।
- **डोनेट्स्क** पूर्वी यूक्रेन का एक शहर है, जो अपने औद्योगिक इतिहास और क्षेत्रीय संघर्ष के लिये जाना जाता है।
- **खार्किव** यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के उत्तरपूर्वी भाग में रूसी सीमा के पास स्थित है।
- **लिप्सी** यूक्रेन का एक छोटा सा नगर है, जो देश के पूर्वी भाग में खार्किव ओब्लास्ट (क्षेत्र) में स्थित है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

## 118. ( D )

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 355** केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि प्रत्येक राज्य, संविधान के अनुसार कार्य करे। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि कोई राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य करने में विफल रहती है तो केंद्र सरकार **अनुच्छेद 356 के तहत** राष्ट्रपति शासन लगाकर हस्तक्षेप कर सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - राष्ट्रपति शासन से तात्पर्य किसी राज्य सरकार और उसकी विधानसभा को निलंबित करने से है, जिससे राज्य प्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार के नियंत्रण में आ जाता है।
- **अनुच्छेद 365** के अनुसार यदि कोई राज्य केंद्र के निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है तो राष्ट्रपति यह घोषणा कर सकते हैं कि राज्य की सरकार संवैधानिक रूप से कार्य नहीं कर पा रही है। **अत: कथन 3 सही है।**

## 119. ( A )

**व्याख्या:**

- बागवानी, कृषि की वह शाखा है जिसमें **पौधों की गहन खेती** की जाती है, जिनका उपयोग मनुष्यों द्वारा **भोजन, औषधीय तथा सौंदर्य प्रयोजनों** के लिये प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत बागवानी उत्पादन का **दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** है जो वैश्विक फल एवं सब्जी उत्पादन में लगभग 12% का योगदान देता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **चीन,** बागवानी उत्पादों का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक है।

## 120. ( B )

**व्याख्या:**

**राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025:**

- राजकोषीय प्रशासन को बढ़ावा देने के क्रम में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग) ने अपना **पहला राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक ( FHI ) 2025** प्रकाशित किया है।
- इस सूचकांक द्वारा वर्ष 2022-23 के लिये 18 प्रमुख भारतीय राज्यों के **राजकोषीय स्वास्थ्य** का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करने के साथ डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान की गई है जिससे राज्य स्तर पर नीतिगत हस्तक्षेपों को मार्गदर्शन मिलेगा।
- इसके तहत पाँच प्रमुख उप-सूचकांकों के आधार पर राज्यों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

## 121. ( C )

**व्याख्या:**

**विवर्तनिकी प्लेटें:**

- विवर्तनिकी प्लेट (जिसे लिथोस्फेरिक प्लेट भी कहा जाता है) महाद्वीपीय और महासागरीय प्लेटों द्वारा निर्मित ठोस चट्टान का एक विशाल, अनियमित आकार का स्लैब है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विवर्तनिकी प्लेटें स्थिर नहीं होती हैं, बल्कि ये **दुर्बलतामंडल पर क्षैतिज रूप से चलायमान** होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इनकी परस्पर क्रिया (टकराना, अलग होना या एक दूसरे के ऊपर से घर्षण करना) के परिणामस्वरूप भूगर्भीय घटनाएँ होती हैं जैसे भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट।
- **महाद्वीपीय प्लेटें पृथ्वी के भू-भाग का निर्माण** करती हैं, जबकि **महासागरीय प्लेटें महासागरीय तल के नीचे स्थित** होती हैं।
- **महासागरीय प्लेटें सघन बेसाल्टिक चट्टानों से निर्मित** अभिसारी सीमाओं पर **महाद्वीपीय प्लेटों के नीचे** स्थित हैं, जबकि महाद्वीपीय प्लेटों का निर्माण हल्की ग्रेनाइट चट्टानों से हुआ है। **अत: कथन 3 सही है।**

## 122. ( D )

**व्याख्या:**

**समग्र शिक्षा योजना:**

- यह स्कूली शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना है, जिसमें प्री-स्कूल से लेकर बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा संबंधी सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य **समावेशी, न्यायसंगत और सुगम स्कूली शिक्षा** प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसमें 'सर्व शिक्षा अभियान' (SSA), 'राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान' (RMSA) और 'शिक्षक शिक्षा' (TE) की तीन योजनाओं को समाहित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना का मुख्य बल दो T (टीचर और टेक्नोलॉजी) पर ध्यान केंद्रित करके स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**123. (A)**

**व्याख्याः**

**किसान उत्पादक संगठनः**

- FPO एक प्रकार का उत्पादक संगठन (PO) है, जिसके **सदस्य किसान होते** हैं। लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC), FPO के संवर्द्धन में सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - PO किसी भी उत्पाद के उत्पादकों के संगठन के लिये एक सामान्य नाम है, जैसे- कृषि, गैर-कृषि उत्पाद, शिल्पकारी उत्पाद, इत्यादि।
  - PO एक उत्पादक कंपनी, एक सहकारी समिति या कोई अन्य विधिक रूप हो सकता है जो सदस्यों के बीच लाभ/हितलाभ को साझा करने का प्रावधान करता है।
- यह **लघु और सीमांत किसानों** को व्यापक स्तर के लाभ प्राप्त करने में मदद करने, सामूहिक रूप से संवाद करके उनकी सौदेबाजी की शक्ति बढ़ाने, उनकी आय को दोगुना करने एवं वैश्विक बाज़ारों में उनकी पहुँच बढ़ाने में भूमिका निभाता है।
  - भारत में **86% किसान लघु और सीमांत** किसान हैं।
- **FPO को निम्नलिखित के तहत पंजीकृत किया जा सकता है:**
  - कंपनी अधिनियम, 1956 और कंपनी अधिनियम, 2013।
  - सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी।
  - भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के तहत पंजीकृत लोक न्यास। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**124. (B)**

**व्याख्याः**

**नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनेंशियल सिस्टम (NGFS):**

- नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनेंशियल सिस्टम (NGFS), जिसमें **विश्व भर के 89 केंद्रीय बैंक शामिल हैं, जलवायु जोखिमों** को वित्तीय स्थिरता नीतियों में एकीकृत करने के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है।
- वर्ष 2021 में शामिल होने के बाद से, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सराहनीय कदम उठाए हैं, जिनमें ग्रीन डिपॉजिट लॉन्च करना, नवीकरणीय ऊर्जा के लिये प्राथमिकता वाले क्षेत्र को ऋण प्रदान करना तथा 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड जारी करना शामिल है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**125. (C)**

**व्याख्याः**

**डिपॉज़िट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (DICGC):**

- यह **वर्ष 1978 में** जमा बीमा निगम (Deposit Insurance Corporation- DIC) तथा क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (Credit Guarantee Corporation of India- CGCI) के विलय के बाद अस्तित्व में आया।
- यह **भारत में बैंकों के लिये जमा बीमा और ऋण गारंटी के रूप में** कार्य करता है। अतः कथन 1 सही है।
- यह **भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**126. (A)**

**व्याख्याः**

**आरक्षित मुद्राः**

- आरक्षित मुद्रा की **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक स्वीकार्यता होनी चाहिये,** न कि घरेलू उपयोग तक सीमित होना चाहिये।
- आरक्षित मुद्रा प्रायः **विश्व स्तर पर ऐसी मान्यता प्राप्त विदेशी मुद्रा होती है** जिसे केंद्रीय बैंक या अन्य वित्तीय संस्थाएँ अपने देश के विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि के भाग के रूप में बड़ी मात्रा में धारित करते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इसका **उपयोग व्यापार और निवेश संबंधी वैश्विक लेनदेन के लिये किया जाता है**। वर्तमान में, अमेरिकी डॉलर विश्व की प्रमुख आरक्षित मुद्रा है।
- आरक्षित मुद्रा का **उपयोग केंद्रीय बैंकों** द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऋण दायित्वों की पूर्ति करने तथा अपने घरेलू विनिमय दर को प्रभावित करने के लिये भी किया जाता है।
- वस्तुओं के एक बड़े हिस्सा जैसे सोने से लेकर तेल आरक्षित मुद्रा में ही मूल्यित होता है। अत: अन्य देशों को इन वस्तुओं के भुगतान के लिये इस मुद्रा को अपने पास रखना पड़ता है।
- आरक्षित मुद्रा धारित करने से **विनिमय दर जोखिम न्यूनतम** हो जाता है, क्योंकि क्रय करने वाले देश को क्रय करते समय अपनी मुद्रा को आरक्षित मुद्रा से बदलने की आवश्यकता नहीं होगी।
    - आयात भुगतान और विदेशी ऋण चुकाने के अतिरिक्त, देश आर्थिक संकटों से उबरने के लिये भी ऐसी अरक्षित निधियाँ बनाए रखते हैं।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - किसी आरक्षित मुद्रा की मुख्य विशेषता यह है कि यह **सरलता से संपरिवर्तनीय होनी चाहिये** और उसका मूल्य स्थिर होना चाहिये। किसी देश की मुद्रा को आरक्षित मुद्रा के रूप में उपयोग में लाए जाने के कारक **उसकी अर्थव्यवस्था का आकार और महत्त्व**, विशेष रूप से वैश्विक व्यापार में अर्थव्यवस्था का महत्त्व, संबंधित देश के वित्तीय बाज़ारों का **खुलापन और गहनता, तथा उसकी व्यापक आर्थिक नीतियाँ हैं।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**127. ( C )**

**व्याख्या:**

- **राजकोषीय सुदृढ़ीकरण** से तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन से है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह सरकारी राजस्व (कर और गैर-कर प्राप्तियाँ) को व्यय के साथ संतुलित करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटे को न्यूनतम करना, लोक ऋण को नियंत्रित करना और सतत् आर्थिक विकास में सहायता करना है।
- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 का उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करने और राजकोषीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिये सरकार में वित्तीय सुदृढ़ीकरण स्थापित करना था। **अत: कथन 2 सही है।**
- 2016 में FRBM अधिनियम, 2003 में सुधार का सुझाव देने के लिये **एन.के. सिंह समिति का गठन** किया गया था।
    - एन.के. सिंह समिति, 2016 ने राजकोषीय नीति की देखरेख के लिये स्वतंत्र सदस्यों के साथ **एक स्वायत्त राजकोषीय परिषद के निर्माण की सिफारिश की थी। अत: कथन 3 सही है।**

**128. ( B )**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय संचार ( NC ) बनाम द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट ( BUR ):** राष्ट्रीय संचार (NC) एक **व्यापक, गहन रिपोर्ट है जिसे देश प्रत्येक चार वर्ष में प्रस्तुत करते हैं,** जिसमें उनके ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई का विवरण होता है। इसके विपरीत, **द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट ( BUR )** एक छोटी, अधिक लगातार अद्यतन रिपोर्ट है जो **प्रत्येक दो साल** में प्रस्तुत की जाती है, जो उत्सर्जन में कमी और जलवायु परिवर्तन पहलों पर प्रगति की पेशकश करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **16वें सम्मेलन ( COP16 ) में BUR पर निर्णय: वर्ष 2010 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज ( UNFCCC ) के 16वें सम्मेलन ( COP16 ) में** निर्णय लिया गया कि देश अपनी जलवायु क्रियाओं और उत्सर्जन डेटा को नियमित रूप से अपडेट करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत प्रत्येक दो वर्ष में द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (BUR) प्रस्तुत करेंगे। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **राष्ट्रीय संचार ( NC ) के लिये अधिदेश: जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ( UNFCCC )** द्वारा वर्ष 1992 में राष्ट्रीय संचार (NC) रिपोर्ट को अनिवार्य किया गया था, ताकि देश जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में अपनी प्रगति की रिपोर्ट कर सकें तथा अपने पर्यावरणीय कार्यों में पारदर्शिता ला सकें। **अतः कथन 3 सही है।**

**129. ( A )**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन ग्रीन योजना:**

- ऑपरेशन ग्रीन, जो वर्ष 2018 में **प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना** के तहत आरंभ की गई एक **केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना** है, का उद्देश्य शीघ्र खराब होने वाली फसलों की कीमतों को स्थिर करना और किसानों की आय को बढ़ाना है। यह योजना "ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति)" से प्रेरित है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**130. ( B )**

**व्याख्या:**

**खाड़ी सहयोग परिषद् ( GCC ):**

- वर्ष 1981 में स्थापित खाड़ी सहयोग परिषद् (GCC) एक **क्षेत्रीय राजनीतिक और आर्थिक संगठन है** जिसमें छह अरब राज्य शामिल हैं: बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात।
    - GCC की स्थापना क्षेत्रीय तनावों, विशेष रूप से ईरानी क्रांति (1979) और इराक-ईरान युद्ध (वर्ष 1980-1988) की प्रतिक्रिया में की गई थी।
    - इसका उद्देश्य खाड़ी क्षेत्र में एकता को बढ़ावा देना और साझा चुनौतियों का समाधान करना है।
- GCC भारत के लिये एक **प्रमुख व्यापारिक और निवेश साझेदार है,** जिसमें संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब से महत्त्वपूर्ण निवेश शामिल है।




- **अतः विकल्प B सही है।**

**131. ( C )**

**व्याख्या:**

**उत्तर अटलांटिक संधि संगठन ( NATO ):**

- **4 अप्रैल, 1949 को हस्ताक्षरित वॉशिंगटन संधि** ने आधिकारिक तौर पर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) की स्थापना की नींव रखी। **अतः कथन 1 सही है।**
- वॉशिंगटन संधि को **संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 से अधिकार प्राप्त है,** जो स्वतंत्र राज्यों के व्यक्तिगत या सामूहिक रक्षा के अंतर्निहित अधिकार की पुष्टि करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **एक "नाटो निर्णय" सभी 32 सदस्य देशों की सामूहिक इच्छा** की अभिव्यक्ति है क्योंकि सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**132. ( D )**

**व्याख्या:**

- **संविधान में प्रावधान है कि राज्यपाल अपनी कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग केवल अनुच्छेद** 154 के तहत मंत्रिपरिषद की सलाह पर कर सकता है । **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 200** किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल के समक्ष स्वीकृति के लिये प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है, जो या तो स्वीकृति दे सकता है, अस्वीकृत कर सकता है, या विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 201 में** कहा गया है कि जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित होता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर अपनी सहमति दे सकता है या अपनी सहमति वापस ले सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**133. (A)**

**व्याख्या:**

- डिज़ाइन कानून संधि (DLT), जिसे लगभग दो दशकों के बाद अंतिम रूप दिया गया, का उद्देश्य विभिन्न न्याय क्षेत्रों में औद्योगिक डिज़ाइन संरक्षण को समरूप बनाना और सरल बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह संधि डिज़ाइन पंजीकरण को अधिक प्रभावी और वैश्विक स्तर पर सुलभ बनाने के लिये प्रक्रियात्मक **आवश्यकताओं को मानकीकृत करने** का प्रयास करती है, जिससे प्रशासनिक बोझ कम हो सके।
  - इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हितधारक, विशेष रूप से **लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (SME)**, स्टार्टअप और स्वतंत्र डिज़ाइनर, सुव्यवस्थित सुरक्षा से लाभान्वित हो सकें।
- भारत में डिज़ाइन को महत्त्व देने की दीर्घकालिक परंपरा रही है, जो इसके आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
  - **डिज़ाइन कानून संधि** के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर करके, भारत **समावेशी विकास को बढ़ावा देने** और बौद्धिक संपदा संरक्षण तक न्यायसंगत पहुँच सुनिश्चित करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - देश ने **स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम और स्टार्टअप बौद्धिक संपदा संरक्षण (SIPP) योजना जैसी पहलों को लागू किया है,** जो स्टार्टअप्स और SME को डिज़ाइन अधिकार सुरक्षित करने और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाने में मदद करती हैं।

**134. (C)**

**व्याख्या:**

**नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT):**

- न्यायमूर्ति वी. बालकृष्ण एराडी की अध्यक्षता वाली एराडी **समिति (2000)** ने सर्वप्रथम NCLT के गठन की सिफारिश की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- कंपनी लॉ से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिये कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत इसकी स्थापना की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - NCLT की स्थापना पूर्ववर्ती कंपनी लॉ बोर्ड और औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (BIFR) के स्थान पर की गई थी।
  - भारत में BIFR की स्थापना रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत की गई थी।
- NCLT दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत **कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (CIRP) प्रारंभ करने और उसकी देखरेख के लिये एक महत्त्वपूर्ण मंच है। अतः कथन 3 सही है।**

**135. (A)**

**व्याख्या:**

**मणिपुर:**

- मणिपुर देश के पूर्वोत्तर भाग में स्थित सीमावर्ती राज्यों में से एक है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय सीमा लगभग 352 किलोमीटर लंबी है।
- यह **उत्तर में नगालैंड,** पश्चिम में असम और दक्षिण में मिज़ोरम से घिरा हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका कुल क्षेत्रफल 22327 वर्ग किलोमीटर है। यह 23.80 उत्तरी अक्षांश से 25.70 उत्तरी अक्षांश और 93.50 पूर्वी देशांतर से 94.80 पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है।
- मणिपुर को वर्ष 1972 में राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- पहला स्वतंत्र भारतीय तिरंगा झंडा 14 अप्रैल 1944 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में INA द्वारा मणिपुर के मोइरांग (इम्फाल से 45 किमी.) में भारतीय धरती पर फहराया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**136. ( B )**

**व्याख्या:**

- **संसद द्वारा जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम** अधिनियम, 1961 के पारित होने के बाद जमा बीमा निगम (DIC) और भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड (CGCI) के विलय के बाद वर्ष 1978 में जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (DICGC) अस्तित्व में आया।
    - यह भारत में बैंकों के लिये जमा बीमा और ऋण गारंटी के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **यह भारतीय रिज़र्व बैंक ( RBI )** की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान में एक जमाकर्त्ता प्रति खाता अधिकतम 5 लाख रुपए के बीमा कवर का हकदार है, जिसे **'जमा बीमा'** के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**137. ( B )**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( CPCB ):**

- CPCB एक **वैधानिक संगठन है** जिसका गठन सितंबर 1974 में जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत शक्तियाँ और कार्य भी सौंपे गए थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह एक क्षेत्रीय इकाई के रूप में कार्य करता है तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के संबंध में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को **तकनीकी सेवाएँ भी प्रदान करता है।**
- **CPCB के प्रमुख कार्य:**
    - जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन द्वारा राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में नदियों और कुओं की स्वच्छता को बढ़ावा देना।
    - देश में वायु की गुणवत्ता में सुधार करना तथा वायु प्रदूषण को रोकना, नियंत्रित करना या कम करना।
- जल गुणवत्ता निगरानी जल गुणवत्ता प्रबंधन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। भारत की संसद ने जल निकायों की संपूर्णता को बनाए रखने और बहाल करने के लिये जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 को अधिनियमित किया।
    - CPCB का कार्य **जल प्रदूषण से संबंधित तकनीकी और सांख्यिकीय डेटा एकत्र करना, मिलान करना और प्रसारित करना है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - इसलिये **जल गुणवत्ता निगरानी ( WQM )** और निगरानी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

**138. ( A )**

**व्याख्या:**

**विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह ( PVTG ):**

- **गृह मंत्रालय** ने देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 75 जनजातीय समूहों को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG) के रूप में वर्गीकृत किया है।
- **जनजातीय समूहों में** PVTG सबसे कमज़ोर हैं। वर्ष 1975 में भारत सरकार ने सबसे कमज़ोर जनजातीय समूहों को PVTG नामक एक अलग श्रेणी के रूप में पहचानने की पहल की।
- प्रारंभ में 52 जनजातीय समूहों को PVTG के रूप में वर्गीकृत किया गया था। वर्ष 1993 में 23 अतिरिक्त जनजातीय समूहों को इस श्रेणी में शामिल किया गया, जिसके कारण **वर्तमान में PVTG के अंतर्गत 75 जनजातीय समूह आते हैं।**
- सूचीबद्ध 75 PVTG में से सबसे अधिक संख्या ओडिशा (13) में पाई जाती है, उसके बाद आंध्रप्रदेश (12) का स्थान है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**139. ( C )**

**व्याख्या:**

**कैलाश पर्वत:**

- यह काले पत्थर से बनी **हीरे के आकार की चोटी है,** जो ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु और करनाली सहित एशिया की प्रमुख नदियों का स्रोत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि यह माउंट एवरेस्ट (8,849 मीटर) से कम ऊँचाई पर है, लेकिन इस पर चढ़ाई नहीं की जा सकती क्योंकि इसके पवित्र महत्त्व के कारण इस पर चढ़ना प्रतिबंधित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कैलाश पर्वत की **ऊँचाई 6,638 मीटर** है जो इसे हिंदू, बौद्ध, जैन और बॉन (तिब्बत का स्वदेशी धर्म) धर्मावलंबियों द्वारा पवित्र शिखर माना जाता है।
  - तिब्बती बौद्धों के लिये कैलाश ब्रह्मांडीय धुरी या मेरु पर्वत है, जो स्वर्ग और पृथ्वी को जोड़ता है।
  - हिंदू धर्म में, यह भगवान शिव और देवी पार्वती का निवास स्थान है।
  - जैन धर्म में, कैलाश अष्टापद है, जहाँ ऋषभनाथ को ज्ञान प्राप्त हुआ था।




**140. ( A )**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(A) के तहत **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19( 2 ) के तहत उचित प्रतिबंधों** के अधीन है, जिसमें अश्लीलता को रोकना और सामाजिक नैतिकता को बनाए रखना शामिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ***नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ, 2018*** में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संवैधानिक नैतिकता सार्वजनिक नैतिकता से वरीयता में ऊपर है, जो सामाजिक मानदंडों पर न्याय पर ज़ोर देती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**141. ( C )**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद** 120 संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद** 346 राज्यों के बीच तथा राज्यों और संघ के बीच संचार के लिये आधिकारिक भाषा निर्दिष्ट करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद** 350A राज्यों को भाषाई अल्पसंख्यक समूहों से संबंधित बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा के लिये पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान करने का निर्देश देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**142. ( A )**

**व्याख्या:**

- पोलैंड की सीमा जर्मनी, चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, यूक्रेन, बेलारूस, लिथुआनिया और **रूस** (कैलिनिनग्राद एक्सक्लेव) से लगती है। इसकी उत्तरी सीमा (440 किमी. लंबी) बाल्टिक सागर तट के अनुदिश है।
- इसकी राजधानी वारसॉ (पोलिश में: Warszawa) है।
- यहाँ **बाल्टिक सागर तट** के **बलुई पुलिन,** मध्य में स्थित तराई के मैदान और कार्पेथियन और सुडेटन पर्वत की हिमाच्छादित शिखर हैं। यहाँ 1,300 से अधिक झीलें हैं।

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:




- **अत: विकल्प A सही है।**

**143. ( B )**

**व्याख्या:**

- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन ( संशोधन ) नियम, 2024:**
  - **इसमें निर्माताओं और आयातकों** के लिये पंजीकरण, रिपोर्टिंग और प्रमाणन आवश्यकताओं को निर्दिष्ट किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **इसमें "आयातक" और "उत्पादक" की परिभाषाओं का विस्तार** किया गया है, बायोडिग्रेडेबल और कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के लिये प्रमाणन अनिवार्य किया गया है तथा उपभोक्ता-पूर्व प्लास्टिक कचरे की रिपोर्टिंग की आवश्यकता निर्धारित की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन ( संशोधन ) नियम, 2022** के तहत अनिवार्य पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा इसमें गैर-अनुपालन के लिये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के प्रावधान के साथ चक्रीय अर्थव्यवस्था को महत्त्व दिया गया है।
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021** में **वर्ष 2022 तक** विशिष्ट **एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है** और पैकेजिंग अपशिष्ट के लिये EPR को अनिवार्य किया गया है। इसमें दिसंबर 2022 तक कैरी बैग की मोटाई बढ़ाकर 120 माइक्रोन करने का प्रावधान है।
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016** के तहत अपशिष्ट उत्पादन को कम करने, कूड़े-कचरे को रोकने और पृथक्करण तथा उचित निपटान सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड मालिकों के लिये **विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व ( EPR )** का प्रावधान किया गया है।
  - इसके तहत प्लास्टिक बैग की न्यूनतम मोटाई बढ़ाकर 50 माइक्रॉन की गई तथा इसमें ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया गया।

**144. ( D )**

**व्याख्या:**

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम ( MSME ) क्षेत्र:**

- **वर्ष 2025 के बजट में MSME क्रेडिट कार्ड** लॉन्च किये गए, जो सूक्ष्म उद्यमों के लिये 5 लाख रुपए का क्रेडिट प्रदान करने पर केंद्रित हैं। जिसमें प्रथम वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्टार्टअप्स को समर्थन देने के क्रम में 10,000 करोड़ रुपए के साथ एक नया **फंड ऑफ फंड्स** स्थापित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- बजट 2025-26 में घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन (NMM) स्वच्छ तकनीक विनिर्माण के साथ मेक इन इंडिया का समर्थन करने पर केंद्रित है जिसमें **सौर फोटोवोल्टिक ( PV ) सेल**, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी, पवन टर्बाइन और ट्रांसमिशन उपकरण शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**145. ( B )**


**व्याख्या:**

- **यमुना नदी:**
  - **परिचय:** यमुना नदी उत्तर भारत में गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
    - यह विश्व के व्यापक जलोढ़ मैदानों में से एक यमुना-गंगा मैदान का एक अभिन्न भाग है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **स्रोत:** इसका स्रोत निचली हिमालय पर्वतमाला में बंदरपूँछ शिखर के दक्षिण-पश्चिमी किनारों पर 6,387 मीटर की ऊँचाई पर यमुनोत्री ग्लेशियर में स्थित है।
- **बेसिन:** यह उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से प्रवाहित होते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित होता है) स्थल पर गंगा में मिल जाती है।
- **महत्वपूर्ण बांध:** लखवार-व्यासी बाँध (उत्तराखंड), ताजेवाला बैराज बाँध (हरियाणा) आदि। **अत: कथन 1 सही है।**
- **महत्वपूर्ण सहायक नदियाँ:** चंबल, सिंध, बेतवा और केन। **अत: कथन 2 सही है।**
- दिल्ली **सरकार ने** फरवरी 2025 तक **यमुना नदी को स्नान योग्य मानकों** तक साफ करने के लिये छह सूत्री योजना तैयार की है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **इस योजना में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (STP)** का निर्माण और उन्नयन, 100% सीवर कनेक्टिविटी, सीवर नेटवर्क की सफाई, झुग्गी-झोपड़ी (JJ) क्लस्टर्स से आने वाले नालों को रोकना, औद्योगिक प्रदूषकों को नियंत्रित करना तथा प्रदूषित नालों और उप-नालों को मोड़ना शामिल है।
- इससे **सीवेज उपचार क्षमता** लगभग **600 मिलियन गैलन प्रति दिन (MGD)** अपशिष्ट जल से बढ़कर 750-800 **मिलियन गैलन प्रति दिन (MGD) हो जाएगी।**




**146. (A)**

**व्याख्या:**

**आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25:**

- **परिचय:**
  - आर्थिक **समीक्षा**, भारत की आर्थिक स्थिति का आकलन करने के लिये **केंद्रीय बजट** से पहले सरकार द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली एक वार्षिक रिपोर्ट है।
  - **मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक प्रभाग** द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत की जाती है।
- **आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की मुख्य विशेषताएँ:**
  - **वैश्विक अर्थव्यवस्था:**
    - वर्ष 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में मध्यम लेकिन असमान वृद्धि देखी गई। **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने इस वर्ष के लिये 3.2%** की वृद्धि का अनुमान लगाया, जिसमें आपूर्ति शृंखला व्यवधानों के कारण विनिर्माण में मंदी के साथ सेवा क्षेत्र की मज़बूती पर प्रकाश डाला गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

- **भारत की अर्थव्यवस्था:**
  - भारत का **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वित्त वर्ष 26 (2025-26) में 6.3-6.8%** तक बढ़ने का अनुमान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वित्त वर्ष 2025 में सेवा क्षेत्र को **सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र माना जा रहा है, जिसमें IT, वित्त** और आतिथ्य क्षेत्र का योगदान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **परिसंपत्ति पर प्रतिफल (RoA)** बढ़कर **1.4% हो गया,** और **इक्विटी पर प्रतिफल (RoE)** सितंबर 2024 में सुधरकर **14.1%** हो गया।
- **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (GNPA)** 2024 में घटकर 12 वर्षों के न्यूनतम स्तर **2.6% पर आ गईं,** जबकि शुद्ध NPA 0.6% रहा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**147. (C)**

**व्याख्या:**

- **केंद्रीय बजट, 2025-26 की मुख्य विशेषताएँ:**
  - **तुअर, उड़द और मसूर दाल** पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिये छह वर्षीय आत्मनिर्भरता मिशन की घोषणा की गई, जो घरेलू उत्पादन को सुदृढ़ करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इससे आयात पर निर्भरता कम होगी , **घरेलू कीमतें स्थिर होंगी** और **किसानों की आय में सुधार होगा।**
  - संशोधित ब्याज सहायता योजना के तहत **किसान क्रेडिट कार्ड (KCC)** के तहत ऋण सीमा ₹3 लाख से बढ़ाकर **₹5 लाख कर दी गई है। अत: कथन 2 सही है।**
    - **इससे किसानों, मछुआरों** और **डेयरी उत्पादकों** के लिये **वित्तीय समावेशन** बढ़ेगा तथा कृषि आगतों में बेहतर निवेश सुनिश्चित होगा।
  - बेहतर उपज के लिये **वैज्ञानिक कृषि तकनीक** और **तकनीकी हस्तक्षेप को** बढ़ाने के लिये **कपास उत्पादकता के लिये पंचवर्षीय मिशन** शुरू किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
    - कपास की खेती को सुदृढ़ करने से **भारत के वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा** और **वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ेगी।**

**148. (D)**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- **MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति,** बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारत के प्रधानमंत्री** की अध्यक्षता में **आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA)** MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी फसल के लिये **लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।**
- CACP, **22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops)** के लिये **MSP और गन्ने के लिये उचित तथा लाभकारी मूल्य (FRP)** की सिफारिश करता है। **अधिदिष्ट फसलों में खरीफ सीज़न की 14 फसलें,** 6 रबी फसलें और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**149. (A)**

**व्याख्या:**

- GBS एक बहुत ही दुर्लभ **ऑटोइम्यून विकार (Autoimmune Disorder) है जो परिधीय तंत्रिका तंत्र (Peripheral Nervous System)** को प्रभावित करता है। इसमें शुरुआत में मांसपेशियों में **कमज़ोरी, दर्द एवं सुन्नता जैसे लक्षण देखे जाते है, जो 6-12 माह या उससे अधिक समय तक चलने वाले पक्षाघात (Paralysis)** में परिवर्तित हो सकते **हैं। अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यह **सिंड्रोम मांसपेशियों की गति**, दर्द, तापमान और स्पर्श संवेदनाओं के लिये ज़िम्मेदार **तंत्रिकाओं को प्रभावित** करता है। **यह वयस्कों** और पुरुषों में अधिक सामान्य है, GBS सभी उम्र के व्यक्तियों में हो सकता है।
- **GBS का सटीक** कारण अज्ञात है, **लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के अनुसार, **GBS प्रायः संक्रमण से पहले होता है। यह जीवाणु या विषाणु संक्रमण हो सकता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को** शरीर पर ही आक्रमण करने के लिये प्रेरित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**150. (A)**

**व्याख्या:**

- **हिंदी भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची** में सूचीबद्ध 22 **भाषाओं** में से एक है और यह पारंपरिक भाषा नहीं है।
    - संविधान **सभा ने** 14 सितंबर 1949 को **देवनागरी लिपि** में **हिंदी को** भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया। **अत: कथन 1 सही है।**
    - मुंशी-**अयंगर फार्मूला, केएम मुंशी और एन गोपालस्वामी अयंगर के बीच एक समझौता था,** जिसके परिणामस्वरूप संविधान के अनुच्छेद 343 में देवनागरी लिपि में हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया, जबकि पंद्रह वर्षों तक आधिकारिक उद्देश्यों के लिये अंग्रेज़ी को जारी रखने की अनुमति दी गई। **अत: कथन 2 सही है।**
- **हिन्दी से संबंधित अनुच्छेद:**
    - **अनुच्छेद** 210 के अनुसार विधान-मंडल में कार्य राज्य की राजभाषा या राजभाषाओं में या हिंदी में या अंग्रेजी में किया जाएगा।
    - **अनुच्छेद** 351 में कहा गया है कि संघ का यह कर्तव्य होगा संघ का यह कर्त्तव्य होगा कि **वह हिंदी भाषा का प्रसार** बढ़ाए, उसका विकास करे जिससे वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**151. (C)**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020:**

- वर्तमान 10+2 **प्रणाली** को नए **5+3+3+4** पाठ्यक्रम संरचना द्वारा प्रतिस्थापित किया गया, जो क्रमश: **3-8, 8-11, 11-14,** तथा **14-18** वर्ष की आयु के बच्चों के लिये है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इससे **3-6 वर्ष** की आयु वर्ग के बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम के अंतर्गत लाया जाएगा, जिसे विश्व स्तर पर बच्चों की मानसिक क्षमताओं के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण चरण माना गया है।
- इसने योग्यता-आधारित और समग्र मूल्यांकन के लिये PARAKH (**समग्र विकास के लिये प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण**) की शुरुआत की। **अत: कथन 2 सही है।**

**152. (D)**

**व्याख्या:**

- **ई.वी. रामास्वामी नायकर,** जिन्हें लोकप्रिय रूप से **थानथाई पेरियार** के नाम से जाना जाता है, ने अप्रैल 1924 में भारत में **'अश्पृश्य' समुदायों** के अधिकारों के लिये पहले संगठित आंदोलन के रूप में पहचाने जाने वाले **वायकोम सत्याग्रह** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
    - **पेरियार की सक्रियता** के कारण उन्हें आंदोलन में भाग लेने के लिये **दो बार जेल** जाना पड़ा , जिससे उन्हें '**वायकम वीरन**' की उपाधि मिली।
- **वायकोम सत्याग्रह, 30 मार्च** 1924 से 23 **नवंबर** 1925 तक **वैकोम, केरल** में आयोजित एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व दूरदर्शी नेताओं **टी.के. माधवन, के.पी. केशव मेनन** और **के. केलप्पन** ने किया था।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**153. (A)**

**व्याख्या:**

- G-7 विश्व की **सबसे विकसित** और **उन्नत अर्थव्यवस्थाओं** का समूह है। अर्थात **फ्राँस, जर्मनी, इटली,** यूनाइटेड **किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका** और **कनाडा।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

- G-7 के सदस्यों ने 50वें G-7 शिखर सम्मेलन में G-7 PGII (वैश्विक अवसंरचना और निवेश हेतु साझेदारी) पहल को बढ़ावा देने का फैसला किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना पर नई दिल्ली** में G20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षर किये गए, जो भारत के लिये महत्त्वपूर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक निहितार्थ रखता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **G-7 देश IMEC** को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध हैं।
- अपने 50 वें शिखर सम्मेलन के दौरान G-7 ने **मध्य अफ्रीका** में **लोबिटो कॉरिडोर** और **लुज़ोन कॉरिडोर** और मिडिल कॉरिडोर के लिये समर्थन दिया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**154. (B)**

**व्याख्या:**

- **कोठारी आयोग (वर्ष 1964-66)** ने राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिये राज्यों में एक समान शैक्षिक ढाँचे के महत्त्व पर ज़ोर दिया। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **राष्ट्रीय ज्ञान आयोग का गठन वर्ष 2005** में ज्ञान-संबंधी संस्थानों और अवसंरचना में सुधार हेतु एक रूपरेखा तैयार करने हेतु किया गया था, ताकि भारत भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सके। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- राधाकृष्णन आयोग, **जिसे विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग** के नाम से भी जाना जाता है, को भारत में विश्वविद्यालय शिक्षा की स्थिति की जाँच करने के लिये वर्ष 1948 में नियुक्त किया गया था। आयोग की अध्यक्षता डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने की थी, जो बाद में भारत के दूसरे राष्ट्रपति बने। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **वर्ष 1990** में भारत सरकार ने **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 की समीक्षा के लिये** आचार्य राममूर्ति की अध्यक्षता में एक समिति की नियुक्ति की घोषणा की। **अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अत: विकल्प (B) सही है।**

**155. (C)**

**व्याख्या:**

- एथिलीन ग्लाइकॉल और डाइएथिलीन ग्लाइकॉल विषैले अल्कोहल हैं, जिनका स्वाद थोड़ा मीठा होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **डायएथिलीन ग्लाइकॉल** और **एथिलीन ग्लाइकॉल मिलावटी पदार्थ** हैं, जिन्हें कभी-कभी तरल औषधियों में विलायक के रूप में अवैध रूप से उपयोग किया जाता है। इन्हें **गैर-विषाक्त विलायकों** जैसे **ग्लिसरीन** या **प्रोपाइलीन ग्लाइकोल** के सस्ते विकल्प के रूप में लागत कम करने के लिये मिलाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एथिलीन ग्लाइकोल का उपयोग एंटीफ्रीज़ के अलावा **हाइड्रोलिक लिक्विड, प्रिंटिंग स्याही और पेंट सॉल्वैंट्स में** किया जाता है, जबकि **डाइएथिलीन ग्लाइकोल का उपयोग** व्यावसायिक रूप से **एंटीफ्रीज़, ब्रेक फ्लूड, सिगरेट और कुछ रंगों** के निर्माण में किया जाता है।

**156. (A)**

**व्याख्या:**

- **भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची:**
  - इसमें भारत गणराज्य की **आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 1 सही है।**
  - **22 आधिकारिक भाषाएँ:** असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
- **शास्त्रीय भाषाएँ:**
  - **परिचय: वर्ष 2004** में भारत सरकार ने **शास्त्रीय भाषा श्रेणी की शुरुआत की** और इस स्थिति के लिये भाषाओं का मूल्यांकन करने हेतु **साहित्य अकादमी** के अधीन **भाषा विशेषज्ञ समिति (LEC) का गठन किया।**
    - शास्त्रीय भाषाएँ भारत की समृद्ध और **प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करती हैं** तथा विभिन्न समुदायों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- वर्तमान में भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची में छह भाषाएँ हैं, जिन्हें **भारत में 'शास्त्रीय' भाषा का दर्ज़ा प्राप्त है**। तमिल (वर्ष 2004), संस्कृत (वर्ष 2005), कन्नड़ (वर्ष 2008), तेलुगु (वर्ष 2008), मलयालम (वर्ष 2013), और उडिया (वर्ष 2014)। **अतः कथन 2 सही है।**
- सभी **शास्त्रीय भाषाएँ संविधान की आठवीं अनुसूची** में सूचीबद्ध नहीं हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाएँ **तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, संस्कृत, ओडिया, मराठी, बंगाली, असमिया, पाली और प्राकृत हैं। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

◆ शास्त्रीय भाषाओं को वर्गीकृत करने के मानदंड को LEC द्वारा वर्ष 2024 में संशोधित किया गया था। इसके द्वारा मौजूदा छह शास्त्रीय भाषाओं की सूची में पाँच और भाषाओं को भी जोड़ा गया।

- ये **11 शास्त्रीय भाषाएँ तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, संस्कृत, ओडिया, मराठी, बंगाली, असमिया, पाली और प्राकृत** हैं। इन भाषाओं में से, **पाली और प्राकृत केवल दो शास्त्रीय भाषाएँ हैं, जो 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध नहीं हैं** (केवल 9 शास्त्रीय भाषाएँ 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं)। **अतः कथन 2 और कथन 3 दोनों सही नहीं हैं।**

**157. (C)**

**व्याख्या:**

- **मखाना** बिहार का एक महत्त्वपूर्ण कृषि उत्पाद है, जो विश्व के उत्पादन का **85% भाग है। अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **इससे मखानों के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन** और विपणन को बढ़ावा मिलेगा।
- **मिथिला मखाना को वर्ष** 2022 में **भौगोलिक संकेतक (GI) टैग** प्राप्त हुआ। **अतः कथन 3 सही है।**

◆ **वस्तुओं का 'वस्तुओं का भौगोलिक सूचक' (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 का** उद्देश्य भारत में वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतकों के पंजीकरण एवं बेहतर संरक्षण का प्रावधान करना है।

**158. (D)**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय बजट:**

- **वित्त मंत्री** द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय **बजट 2025-26,** आर्थिक विकास के लिये एक रणनीतिक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।
- यह विकासशील भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये **कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME),** निवेश, निर्यात, कराधान और सामाजिक विकास पर केंद्रित है।
- **MSME क्रेडिट गारंटी योजना** का विस्तार किया गया है, जिसके तहत **पाँच वर्षों में ₹1.5 लाख करोड़** की अतिरिक्त ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अटल टिंकरिंग लैब्स (ATLs) आगामी पाँच वर्षों में सरकारी स्कूलों** में स्थापित की जाएँगी, जिससे **STEM शिक्षा और नवाचार** को बढ़ावा मिलेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**159. (D)**

**व्याख्या:**

- **'राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)'** पहल का उद्देश्य विशिष्ट लक्ष्य-उन्मुख विभागों के माध्यम से एक सशक्त और वित्तीय रूप से समावेशी ग्रामीण भारत का निर्माण करना है, जिन्हें आमतौर पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है: **वित्तीय, विकासात्मक** और **पर्यवेक्षण**।

◆ यह इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में बैंकिंग उद्योग को मार्गदर्शन और प्रेरित करने के लिये ज़िला-स्तरीय ऋण योजनाएँ तैयार करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) की निगरानी करता है, उन्हें अच्छी बैंकिंग प्रथाओं को विकसित करने और उन्हें **(कोर बैंकिंग समाधान) CBS प्लेटफॉर्म में एकीकृत करने में मदद करता है। अतः कथन 2 सही है।**
- **कोर बैंकिंग समाधान (CBS)** शाखाओं का एक नेटवर्क है, जो ग्राहकों को अपने खाते संचालित करने और CBS नेटवर्क पर

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

बैंक की किसी भी शाखा से बैंकिंग सेवाएँ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है, भले ही उनका खाता कहीं भी हो।

- **नाबार्ड की "क्लाइमेट स्ट्रैटेजी 2030" दस्तावेज़** भारत की हरित वित्तीय आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिये लक्षित है। **अत: कथन 3 सही है।**

**160. (A)**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO):**

- CDSCO **चिकित्सा उपकरण उद्योग** के लिये भारत का **राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण (NRA) है,** जो औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के प्रावधानों द्वारा शासित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- औषधि **एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940** तथा **औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में** औषधियों एवं प्रसाधन सामग्री के विनियमन हेतु केंद्रीय एवं राज्य नियामकों को विभिन्न ज़िम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।
    - यह **औषधियों और प्रसाधनों** को विनियमित करने के लिये **अधिनियम और उसके नियमों** के समान रूप से कार्यान्वयन का लक्ष्य रखता है, जिससे **रोगियों की सुरक्षा, अधिकार और कल्याण** सुनिश्चित किया जा सके।
    - CDSCO **राज्य नियामकों (राज्य औषधि नियंत्रण संगठनों)** के साथ मिलकर रक्त और रक्त उत्पादों, आईवी फ्लूइड्स, टीकों और सेरा सहित विशिष्ट महत्त्वपूर्ण औषधियों के लाइसेंस प्रदान करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**161. (A)**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012:**

- यह अधिनियम **18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चे के रूप में** परिभाषित करता है। अधिनियम **अपराध की गंभीरता के अनुसार सज़ा** का प्रावधान करता है।
    - POCSO अधिनियम **14 नवंबर, 2012** को लागू हुआ, जो वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- अधिनियम के अनुसार, लड़के और लड़कियाँ दोनों यौन शोषण के शिकार हो सकते हैं और पीड़ित के लिंग की परवाह किये बिना ऐसा दुर्व्यवहार एक अपराध है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अधिनियम के अनुसार बाल पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखी जानी चाहिये। मीडिया रिपोर्टों में बाल पीड़ितों का कोई विवरण नहीं दिया जा सकता।
- POCSO में यौन उत्पीड़न के लिये न्यूनतम सज़ा **10 वर्ष** है, तथा अगर पीड़ित की उम्र 16 वर्ष से कम है तो यह **20 वर्ष** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**162. (B)**

**व्याख्या:**

- **बेलारूस** एक स्थल-रुद्ध देश है जिसकी सीमा उत्तर-पश्चिम में **लिथुआनिया और लाटविया,** उत्तर और पूर्व में **रूस,** दक्षिण में **यूक्रेन और पश्चिम में पोलैंड** से लगती है। **क्षेत्रफल के हिसाब से यह अपने दक्षिणी पड़ोसी यूक्रेन** के आकार का लगभग एक-तिहाई है।
- **एस्टोनिया** की सीमा बेलारूस से नहीं लगती।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**163. (D)**

**व्याख्या:**

**सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC):**

- **MPC कीन्सियन समष्टि अर्थशास्त्र सिद्धांत** का एक प्रमुख तत्त्व है, जहाँ अतिरिक्त व्यय उत्पादन वृद्धि को बढ़ाता है, तथा एक चक्र को बढ़ावा देता है जिसे कीन्सियन गुणक के रूप में जाना जाता है।
- MPC का सुझाव है कि व्यक्ति की **आय में अतिरिक्त वृद्धि** के साथ अधिक उपभोग करने की प्रवृत्ति होती है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **MPC गुणक प्रभाव** का एक प्रमुख निर्धारक है जो निवेश या सरकारी व्यय में वृद्धि का प्रभाव है जिसके परिणामस्वरूप **GDP में वृद्धि** होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**164. ( B )**

**व्याख्या:**

- **अरलम फार्म और वन्यजीव अभयारण्य 55 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत** एक सदापर्णी और पर्णपाती वन क्षेत्र है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **पश्चिमी घाट की ढाल** पर स्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- **अरलम अभयारण्य** में वनस्पतिजात और प्राणिजात की एक विस्तृत श्रृंखला पाई जाती है और यह केरल के **कन्नूर ज़िले का एकमात्र वन्यजीव अभयारण्य** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**165. ( C )**

**व्याख्या:**

- भारत और EFTA ने व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) से सर्वाधिक संवेदनशील कृषि उत्पादों तथा सोने के आयात को बाहर रखने पर सहमति व्यक्त की। **अत: कथन 1 सही है।**
- TEPA में **14 अध्याय** हैं जिनमें **मुख्य रूप से वस्तुओं** से संबंधित बाजार पहुँच, उत्पत्ति के नियम, व्यापार सुविधा, व्यापार उपाय, सैनिटरी एवं फाइटोसैनिटरी उपाय, व्यापार में तकनीकी बाधाएँ, निवेश प्रोत्साहन, सेवाओं से संबंधित बाज़ार पहुँच, बौद्धिक संपदा अधिकार, व्यापार एवं सतत् विकास तथा अन्य विधिक प्रावधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन एवं चीन के बाद भारत, **EFTA का 5वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है। **अत: कथन 2 सही है।**

**166. ( C )**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने **अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ मामले, 2020** में दोहराया कि **इंटरनेट शटडाउन** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकारों का उल्लंघन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- न्यायालय ने यह भी माना कि इंटरनेट के माध्यम से व्यापार एवं वाणिज्य की स्वतंत्रता संवैधानिक रूप से अनुच्छेद 19 द्वारा संरक्षित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है। अत: विकल्प C सही है।**

**167. ( C )**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ( PMMVY ):**

- **परिचय:**
  - **भारत सरकार** द्वारा **वर्ष 2017** में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) शुरू की गई थी।
  - **PMMVY योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ( NFSA ), 2013** की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार कार्यान्वित किया जा रहा है, जो गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को माँ और बच्चे के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है तथा साथ ही मज़दूरी की हानि, यदि कोई हो, के लिये मुआवजा भी प्रदान करता है।
- **उद्देश्य:**
  - **मज़दूरी की हानि की आंशिक क्षतिपूर्ति के लिये नकद प्रोत्साहन** प्रदान करना ताकि महिला पहले बच्चे के जन्म से पहले और बाद में पर्याप्त आराम कर सके;
  - **गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं** के बीच स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार करना।
  - दूसरे बच्चे (यदि वह लड़की हो) के लिये अतिरिक्त नकद प्रोत्साहन प्रदान करके बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना।
- **विशेषताएँ:**
  - यह लाभ महिला को **पहले दो बच्चों** के लिये उपलब्ध है, पहले बच्चे के मामले में **दो किस्तों में ₹5000 की राशि**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

और दूसरे बच्चे के लिये, जन्म के बाद एक किस्त में ₹6000 का लाभ प्रदान किया जाएगा, बशर्ते कि दूसरा बच्चा लड़की हो। **अतः कथन 1 सही है।**

- हालाँकि, दूसरे बच्चे के लिये लाभ प्राप्त करने हेतु **गर्भावस्था के दौरान पंजीकरण** अनिवार्य होगा।
  - इससे **जन्म के समय लिंग अनुपात में सुधार होगा** तथा कन्या भ्रूण हत्या को रोकने में मदद मिलेगी।

- **लाभार्थी:**
  - केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में नियमित रोज़गार में लगी सभी गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ या जो किसी भी कानून के तहत समान लाभ प्राप्त कर रही हैं, वे PMMVY के तहत लाभ पाने की हकदार नहीं होंगी। **अतः कथन 2 सही है।**

**168. (A)**

**व्याख्या:**

**इथेनॉल सम्मिश्रण:**

- **इथेनॉल सम्मिश्रण: इथेनॉल**, एक जैव ईंधन जो पौधों पर आधारित स्रोतों से प्राप्त होता है, को पेट्रोल के साथ **मिलाकर एक अधिक सतत् और स्वच्छ ईंधन** बनाने की प्रक्रिया को इथेनॉल कहा जाता है।
  - इससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता और कार्बन उत्सर्जन कम होता है, तथा ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है।
  - भारत में इथेनॉल का **उत्पादन मुख्यतः** गन्ना, गुड़, मक्का, चावल और अन्य बायोमास स्रोतों से किया जाता है।
  - भारत सरकार ने परिवहन ईंधन में इथेनॉल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये वर्ष **2003 में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP)** कार्यक्रम शुरू किया था।
- **वर्तमान स्थिति और भविष्य का रोडमैप:** वर्ष 2022 तक 10% मिश्रण का प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित समय से पहले ही प्राप्त कर लिया गया, जिससे **2025 तक 20% इथेनॉल मिश्रण (E20) का महत्वाकांक्षी** लक्ष्य प्राप्त हो गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - पूर्व केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, **आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब में** देश में सबसे अधिक इथेनॉल संयंत्र हैं, जो वर्ष 2022 में 947 करोड़ लीटर की कुल उत्पादन क्षमता में पर्याप्त हिस्से का योगदान देंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
    - हालाँकि, सभी इथेनॉल उत्पादन संयंत्र और डिस्टिलरी **'लाल श्रेणी' में आते हैं**, जिसका अर्थ है कि केंद्र सरकार के मानदंडों के अनुसार उनका प्रदूषण स्कोर 60 या उससे अधिक है। **अतः कथन 3 सही है।**

**169. (C)**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC):**

- **परिचय:**
  - IPCC जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था है।
  - इसे वर्ष 1988 में **विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)** और **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)** द्वारा स्थापित किया गया था ताकि नीति निर्माताओं को जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक आधार, इसके प्रभावों और भविष्य के जोखिमों और अनुकूलन और शमन के विकल्पों का नियमित आकलन प्रदान किया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
  - IPCC के आकलन सभी स्तरों पर सरकारों को UNFCCC) में वार्ता का आधार बनते हैं।
- **IPCC मूल्यांकन रिपोर्ट:**
  - वर्ष 1988 से लेकर अब तक IPCC ने छह मूल्यांकन चक्र चलाए हैं और **छह मूल्यांकन रिपोर्टें** पेश की हैं, जो विश्व

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

भर में जलवायु परिवर्तन के बारे में सबसे व्यापक वैज्ञानिक रिपोर्ट हैं। वे हैं:

- प्रथम मूल्यांकन रिपोर्ट (FAR) (वर्ष 1990)
- दूसरी मूल्यांकन रिपोर्ट (SAR) (वर्ष 1995)
- तीसरी मूल्यांकन रिपोर्ट (TAR) (वर्ष 2001)
- चौथी मूल्यांकन रिपोर्ट (AR4) (वर्ष 2007)
- पाँचवीं मूल्यांकन रिपोर्ट (AR5) (वर्ष 2014)
- छठी मूल्यांकन रिपोर्ट (AR6) (वर्ष 2023)
- IPCC वर्तमान में अपने **सातवें मूल्यांकन चक्र** में है जो औपचारिक रूप से जुलाई 2023 में शुरू हुआ।

- **अत: कथन 2 सही है।**

**170. (B)**

**व्याख्या:**

- **समृद्ध जीवन के लिये उन्नत परमाणु ऊर्जा (ANEEL):**
  - **परिचय:** ANEEL एक पेटेंट प्राप्त परमाणु ईंधन है जो थोरियम और उच्च परख निम्न समृद्ध यूरेनियम (HALEU) का मिश्रण है।
    - इस ईंधन का नाम भारत के अग्रणी परमाणु वैज्ञानिकों में से एक डॉ. अनिल काकोडकर के सम्मान में रखा गया है।
    - HALEU 5% से 20% के बीच संवर्द्धित यूरेनियम है, जो कई उन्नत परमाणु रिएक्टर डिज़ाइनों के लिये आवश्यक है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में इसका उत्पादन केवल रूस और चीन में ही बड़े पैमाने पर किया जाता है, जबकि अमेरिका में इसका उत्पादन सीमित है। **अत: कथन 2 सही है**
  - **PHWR के साथ संगतता:** ANEEL ईंधन का उपयोग मौजूदा PHWR में किया जा सकता है, जो भारत के परमाणु ऊर्जा का आधार हैं।
    - वर्तमान में भारत में 22 रिएक्टर कार्यरत हैं, जिनकी स्थापित क्षमता 6780 मेगावाट है। इनमें से 18 रिएक्टर PHWR और 4 लाइट वाटर रिएक्टर (LWR) हैं।
    - भारत 10 और PHWR का निर्माण कर रहा है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 700 मेगावाट होगी।

**171. (A)**

**व्याख्या:**

- मई 2016 में **RBI अधिनियम में संशोधन** किया गया था ताकि देश की मौद्रिक नीतिगत ढाँचे को संचालित करने के लिये **केंद्रीय बैंक को विधायी अधिदेश** प्रदान किया जा सके।
- **संशोधित RBI अधिनियम, 1934** की धारा 45ZB के तहत केंद्र सरकार को मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक नीतिगत ब्याज दर निर्धारित करने के उद्देश्य से छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन करने का अधिकार है।
  - इस प्रकार की पहली MPC 29 सितंबर, 2016 को गठित की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- धारा 45ZB के अनुसार **"मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीति दर निर्धारित करेगी"**, और "MPC का निर्णय बैंक पर बाध्यकारी होगा"। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- धारा 45ZB के अनुसार, **MPC में** RBI गवर्नर इसके पदेन अध्यक्ष होंगे, मौद्रिक नीति के प्रभारी डिप्टी गवर्नर, केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित बैंक का एक अधिकारी और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन व्यक्ति होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **MPC के** प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है तथा वोट बराबर होने की स्थिति में गवर्नर के पास दूसरा अथवा निर्णायक वोट होता है।
- MPC **बेंचमार्क ब्याज दर या आधार या संदर्भ दर** निर्धारित करती है जिसका उपयोग भारत में अन्य ब्याज दरें निर्धारित करने के लिये किया जाता है। RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए **मूल्य स्थिरता** बनाए रखना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

## मौद्रिक नीति समिति
## Monetary Policy Committee

**मौद्रिक नीति समिति**

- **प्राधिकरण:**
  - भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, **1934** के तहत मौद्रिक नीति के निर्माण हेतु अधिकृत है।
- **उद्देश्य:**
  - मूल्य स्थिरता और स्थिर विदेशी मुद्रा मूल्यों को सुनिश्चित करने के लिये मुद्रास्फीति या ब्याज दरों को समायोजित करना।

**मौद्रिक नीति समिति (MPC)**

- **कानूनी ढाँचा:**
  - संशोधित आरबीआई अधिनियम, **1934** की धारा **45ZB** के तहत।
    - केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति **(MPC)** का गठन करने का अधिकार है।
  - **MPC** को वर्ष में कम-से-कम चार बार बैठक करनी होती है। **MPC** के प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है, और वोटों की समानता की स्थिति में गवर्नर के पास दूसरा या निर्णायक वोट होता है।

**संघटन**

- आरबीआई गवर्नर इसके पदेन अध्यक्ष के रूप में।
- मौद्रिक नीति के प्रभारी उप गवर्नर।
- केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित किया जाने वाला बैंक का एक अधिकारी।
- केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किये जाने वाले तीन व्यक्ति।

**कार्य**

- मौद्रिक नीति समिति रेपो दर निर्धारित करती है।
    - यह वह दर है, जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को प्रतिभूतियाँ खरीदकर उधार देता है।
    - यह अर्थव्यवस्था में अन्य सभी ब्याज दरों के लिये एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करती है।
  - हर छह महीने में एक बार **RBI** को मुद्रास्फीति के स्रोतों और **6-18** महीनों की अवधि के लिये मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान की व्याख्या करने हेतु **'मौद्रिक नीति रिपोर्ट'** नामक एक दस्तावेज प्रकाशित करने की आवश्यकता होती है।

**172. ( B )**

**व्याख्या:**

- **थोरियम:**
  - **परिचय:** थोरियम चांदी जैसा, एक रेडियोधर्मी धातु है। यह आमतौर पर आग्नेय चट्टानों और हैवी मिनरल सैंड में पाया जाता है।
  - **प्रचुरता:** पृथ्वी की सतह पर थोरियम, यूरेनियम की तुलना में **तीन गुना अधिक** प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, थोरियम की औसत सांद्रता **10.5 भाग प्रति मिलियन ( PPM )** है, जबकि यूरेनियम की लगभग 3 PPM है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **समस्थानिक:** थोरियम का एकमात्र प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला समस्थानिक **थोरियम-232** है, जो फ़िज़नेबल (विखंडन हो सकता है) परंतु फिज़ाइल नहीं है (बाह्य न्यूट्रॉन के बिना श्रृंखला अभिक्रिया को जारी नहीं रख सकता)।
  - थोरियम-232 को विखंडन के लिये उच्च ऊर्जा वाले न्यूट्रॉन की आवश्यकता होती है।
- **भारत में थोरियम के निक्षेप:** परमाणु ईंधन संसाधनों की उपलब्धता की दृष्टि से भारत की विश्व में एक अद्वितीय स्थिति है। यहाँ यूरेनियम के सीमित संसाधन लेकिन प्रचुर मात्रा में थोरियम के भंडार हैं।
  - **केरल और उड़ीसा** के समुद्रतटीय बालू में मोनाज़ाइट का प्रचुर भंडार है, जिसमें लगभग 8-10% थोरियम होता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**173. (A)**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (PACS):**
  - PACS ग्राम स्तर की सहकारी ऋण समितियाँ हैं जो राज्य स्तर पर राज्य सहकारी बैंकों (State Cooperative Banks- SCB) की अध्यक्षता वाली **त्रि-स्तरीय सहकारी ऋण संरचना में अंतिम कड़ी के रूप में कार्य** करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
    - **प्रथम PACS का गठन वर्ष** 1904 में हुआ था।
  - SCB से क्रेडिट का हस्तांतरण ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंकों (District Central Cooperative Banks- DCCB) को किया जाता है, जो **ज़िला स्तर पर कार्य करती** हैं। ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक, PACS के साथ कार्य करती है साथ ही ये सीधे किसानों से जुड़ी होती है।
  - PACS द्वारा विभिन्न कृषि गतिविधियों हेतु किसानों को **अल्पकालिक एवं मध्यम अवधि के कृषि ऋण** प्रदान किये जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**174. (C)**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश क्या है?**

- **परिचय:** जब एक देश की कोई फर्म या व्यक्ति किसी अन्य देश के व्यवसाय में निवेश करता है या किसी व्यवसाय में नियंत्रणकारी हिस्सेदारी प्राप्त करता है, तो इसे **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** कहा जाता है।
- **FDI के प्रकार:**
  - **ग्रीनफील्ड निवेश:** बहुत अधिक नियंत्रण और निजीकरण के साथ नई कंपनी की शुरूआत करना।
  - **ब्राउनफील्ड निवेश:** मौजूदा सुविधाओं का उपयोग करके विलय, अधिग्रहण या संयुक्त उद्यम के माध्यम से विस्तार करना।
  - संगठन द्वारा पहले से मौजूद संरचनाओं के उपयोग के कारण, **ग्रीनफील्ड परियोजनाओं** की तरह नियंत्रण उतना अधिक नहीं हो सकता है फिर भी इसका परिचालन पर प्रमुख प्रभाव डालता है।

**भारत में FDI:**

- **विनियमन:** भारत में FDI **विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999** द्वारा शासित होती है और **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के तहत **उद्योग संवर्द्धन तथा आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT)** द्वारा प्रशासित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **FDI की अनुमति:** विभिन्न क्षेत्रों में FDI की अनुमति या तो स्वचालित मार्ग से या सरकारी मार्ग से प्रदान की जाती है।
- स्वचालित मार्ग के अंतर्गत, अनिवासी या भारतीय कंपनी को **भारत सरकार** से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है।
  - जबकि, सरकारी मार्ग के तहत **निवेश से पहले भारत सरकार से अनुमोदन आवश्यक** है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- सरकारी मार्ग के अंतर्गत **विदेशी निवेश के प्रस्तावों पर संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग** द्वारा विचार किया जाता है।
- **स्वचालित एवं सरकारी मार्गों के अंतर्गत 100% तक FDI की अनुमति है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:**
  - वायु परिवहन सेवा
  - बैंकिंग (निजी क्षेत्र)
  - जैव प्रौद्योगिकी
  - रक्षा
  - स्वास्थ्य देखभाल
- **अत: कथन 2 सही है।**

**175. (A)**

**व्याख्या:**

- **73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992** से **पंचायती राज संस्थाओं (PRI)** को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ और एक **समान संरचना** (त्रिस्तरीय PRI) की व्यवस्था स्थापित हुई। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पंचायतें तीन स्तरों पर कार्य करती हैं: **ग्राम सभा** (गाँव या छोटे गाँवों का समूह), **पंचायत समिति** (ब्लॉक परिषद) और **ज़िला परिषद** (ज़िला)।
- **1977 में अशोक मेहता समिति** ने ज़िला **परिषद** और मंडल पंचायत से युक्त **दो स्तरीय पंचायत राज संस्थागत संरचना** की सिफारिश की थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 243H** के तहत राज्य विधानसभाओं द्वारा पंचायतों को **कर, शुल्क, टोल और फीस** की लेवी, संग्रहण और विनियोजन करने के लिये अधिकृत करने की शक्ति प्रदान की गई है।
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 243G** के तहत राज्य विधानसभाओं द्वारा पंचायतों को **स्वशासी संस्थाओं** के रूप में कार्य करने का अधिकार और शक्ति प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**176. (A)**

**व्याख्या:**

- **परिसीमन** का तात्पर्य **लोकसभा और विधानसभाओं** के लिये प्रत्येक राज्य में **सीटों की संख्या** और **प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित** करने की प्रक्रिया से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आयोग की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति** द्वारा की जाती है और यह भारत के निर्वाचन आयोग के सहयोग से कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **87वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003** में निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन **1991 की जनगणना** के आधार पर न करके **2001 की जनगणना** के आधार पर करने का प्रावधान किया गया।
- **84वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2001** के तहत सरकार द्वारा 1991 की जनगणना के जनसंख्या आँकड़ों के आधार पर राज्यों में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्समायोजन और युक्तिकरण का अधिकार प्रदान किया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**177. (A)**

**व्याख्या:**

- **विदेशी छात्रों** को **छात्रवृत्ति** और **शुल्क छूट योजनाओं** की पेशकश कर आकर्षित करने के लिये वर्ष 2018 में स्टडी इन इंडिया (SII) योजना शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वैश्विक शिक्षा क्षेत्र में भारत की भूमिका** को बढ़ाने के लिये भारतीय विश्वविद्यालयों को **अपतटीय परिसर** स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **समग्र शिक्षा अभियान (SSA) योजना** का मूल उद्देश्य दो T यानी **शिक्षक और प्रौद्योगिकी** पर ध्यान केंद्रित कर स्कूली

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह प्रावधान स्टडी इन इंडिया योजना का हिस्सा नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

- नवीनतम **अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) 2021-22 के अनुसार**, भारत में नामांकित **विदेशी छात्रों** की कुल संख्या **46,878 है।**

**178. (C)**

**व्याख्या:**

- कुंभ मेला **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)** की मानवता की **अमूर्त सांस्कृतिक विरासत** की प्रतिनिधि सूची के अंतर्गत आता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह पृथ्वी पर तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण समागम है, जिसके दौरान प्रतिभागी पवित्र नदी में स्नान या डुबकी लगाते हैं।
- यह **गोदावरी (नासिक), शिप्रा (उज्जैन), गंगा (हरिद्वार) तथा गंगा, यमुना और सरस्वती (प्रयागराज)** के संगम तट पर आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चूँकि यह भारत के चार अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है, इसमें विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल होती हैं, जिससे यह सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण त्योहार बन जाता है।

**179. (D)**

**व्याख्या:**

- संविधान की **नौवीं अनुसूची** में केंद्रीय और राज्य कानूनों की एक सूची शामिल है जिन्हें न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पहले संशोधन में अनुसूची में 13 कानून जोड़े गए। वर्षों में बाद के संशोधनों के कारण वर्तमान में कानूनों की संख्या 284 हो गई है।
- यह अनुसूची **संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951** द्वारा संविधान में जोड़ी गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- नौवीं अनुसूची के अधिकांश **कानून कृषि और भूमि मुद्दों पर ध्यान केंद्रित** करते हैं, लेकिन कुछ अन्य विषयों को भी कवर करते हैं।
- **अनुच्छेद 31 B, अनुच्छेद 31 A** के साथ, **कृषि सुधार कानूनों की रक्षा और जमींदारी प्रथा को समाप्त करने के लिये प्रस्तुत** किया गया था। **अतः, कथन 3 सही है।**

**180. (A)**

**व्याख्या:**

- **संघवाद** सरकार की एक प्रणाली है जिसमें शक्तियों को सरकार के दो या अधिक स्तरों, जैसे केंद्र और राज्यों के बीच विभाजित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **शक्तियों का विभाजन, लिखित संविधान, संविधान की सर्वोच्चता, स्वतंत्र न्यायपालिका, दोहरी शासन प्रणाली, कठोर संविधान** भारतीय संविधान की संघीय विशेषताएँ हैं।
- भारत में, सभी नागरिकों को, चाहे वे किसी भी राज्य में जन्मे हों या निवास करते हों, पूरे देश में नागरिकता के समान राजनीतिक और नागरिक अधिकार प्राप्त हैं और उनके बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाता है।
- भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त **एकल नागरिकता, भारत की राजनीतिक व्यवस्था की एकात्मक** विशेषता को दर्शाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**181. (B)**

**व्याख्या:**

- **जनगणना** किसी देश या देश के एक सुपरिभाषित हिस्से के सभी व्यक्तियों से संबंधित **जनसांख्यिकीय, आर्थिक और सामाजिक आँकड़ों को एक विशिष्ट समय पर एकत्रित करने, संकलित करने, विश्लेषण करने और प्रसारित करने** हेतु की गई संपूर्ण प्रक्रिया है।
- **भारत में संविधान द्वारा जनगणना अनिवार्य है,** लेकिन इसे **प्रति दस वर्षों में आयोजित करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं** है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **भारत की जनगणना अधिनियम 1948, जनगणना के लिये कानूनी ढाँचा** प्रदान करता है; हालाँकि, इसमें **इसके समय या आवधिकता का उल्लेख नहीं** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कई देशों (जैसे अमेरिका एवं यूके) में जनगणना 10 वर्षों में की जाती है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान जैसे कुछ देश इसे प्रति पाँच वर्षों में आयोजित की जाती हैं।
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है। अतः विकल्प B सही है।**

**182. (C)**

**व्याख्या:**

- **केरोजेन, कार्बनिक पदार्थ** के ढेर हैं और वे चट्टानी भूमिगत में **हाइड्रोकार्बन का प्राथमिक स्रोत** हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- तलछट में व्याप्त ऑर्गेनिक कार्बन का लगभग **90% हिस्सा केरोजेन** का होता है।
- केरोजेन तीन संभावित स्रोतों से एकत्रित हो सकता है - **झील के अवशेष (लेकस्ट्राइन), समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र अथवा स्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्र। अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें **हल्के और भारी दोनों प्रकार के हाइड्रोकार्बन** होते हैं और यह तेल और प्राकृतिक गैस निर्माण में अग्रदूत के रूप में कार्य करता है।
- केरोजेन, **उच्च तापमान पर पायरोलिसिस** की प्रक्रिया से गुजरता है, जो **बिटुमेन, तेल और गैस जैसे कम आणविक भार वाले उत्पादों में विघटित** हो जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट: